# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 23 अगस्त, 2026 | वर्ष -01 | अंक-185 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## NTPC के रिटायर्ड इंजीनियर के बेटे की मिली लाश

### मां ने रोजरी और हाफ पैंट से पहचाना, स्कूटी-मोबाइल गायब

**पटना (एनएसबी)।** शास्त्री नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जय प्रकाश नगर स्थित एजी कॉलोनी में शनिवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली है। युवक की पहचान 31 वर्षीय फ्रांसिस जॉर्ज माइकल के रूप में हुई है। वह 22 दिनों से लापता था। मृत युवक मूल रूप से बेतिया का रहने वाला था। उसके पिता जॉर्ज विंसेट माइकल एनटीपीसी के रिटायर्ड इंजीनियर हैं।

परिजनों के मुताबिक, फ्रांसिस 1 अगस्त को मोबाइल में सिम लगवाने के लिए मार्केट जाने की बात कहकर स्कूटी से घर से निकला था। उसके पास करीब 500 रुपए और मोबाइल फोन था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद परिजनों ने



राजीव नगर थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। आज एजी कॉलोनी में युवक की लाश मिलने के बाद शास्त्री नगर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। मां ने गले में पहनी रोजरी और हाफ पैंट से शव की पहचान की। मृतक के परिजन अग्निस जॉर्ज माइकल ने बताया कि फ्रांसिस 1 अगस्त को बिल्कुल सामान्य तरीके से घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चला। परिजन लूटपाट के बाद उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। फ्रांसिस के पिता जॉर्ज विंसेट माइकल की तबीयत खराब है। वह फिलहाल मुंबई में अपनी बेटी के यहां थे। बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद वह पटना लौट रहे हैं। पुलिस ने मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया। वहीं जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आईजीआईएमएस भेज दिया। शास्त्रीनगर के थानेदार रविंद्र कुमार और मृतक के परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर मौजूद रहे। फिलहाल, पुलिस युवक की मौत को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के आधार पर मौत की वजह पता लगाने में जुटी है।

**1 अगस्त से था लापता पुलिस जांच में जुटी**

## एनआईए ने छपरा के परसा में मुख्य पार्षद के घर मारा छापा

### मुख्य पार्षद के बेटे मोहम्मद करमुल्लाह अंसारी को लिया हिरासत में

**छपरा (सारण) (एनएसबी)।** सारण जिले के परसा नगर पंचायत में शनिवार को उस समय हलचल मच गई, जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की टीम ने मुख्य पार्षद आयशा खातून के चेतन परसा स्थित आवासीय परिसर में छापेमारी की। दिल्ली और पटना से पहुंची टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। करीब चार घंटे तक घर के अंदर तलाशी और पूछताछ की कार्रवाई चली।

**घर के रास्ते बंद, परिवार के सदस्यों से हुई पूछताछ :** छापेमारी के दौरान आवासीय परिसर की ओर जाने वाले रास्तों को बंद रखा गया। टीम ने घर के अंदर मौजूद स्वजन से पूछताछ की। कार्रवाई के दौरान आसपास के लोगों में भी कौतूहल बना रहा।



हालांकि परिवार की ओर से पूरे मामले में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। तलाशी पूरी होने के बाद एनआईए की टीम मुख्य पार्षद के पुत्र और वार्ड पार्षद मोहम्मद करमुल्लाह अंसारी को अपने साथ पटना ले गई। हिरासत में लिए जाने के कारणों को लेकर एजेंसी की ओर से फिलहाल कोई विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय पुलिस ने भी कार्रवाई के संबंध में कुछ स्पष्ट नहीं किया है। बताया जाता है कि 18 दिसंबर 2024 को भी एनआईए की टीम ने इसी आवास पर छापेमारी की थी। उस कार्रवाई के दौरान हथियार और डिजिटल उपकरणों की जांच किए जाने की बात सामने आई थी।

**यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी नेटवर्क से जुड़ी बताई जा रही है**

## संक्षिप्त खबरें

### सीतामढ़ी : अचानक बिगड़ी तीन छात्राओं की तबीयत, दो की मौत

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब कोचिंग से घर लौटने के बाद तीन छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। तीनों को आनन-फानन में इलाज के लिए अलग-अलग निजी क्लीनिक और अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान दो किशोरियों की मौते हो गई, जबकि तीसरी छात्रा की हालत गंभीर है। बाजपट्टी पीएचसी के चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने छात्राओं के किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई है, हालांकि मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### पटना में छात्र नेता दिलीप की बिगड़ी तबीयत

**पटना।** TRE-4 में पदों की संख्या बढ़ाने, एकल परीक्षा लागू करने और निगेटिव मार्किंग खत्म करने की मांग को लेकर गर्दनीबाग धरनास्थल पर चल रहे न्याय सत्याग्रह के बीच शनिवार को छात्र नेता दिलीप कुमार की तबीयत बिगड़ गई। प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बैठे दिलीप को गले में परेशानी के बाद गर्दनीबाग अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मुंबई में 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा गिरी, दो मरे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुंबई में बायकुला से भुलेश्वर लाई जा रही 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा पंडाल से करीब 50 मीटर पहले गिर गई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं। हादसा 22 अगस्त की रात करीब 9:51 बजे बलराम मर्चेंट रोड, जय अंबे चौक के पास हुआ। शुरूआती जांच में सड़क पर कोई बड़ा गड्ढा नजर नहीं आया है। प्रतिमा का संतुलन बिगड़ना हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में नये कार्यकारिणी की बैठक में बोले-पीएम मोदी

# हम किसी भी विपक्ष को कमजोर नहीं मानते

### कहा-संगठन की बैठकें देती हैं नए विचार, युवाओं से संवाद बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की और उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान भाजपा की नई टीम के सदस्य प्रधानमंत्री के साथ नजर आए।

पार्टी मुख्यालय में इस मुलाकात को संगठन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यह मुलाकात उस बैठक के बाद हुई, जिसमें भाजपा ने 'वंदे मातरम' के सम्मान और ऐतिहासिक विरासत को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संगठन की बैठकें नए विचारों और दृष्टिकोणों को सामने लाने का माध्यम होती हैं। इनका उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना और जनता के साथ उसका जुड़ाव और गहरा करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैठक की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा कि संगठनात्मक बैठकें पार्टी को मजबूत करने और लोगों से संपर्क बढ़ाने के लिए

**पीएम ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम के पदाधिकारियों से पहली बार मीटिंग की**




नए विचारों और नजरियों पर चर्चा का अवसर देती हैं। उन्होंने पार्टी के सहयोगियों और नई संगठनात्मक टीम के साथ हुई बातचीत को भी शानदार बताया। भाजपा अपनी आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियानों की तैयारी कर रही है। इनमें युवाओं से जुड़ाव बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शनिवार को इससे पहले नितिन नवीन ने नए पदाधिकारियों के साथ बैठक की और 'युवा संवाद' को लगातार आगे बढ़ाने की जरूरत बताई। केंद्र सरकार ने यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के जरिए कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों से सीधे जुड़ने की तैयारी की है। सूत्रों के हवाले से बताया था कि 19 अगस्त की कैबिनेट बैठक में यह फैसला हुआ कि केंद्रीय मंत्री अलग-अलग यूनिवर्सिटी में जाकर छात्रों से बातचीत करेंगे और उनके सवाल, विचार और समस्याएं सुनेंगे। बैठक में मंत्रियों की सोशल मीडिया पोस्ट की पहुंच पर भी चर्चा हुई। इसमें खासतौर पर युवा लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए ज्यादा मेहनत करने की बात कही गई।

दूसरी ओर बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विपक्ष की भूमिका पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम किसी भी विपक्षी पार्टी को कमजोर नहीं मानते। हालांकि उन्होंने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में कहा कि भारत के जीवन का सर्वोत्तम काल आ रहा है. इस समय में मेहनत करिए और अपने शरीर का कण कण हिंदुस्तान की इस विकास गाथा में लगाए. ऐसे में इस सर्वोत्तम काल के साक्षी हम सब लोग बन सकते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव में अभी 400 दिन बाकी है और समाज के सभी वर्गों तक पहुंचा जाए. उन्होंने इस दौरान किसी खास तबके का नाम नहीं लिया है।

**'सबसे अच्छा युग आ रहा' :** बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है, हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए. उन्होंने साथ ही कहा कि भारत का सबसे अच्छा युग आ रहा है, हमें इसके विकास के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए।

**अति आत्मविश्वास से क्या होता है :** सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि अतिआत्मविश्वासी लोग चुनाव हार जाते हैं, इस कारण अति आत्मविश्वास में रहने की जरूरत नहीं हैं. ऐसा सोचना कि मोदी आएंगे और चुनाव जीत जाएंगे, ये नजरिया ठीक नहीं हैं।

**'लोगों से मिलो' :** बीजेपी की कार्कारिणी की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर दिन अलग-अलग जगह जा कर लोगों से मिलो. जैसे कि एक दिन चर्च, एक दिन यूनिवर्सिटी में या किसी अन्य स्थान पर जाओ।

### वंदे मातरम को लेकर भाजपा का अहम फैसला

भाजपा ने वंदे मातरम के इतिहास और महत्व को लेकर देशभर में जागरूकता अभियान चलाने का एलान किया है। पार्टी का कहना है कि राष्ट्रीय गीत स्वतंत्रता आंदोलन, भारत माता के प्रति सम्मान और देश की राष्ट्रीय चेतना का स्थायी प्रतीक है। भाजपा ने कांग्रेस कार्यसमिति के उस फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें 1937 के प्रस्ताव को दोबारा अपनाते हुए कांग्रेस कार्यक्रमों में वंदे मातरम की केवल पहली दो पंक्तियां गाने की व्यवस्था की गई

**FIH हॉकी वर्ल्ड कप 2026**

## नीदरलैंड्स ने भारत को 3-1 से हराया



**एमस्टेलवीन (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ 3-1 से हार गई है। इसी के साथ नीदरलैंड वर्ल्ड नंबर-1 सेमीफाइनल में पहुंच गई।एमस्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में शनिवार को मिली हार से भारत के सेमीफाइनल की राह कठिन हो गई है। अब उसे अगले मैच में अर्जेंटीना से जीतना होगा। यह मैच 24 अगस्त को होगा।

53वें मिनट में वैन डैम ने गोल करके बढ़त को 3-1 कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 51वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल स्कोर किया। 49वें मिनट में हेडेमेकर्स ने फील्ड गोल करके बढ़त दोगुनी कर ली। इससे पहले 41वें मिनट में डुको टेलगेनकैंप ने पहला फील्ड गोल किया।

पहले हाफ में नीदरलैंड ने पेनल्टी कॉर्नर बनाए। जबकि, भारतीय टीम ने फील्ड गोल के मौके बनाए। हालांकि, अब तक कोई टीम गोल स्कोर नहीं कर सकी। यह मैच देखने के लिए क्रिकेट के महान खिलाड़ी स्टीव वॉ, राहुल द्रविड़ और हॉकी के दिग्गज जेमी ड्वायर और ट्यून डी नूयर मौजूद रहे।

## बेतिया में सड़क किनारे ऑर्केस्ट्रा देख रहे लोगों को बस ने रौंदा, 5 की मौत

**बेतिया (एनएसबी)।** बेतिया-लौरिया मार्ग में बसवरिया और पराउटोला के बीच शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोरखपुर से बेतिया जा रही शाही बस ने सड़क किनारे छठिहार समारोह के दौरान ऑर्केस्ट्रा देख रहे लोगों को रौंद दिया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। मृतकों में दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि तीन ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां



उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। बताया जाता है कि धर्मेंद्र दुबे के घर पर शुक्रवार को छठिहार का आयोजन था। उनका घर एनएच-727 के किनारे स्थित है। समारोह के दौरान घर के बाहर ऑर्केस्ट्रा का कार्यक्रम रखा गया था।

## भारत की सबसे बड़ी ताकत 70 करोड़ हैं महिलाएं : राहुल गांधी

**पुणे (एजेंसी)।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को पुणे में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत, 70 करोड़ महिलाएं हैं। नारी शक्ति ही देश की ताकत है। लेकिन आज एक समस्या है कि जब मैं महिलाओं के बारे में बात करता हूं, तो उन्हें अक्सर तीन भूमिकाओं में सीमित कर दिया जाता है-पत्नी, बेटी और मां ये भूमिकाएं अपने आप में गलत नहीं हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को ह्यछात्रों की गूंजह्ण कार्यक्रम में कहा- देश की लड़कियों का आजाद होना जरूरी है। पिता, पति और



बेटे से आपका रिश्ता है, लेकिन आपकी पहचान उनसे नहीं है। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति कहती है लड़की पिता, पति, बच्चों की संपत्ति है। यह शर्मनाक, महिलाओं को आजाद होना चाहिए। वे किसी पर आश्रित नहीं हैं। राहुल ने पूछा ये माइंड सेट कहां से आता है कि लड़की को नहीं पढ़ाना, लड़के को पढ़ाना है।

## राज्य में राजस्व कर्मचारियों के तबादले की नई नीति लागू

### एक जिले में अब अधिकतम पांच साल रह सकेंगे

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में राजस्व कर्मचारियों के तबादले और पदस्थापन को लेकर नई नीति लागू कर दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार राजस्व कर्मचारी पदस्थापन नीति 2026 जारी की है।इसके तहत किसी एक जिले में राजस्व कर्मचारी सामान्य तौर पर तीन साल तक रह सकेंगे और विशेष परिस्थिति में अधिकतम पांच साल तक पदस्थापन बढ़ाया जा सकेगा।

**पांच साल बाद दूसरे जिले में तबादला जरूरी :** नई व्यवस्था के तहत किसी




कर्मचारी का एक जिले में अधिकतम पदस्थापन काल पांच साल निर्धारित किया गया है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में पर्यवेक्षी अधिकारी की अनुशंसा पर कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। यह नीति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

## पटना-फर्जी ट्रेडिंग ऐप से 1.19 करोड़ की साइबर ठगी



**पटना (एनएसबी)।** ऑनलाइन ट्रेडिंग में कम समय में डबल मुनाफे का लालच पटना के एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। साइबर अपराधियों ने फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट के जरिए 1 करोड़ 19 लाख 55 हजार रुपए की ठगी कर ली। जगदेव पथ के आरा गार्डेन निवासी 55 वर्षीय एजाज अजहर जमील ऑनलाइन ट्रेडिंग करते थे। इसी दौरान साइबर अपराधियों ने उनसे संपर्क किया और शेयर, सोना और विदेशी मुद्रा में निवेश के नाम पर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपियों ने उन्हें एक फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट का लिंक भेजा। पीड़ित ने लिंक के जरिए प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाया और निवेश शुरू कर दिया।

## पटना में पीएचडी धारकों ने किया जमकर प्रदर्शन

**पटना (एनएसबी)।** उच्च शिक्षा, युवाओं के रोजगार और शोधार्थियों के अकादमिक भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर पिछले 18 दिनों से आमरण अनशन कर रहे पीएचडी डिग्रीधारकों और शोधार्थियों ने शनिवार को मार्च करते हुए लोकभवन जाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों के मार्च को देखते हुए पुलिस पहले से ही आर-ब्लॉक के पास मुस्तैद थी। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

**पुलिस ने वाटर कैनन का किया प्रयोग :** इसके बाद प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पर चढ़कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन समेत सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। प्रदर्शनकारियों के सड़क पर डटे रहने के कारण आर-ब्लॉक के आसपास कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। हालांकि, पुलिस के अनुसार दक्षिणी फ्लैंक से वाहनों की आवाजाही जारी रही।

**19 दिनों से अनशन कर रहे कुमुद पटेल बोले-सरकार चाहती है, मैं मर जाऊं**

### जज भगवान नहीं, हर फैसला सही नहीं : जस्टिस करोल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल शनिवार को रिटायर हो गए। उन्होंने अपनी फेयरवेल स्पीच में कहा



कि जज भगवान नहीं होते, इसलिए यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि उनका हर फैसला पूरी तरह सही होगा। जस्टिस करोल बोले, ह्हम जज कोई भगवान नहीं हैं। हम हर फैसला सही नहीं कर सकते। न्याय करने के लिए विनम्रता जरूरी है। जजों को हर मुकदमे में केवल याचिकाकर्ता नहीं, बल्कि उसके पीछे खड़े इंसान को भी देखना चाहिए।" जस्टिस करोल ने कहा कि संविधान जजों से केवल कानून को सही तरीके से लागू करने की उम्मीद नहीं करता।

## नेउरा-जटडुमरी नई रेल लाइन बनकर तैयार

### सीआरएस की हरी झंडी मिलते ही दौड़ेंगी ट्रेनें

**पटना (एनएसबी)।** नेउरा से जटडुमरी के बीच नवनिर्मित रेल लाइन पर ट्रेनों के परिचालन की तैयारी तेज हो गई है। नई रेल लाइन के ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) को 22,000 वोल्ट बिजली से चार्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही रेलखंड को यात्री ट्रेनों के परिचालन के लिए तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। पूर्व मध्य रेल की ओर से इस नवनिर्मित रेलखंड के निरीक्षण के लिए मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त

**नवंबर से होगा ट्रेनों का संचालन, एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की संभावना**



(सीआरएस) को पत्र भी भेजा गया है। सितंबर में सीआरएस निरीक्षण होने की संभावना है। सीआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद इस रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन का रास्ता साफ हो जाएगा। सीआरएस निरीक्षण के दौरान नई रेल लाइन, ट्रैक, पुल-पुलिया, सिग्नल एवं टेलीकाम व्यवस्था, ओएचई तथा अन्य संरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। निरीक्षण में रेलखंड को परिचालन के लिए सुरक्षित पाए जाने के बाद आवश्यक अनुमति मिलने की उम्मीद है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, सीआरएस से अनुमति मिलने के बाद नेउरा-जटडुमरी रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जा सकेगा। नई रेल लाइन के चालू होने से इस क्षेत्र में रेल संपर्क और यातायात क्षमता बढ़ेगी। साथ ही मौजूदा रेल मार्ग पर ट्रेनों के परिचालन का दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी।

# तेजी से बढ़ती आबादी को देख शहरों का विस्तार करना जरूरी : मंत्री

### राज्य में नए शहरों को बसाने का प्लान दूरगामी और महत्वाकांक्षी है : प्रधान सचिव

### जनहित आधारित शहरी विकास के लिए पाटलिपुत्र टाउनशिप पर हितधारकों के साथ किया गया विचार-विमर्श

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के तत्वावधान में शनिवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में हितधारकों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने की। बैठक में विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, प्रबंध निदेशक-सह-सचिव अनिमेष कुमार पराशर, प्रबंध निदेशक बिहार राज्य आवास बोर्ड सह विशेष सचिव निलेश रामचन्द्र देवरे, नगर आयुक्त पटना नगर निगम यशपाल मीणा, विशेष सचिव नवल किशोर चौधरी, अपर सचिव मनोज कुमार समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस मौके पर नगर विकास एवं आवास मंत्री मिश्रा ने कहा कि हमारे यहां शहर नहीं बढ़े। जब आबादी बढ़ गई तो शहरों का विकास शुरू हुआ। तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए शहरों का विस्तार करना आवश्यक हो गया है। आज शहरों का फैलाव करने की जरूरत है। तभी आने वाली पिढ़ी को राज्य में रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें दूसरे राज्यों में जाने की नौबत नहीं आएगी। इसे देखते हुए राज्य में 12 नये ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप बसाने की योजना बनाई गई है।


नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा।

उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की सहमति के बिना उसकी जमीन नहीं ली जाएगी। समय-समय पर लोगों के बीच जाकर हम अपनी इस योजना को बताएंगे। अगर कोई प्रयास किया जा रहा है, तो उसमें सभी का सहयोग चाहिए।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के बारे में सभी को सोचना होगा। सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि आइए सभी लोग साथ मिलकर एक ऐसे बिहार का निर्माण करे, जो दूसरे राज्यों से बेहतर हो सके।

वहीं नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार ने कहा कि ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप केवल नया शहर बनाने की योजना ही नहीं है। यह बिहार के शहरों के भविष्य को आज से बेहतर तरीके से नियोजित करने का प्रयास है। इस भविष्य के निर्माण में भू-स्वामी, स्थानीय समुदाय, सरकार और अन्य हितधारक सभी महत्वपूर्ण भागीदार है।

इसी को ध्यान में रखते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग की तरफ से 'पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप विकास योजना 2047 के प्रारूप को आमजनों एवं विभिन्न हितधारको से सुझाव एव आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए प्रकाशित किया गया है।

उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आर्थिक गतिविधियों के कारण बिहार के मौजूदा शहरों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। ग्रीनफील्ड टाउनशिप इस दबाव को संतुलित करने के साथ-साथ नए आवास, रोजगार, निवेश और व्यवसाय के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पाटलिपुत्र टाउनशिप जैसे नियोजित शहरी क्षेत्र पटना के विकास को नई दिशा देने और क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की क्षमता रखते हैं।

प्रधान सचिव ने कहा कि आज की योजना ही कल के बेहतर शहर की नीव है। बिहार में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप की अवधारणा का उद्देश्य भविष्य के शहरी विकास को आज से ही योजनाबद्ध करना है। इसका लक्ष्य केवल नई इमारतें बनाना नहीं बल्कि ऐसे सम्पूर्ण, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहरी क्षेत्र तैयार करना है जहां आवास, रोजगार, सड़क, सार्वजनिक परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार, पार्क, जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाएँ एक साथ विकसित हो सके। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टाउनशिप क्षेत्र में रहने वाले और भूमि रखने वाले लोग इस परिवर्तन के केवल दर्शक नहीं होगे, बल्कि सहभागी होंगे।

पाटलिपुत्र टाउनशिप का प्रस्तावित क्षेत्र 9 प्रखंडों के 273 गांवों में विस्तृत है। इसमें पुनपुन, नौबतपुर, मसौढ़ी, फतुहा, सपतचक, पटना ग्रामीण, धनरुआ, दनियावां और फुलवारी प्रखंड के क्षेत्र शामिल है। विशेष क्षेत्र के अंतर्गत 2 शहरी क्षेत्र भी शामिल है- नौबतपुर नगर पंचायत (आंशिक) तथा पुनपुन नगर पंचायत (पूर्ण)। पाटलिपुत्र टाउनशिप का कुल प्रस्तावित क्षेत्रफल लगभग 81,730 एकड़ है। इसके अंतर्गत 3008 एकड क्षेत्रफल का कोर एरिया प्रस्तावित है, जिसमें पुनपुन प्रखंड के 19 गांव शामिल है।

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि टाउनशिप के विकास में विकास योजना, भूमि उपयोग योजना और टाउन प्लानिंग स्कीम महत्वपूर्ण आधार होंगे। भूमि पूलिंग, भूमि पुनर्सयोजन या अन्य लागू भूमि व्यवस्था के माध्यम से भू-स्वामियों को विकास प्रक्रिया में सहभागी बनाने का प्रयास किया जा सकता है। छोटे भू-स्वामियों, किसानों और स्थानीय समुदायों के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास को सहभागी और न्यायसंगत बनाना महत्वपूर्ण होगा।

## खबरें : एक नजर में

### मॉडल स्कूल में गन्दगी देख एसडीएम ने लगाई फटकार तो रसोईया बर्खास्त

**मोकामा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एसडीएम गरिमा लोहिया ने शनिवार को मोकामा प्रखंड के मॉडल स्कूल, मोकामा घाट स्थित आरएसएम रेलवे एडेड हाई स्कूल व कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। आरएसएम रेलवे एडेड हाई स्कूल में शौचालय में गने, टूटा नल, पेय जल के पास गन्दगी, अन्य स्थानों पर गन्दगी देख एसडीएम भड़क गई और विद्यालय के प्रधानाचार्य को फटकार लगाई। वहीं विद्यालय के बच्चों ने मार्कर व अन्य लेखन सामग्री के अभाव की शिकायत की। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उच्च विद्यालय के हॉस्टल में रहने वाले बच्चों ने भोजन की गुणवत्ता, उनसे खाना बनवाने, मारपीट और अभद्र व्यवहार की शिकायत की। ज़ाँच कर एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से रसोईया को बर्खास्त कर दिया। वहीं वार्डन हीना सिन्हा द्वारा बच्चों को उठक बैठक करवाने, अपनी बहन को रसोईया के तौर पर बहाल करने, साफ सफाई का अभाव व अन्य मामले में स्पष्टीकरण की माँग की गई है ।


एसडीएम गरिमा।

### सियाविहारी कुंज ठाकुरवाड़ी में भव्य सावनी झूला महोत्सव 24 से 28 अगस्त को

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्री सियाविहारी कुंज ठाकुरवाड़ी राजापुर हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भव्य सावनी भूला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पाँच दिवसीय यह महोत्सव 24 अगस्त से 28 अगस्त तक श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। सावन के पावन अवसर पर ठाकुरवाड़ी में भगवान श्री सीता रामजी की विशेष पूजा अर्चना एवं श्रृंगार किया जाएगा। महोत्सव के दौरान भगवान को आर्कषक एवं फूलो से सुसज्जित झूले पर विराजमान कराया जाएगा।


महन्त नागेन्द्र दास।

श्रद्धालु भगवान के झूला दर्शन कर पूजा अर्चना एवं आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक कार्यक्रम भजन कीर्तन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। सावन झूला महोत्सव में स्थानीय लोगो के साथ-साथ पटना एवं आसपास के क्षेत्रों से भी वही संख्या में श्रद्धालुओं शामिल होते है।

महन्त नागेन्द्र दास ने कहा कि श्रीसियाविहारी कुंज ठाकुरवाड़ी में आयोजित होने वाला सावनी झूला महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, वहिक भक्ति संस्कृति, और सामाजिक समरस्ता का भी प्रतिक है। आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

महन्त नागेन्द्र दास ने बताया कि 28 अगस्त को साधुसंतो तथा महन्तो, का जूटान विभिन्न मठ, मंदिरों एवं ठाकुरवाड़ियों से होगा। महथ जी ने अपील की सभी प्रद्वालुओं सब परिवार के साथ आये और भगवान श्री सीता राम लक्ष्मण के झूला दर्शन एवं पूजा अर्चना कर लाभ उठाएं।

### बिहार पंचायत अंकेक्षण सेवा परीक्षा के परिणाम जारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग के मुताबिक विज्ञापन संख्या 00/2020 के तहत पंचायती राज विभाग, बिहार के अन्तर्गत अंकेक्षक (बिहार पंचायत अंकेक्षण सेवा) के पदों पर नियुक्ति हेतु 6 जूलाई को आयोजित अंकेक्षक (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर मुख्य (लिखित परीक्षा हेतु सफल उम्मीदवारों के परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया है, जिसे आयोग के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

## किताबी ज्ञान के अलावा छात्राओं ने जानी सुरक्षा और वास्तविक जीवन की चुनौतियों के बारे में

### महिला एवं बाल विकास निगम की पहल पर पटना स्थित राजकीय अम्बेडकर प्लस 2 अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के लिए विशेष एक्सपोजर विजिट का हुआ आयोजन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** किताबों और कक्षा की पढ़ाई के साथ अगर बालिकाओं को अपने अधिकारों, सुरक्षा और वास्तविक जीवन की चुनौतियों की जानकारी मिले, तो उनका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। इसी सोच को जमीन पर उतारते हुए महिला एवं बाल विकास निगम की पहल पर पटना स्थित राजकीय अम्बेडकर प्लस 2 अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के लिए विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने न सिर्फ नई जानकारियां हासिल की, बल्कि यह भी जाना कि मुश्किल समय में मदद के लिए किस दरवाजे पर दस्तक देनी है।

विजिट के दौरान छात्राओं को विभिन्न आपातकालीन और सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में 112, महिला संबंधी सहायता के लिए 181 महिला हेल्पलाइन, बच्चों से जुड़ी समस्याओं के लिए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और साइबर अपराध की स्थिति में 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है।

छात्राओं को यह समझाया गया कि हिंसा, उत्पीड़न, असुरक्षा या साइबर अपराध जैसी स्थिति में घबराने या चुप रहने के बजाय सही समय पर सही सहायता लेना जरूरी है। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उनके लिए सुरक्षा कवच की तरह है, जिसका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर किया जा सकता है।

एक्सपोजर विजिट का सबसे खास पड़ाव रहा महिला एवं बाल विकास निगम की प्रबंध निदेशक इनायत खान के साथ छात्राओं का संवाद। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और करियर को लेकर बातचीत की।

उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों को जानने और उन्हें लेकर सजग रहने के साथ शिक्षा को अपनी ताकत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सीखने की प्रक्रिया केवल कक्षा और किताबों तक सीमित नहीं है। 'लर्निंग बियोंड क्लासरूम' के माध्यम से मिलने वाला व्यावहारिक अनुभव भी भविष्य के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है।

विजिट के दौरान छात्राओं ने डब्लूसीडीसी अडिटोरियम में यूनिसेफ के नेतृत्व में आयोजित बाल अधिकार एवं पस्को अधिनियम पर विशेष जागरूकता सत्र में भी हिस्सा लिया। यहां उन्हें बच्चों के अधिकार, सुरक्षा, गरिमा और संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। सत्र में छात्राओं को यह समझने का अवसर मिला कि सुरक्षित वातावरण हर बच्चे का अधिकार है और किसी भी तरह की असुरक्षित स्थिति का सामना होने पर अपनी आवाज उठाना जरूरी है।

## पश्चिम चंपारण की डुमरी पंचायत ने खाद बेचकर बनाया स्वावलंबन का नया मॉडल

### 1700 क्विंटल जैविक खाद के सहारे तैयार हुआ अतिरिक्त आय का नया श्रोत

### किसानों को सस्ते दाम पर हो रही खाद की उपलब्धता, जैविक खेती को मिल रहा तेजी से बढ़ावा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एसबीएम-जी) के तहत पश्चिम चंपारण की डुमरी ग्राम पंचायत ने साबित कर दिखाया है कि अगर कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाए, तो गांव न सिर्फ गंदगी-मुक्त रहेगा बल्कि स्वावलंबन और जैविक खेती का नया अध्याय भी लिखा जा सकता है।

इस ग्राम पंचायत में डोर-टू-डोर एकत्र कचरे से अभी तक करीब 1700 क्विटल जैविक खाद बनाकर इसे स्थानीय किसानों को सस्ते दाम पर उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्राप्त राशि को पंचायत के ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) खाते में जमा कराया गया है।

अब इस राशि से पंचायत में कचरा संग्रहण में लगाए गए ठेला, ई-रिक्शा आदि वाहनों के मरम्मत के साथ अभियान से जुड़े कर्मियों की जरूरतों को पूरा करने में खर्च किया जा रहा है।

क्षमता वर्धन और सूचना, शिक्षा एवं संचार के जिला सलाहकार शशि रंजन बताते हैं कि प्रखंड मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित 3 हजार 430 परिवारों वाली डुमरी पंचायत में कुछ वर्षो पहले तक कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती था। घरो, दुकानों और सार्वजनिक स्थलों से निकलने वाला कचरा जहां-तहां बिखरा रहता था। इससे एक तरफ गांव की स्वच्छता प्रभावित हो रही थी, तो दूसरी तरफ स्थानीय किसान अपनी फसलों के लिए महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर थे।

समस्या को देखते हुए पंचायत में वर्ष 2023 पंचायत ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना को मिशन मोड में लागू किया। पंचायत प्रशासन ने कचरे को समस्या मानने के बजाय इसे एक संसाधन के रूप में देखा और पंचायत के सभी 15 वार्डो में दैनिक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 15 ठेला रिक्शा और 1 बैटरी रिक्शा की तैनाती की गई। एकत्र किए गए गीले और सूखे कचरे को पंचायत की वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्ल्यूपीयू) तक पहुंचाया जाने लगा, जहां वैज्ञानिक विधि से इसका निस्तारण शुरू हुआ। डब्ल्यूपीयू में अब तक कुल 1700 टिल जैविक खाद तैयार की जा चुकी है। इस खाद को स्थानीय किसानों को कम दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे उनकी उत्पादन लागत तेजी से घटी है और जैविक खेती को बढ़ावा मिला है।

## पिछले डेढ़ वर्ष में ई-ग्राम कचहरी पर दर्ज 38 हजार से अधिक वादों का हुआ निपटारा

### ग्रामीण न्याय व्यवस्था को मिली नई रफ्तार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में ग्रामीण अंचलों के लोगों को छोटे-मोटे विवादों में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने से काफी हद तक राहत मिली है। ई-ग्राम कचहरी व्यवस्था के लागू होने से इसमें बड़ा बदलाव आया है। अब लोग डिजिटल माध्यम से छोटे विवाद आराम से सुलझाए जा रहे है। ई-ग्राम कचहरी पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के दीवानी और फौजदारी वादों का निपटारा अब पहले से कहीं अधिक तेज हो गया है।

पंचायती राज विभाग के अनुसार, जनवरी 2025 से अब तक ई-ग्राम कचहरी पोर्टल पर दर्ज मामलों में से 38 हजार से अधिक वादों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है। इनमें जमीन-जायदाद से जुड़े दीवानी वादों की संख्या करीब 37 हजार रही। इन दीवानी वादों में से 53 प्रतिशत का निष्पादन किया जा चुका है। वहीं, लड़ाई-झगड़े और छोटे अपराधों से जुड़े फौजदारी मामलों की संख्या 31,274 रही। इस सुविधा से लोगों के समय, पैसे और मेहनत तीनों की बचत हो रही है, साथ ही ग्रामीण न्याय व्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

जिलों के स्तर पर पश्चिम चंपारण सबसे आगे रहा है। यहां कुल वादों में से 86 प्रतिशत का सफलतापूर्वक निपटारा हुआ है। दीवानी वादों में 85 प्रतिशत और फौजदारी वादों में 88 प्रतिशत सफलता मिली है। इसके बाद लखीसराय जिले में 77 प्रतिशत वादों का समाधान हुआ है, जहां 76 प्रतिशत दीवानी और 78 प्रतिशत फौजदारी वादों को निपटाया गया है। मधेपुरा जिले में भी अच्छी प्रगति देखने को मिली। यहां कुल 76 प्रतिशत वादों का निपटारा हुआ, जिनमें दीवानी वादों में 75 प्रतिशत और फौजदारी वादों में 77 प्रतिशत सफलता दर्ज की गई है। ग्राम स्तर पर ही कई मामलों का निपटारा होने से लोगों को न सिर्फ न्याय जल्दी मिल रहा है, बल्कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में भी मदद मिल रही है।

## शिक्षण सामग्री को सरल, समसामयिक और विद्यार्थी केंद्रित बनाने पर विशेष जोर

### पाठ्य पुस्तकों में सुधार को लेकर बीबोस की छह दिवसीय कार्यशाला का समापन

### शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कार्यशाला आयोजित करने का दिया था निर्देश

### भाषा, कला, वाणिज्य, विज्ञान, गणित सहित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक हुए शामिल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (बीबोस) के अंतर्गत तैयार की गई स्व-अधिगम सामग्री एवं पाठ्य पुस्तकों में सुधार को लेकर महेन्द्रू स्थित एससीईआरटी में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बीबोस की पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया था।

कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (विद्यालयी शिक्षा) 2023 के अनुरूप एससीईआरटी द्वारा नामित शिक्षकों ने विभिन्न विषयों की स्व-अधिगम सामग्री एवं पाठ्य पुस्तकों की गहन समीक्षा की। तीन चरणों में आयोजित कार्यशाला में भाषा, शिक्षाशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, कला, वाणिज्य, विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, गृह विज्ञान, व्यवसाय अध्ययन सहित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों ने भाग लिया।

इस दौरान शिक्षण सामग्री को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप अधिक सरल, उपयोगी, समसामयिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों में समझ, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता एवं व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने की दृष्टि से पाठ्य सामग्री में आवश्यक सुधार के बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

बीबोस के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी विजय कुमार ने कार्यशाला में सहभागिता करने वाले सभी शिक्षकों एवं विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुक्त विद्यालयी शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण और अद्यतन अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना बोर्ड की प्राथमिकता है।

### डेयरी सहकारी समितियों के सतत विकास का मुख्य आधार विश्वास और पारदर्शिता : शीर्षत कपिल अशोक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सहित सभी पूर्वी राज्यों में सहकारिता के माध्यम से डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बिहार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वास और पारदर्शिता ही डेयरी सहकारी समितियों के सतत विकास का मुख्य आधार है। इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार में कम्फेड और उससे संबद्ध दुग्ध संघों में दुग्ध खरीद मूल्य का सीधे लाभुकों के खाते में हस्तांतरण (डीबीटी) की प्रक्रिया लागू की जा रही है।

यह कार्यशाला भारत सरकार के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के घटक बी के अंतर्गत जेआईसीए समर्थित डेयरी थ्रू को-ऑपरेटिव्स (डीटीसी-जेआईसीए) परियोजना के तहत आयोजित की गई थी। इसका आयोजन राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा किया गया था, जिसमें पूर्वी क्षेत्र के बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सहकारी डेयरी महासंघों और दुग्ध संघों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में डीटीसी-जेआईसीए फेज-1 के क्रियान्वयन और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि परियोजना को लागू करने और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में बिहार के दुग्ध संघ राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल रहे हैं।

## खबरें खास-खास

### बाबा धर्मदास मेला राजकीय मेला घोषित हो : डा.प्रेम कुमार

**बाढ़/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गुलाब बाग चौक स्थित मां काली एवं बाबा धर्मदास मंदिर परिसर में संत शिरोमणि बाबा धर्मदास पूजन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। बाबा धर्मदास पूजन महोत्सव का विधिवत उद्घाटन बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सभा की अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद आजाद गांधी ने किया। इस अवसर पर लोगो को सम्बोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता डा. प्रेम कुमार ने कहा कि बाबा धर्मदास मेला , राजकीय मेला घोषित होना चाहिए । उन्होंने आयोजकों को बधाई दी । मौके पर सभा की अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद आजाद गांधी ने किया । पूजा कार्यक्रम में बाढ़ के स्थानीय विधायक डा. शियाराम सिंह, बिहार विधान परिषद के सदस्य अनिल ठाकुर ,पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी सहित गणमान्य लोगों ने बाबा धर्मदास जी के प्रति श्रद्धा रखते हुए समाज के उत्थान हेतु अपनी बातें रखी । पूर्व विधान पार्षद आजाद गांधी ने कहा कि बिहार मे केश कला बोर्ड की स्थापना होनी चाहिए जिसका समर्थन उपस्थित हजारों लोगो ने किया । बाढ़ विधायक डा. सिया राम सिंह ने मंदिर परिसर में भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कराने का वादा किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधान पार्षद अनिल ठाकुर ने मंदिर के विकास और घेराबंदी करने का वादा किया । मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बिहार लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य एवं पटना विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. शिवजतन ठाकुर ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है । उन्होंने विस्तार पूर्वक समाज के विकास पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में डा. अंजेश कुमार, बाढ़ नगर परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता , वार्ड पार्षद मधु जी ,शिक्षाविद् डा. सुबोध कुमार ,अविनाश दत्ता ,अनिल कुमार सहित गणमान्य लोगों ने अपनी बातें रखी । इस दौरान लोकगायक मृत्युंजय शर्मा ने अपनी लोकगायिकी से लोगों का मनोरंजन किया और उपस्थित लोगों को कार्यक्रम से जोड़े रखा। पूजा कार्यक्रम में अपार संख्या में भक्त एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।


बाबा धर्मदास पूजन महोत्सव का उद्घाटन बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

### स्टार्टअप एक्सपो आयोजित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज ने 22 अगस्त, को उदगम 2026 : ए न्यू बिगनिंग नाम से एक शानदार स्टार्टअप एक्सपो आयोजित किया। इसका मकसद युवाओं की एंटरप्रेन्योरशिप का जश्न मनाना और छात्रों के इनोवेशन को सबके सामने लाना था। इस इवेंट का औपचारिक उद्घाटन फैकल्टी इंचार्ज रितु मैम और डीआईसी पटना की प्रोजेक्ट मैनेजर निशा मैम ने किया। दोनों ने संस्थान के बेहतरीन इनक्यूबेशन इकोसिस्टम और छात्र फाउंडर्स को आगे बढ़ाने में स्टार्टअप सेल की अहम भूमिका पर जोर दिया। एक्सपो की खास बात छात्रों के स्टार्टअप्स की लान्चिंग रही, जिसमें विकास झा ने सस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए अपना ईवी वेंचर पेश किया, सूरज कुमार ने एफएमसीजी स्टार्टअप लान्च किया, और स्पार्किफाई , वासनम और तीखी मिर्च जैसे उभरते वेंचर्स ने अपनी खूबियां दिखाईं। ये सभी पहलें ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज पटना के उस समर्पण को दिखाती हैं जिसके तहत वह एकेडमिक आइडियाज को असरदार कमर्शियल एंटरप्राइज में बदलता है।



पटना के ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज ने 22 अगस्त, को उदगम 2026 : ए न्यू बिगनिंग नाम से एक शानदार स्टार्टअप एक्सपो आयोजित किया।

### श्रीदेवी स्थान काली मंदिर, फुलवारी शरीफ में श्रावणी पूजा महोत्सव के अवसर पर यातायात व्यवस्था में बदलाव

**पटना / एनएसबी।** श्री देवी स्थान काली मंदिर, फुलवारी शरीफ में 23 अगस्त को आयोजित श्रावणी पूजा महोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ एवं यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए यातायात के सुगम एवं सुचारू संचालन हेतु 23 अगस्त को संध्या 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक यातायात व्यवस्था बदलाव किया गया है।

ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के मुताबिक अनिसाबाद गोलंबर से फुलवारी शरीफ, एम्स गोलंबर एवं खगोल लक की ओर से कार्यक्रम क्षेत्र की ओर आने वाले अनावश्यक एवं गैर-स्थानीय वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

पटना से बिहटा की ओर जाने वाले वाहन निर्धारित मार्गः ये वाहन जगदेव पथ, चितकोहरा गोलंबर से होते हुए एयरपोर्ट, डुमरा चौक और आगे के निर्धारित रास्तों का उपयोग करेंगे।

बिहटा की ओर से आने वाले वाहन निर्धारित मार्गः ये वाहन एम्स गोलंबर से खगौल लख, दानापुर और नहर रोड का उपयोग करते हुए बेली रोड या बोरिंग रोड के रास्ते अपने गंतव्य स्थल की ओर जा सकेंगे। उक्त यातायात व्यवस्था एम्बुलेंस, अगिशमन वाहन, पुलिस वाहन, सरकारी वाहन एवं अन्य आपातकालीन वाहनों पर लागू नहीं होगी। आमजनों से अनुरोध है कि अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए यथासंभव उक्त मार्ग को छोड़कर वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें। साथ ही, यातायात पुलिस द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### 25 अगस्त को 144 अम्बेडकर कल्याण छात्रावासों में लगेगा विद्यार्थी सहयोग शिविर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** छात्रावास में पढ़ाई से जुड़ी परेशानी या रहने की व्यवस्था से संबंधित समस्या या फिर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का कोई सुझाव हो, तो विद्यार्थियों को अब अपनी बात रखने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। राज्य सरकार ने 'सबका सम्मान, जीवन आसान निश्चय' के तहत विद्यार्थियों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान की व्यवस्था को और मजबूत किया है। इसी कड़ी में 25 अगस्त को राज्य के सभी 144 ड़ अम्बेडकर कल्याण छात्रावासों में 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जिससे राज्यभर के छात्रावासों को एक साझा मंच से जोड़ा जाएगा।

विद्यार्थी सहयोग शिविर के दौरान सभी अम्बेडकर कल्याण छात्रावासों में छात्रावास समन्वयक-सह-प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। वे आवासित छात्र-छात्राओं की समस्याओं को दर्ज करेंगे और उन्हें अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे। विद्यार्थियों को शैक्षणिक, व्यक्तिगत और छात्रावास से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ अपनी आवश्यकताओं एवं सुझावों को रखने का अवसर मिलेगा। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों और प्रशासन के बीच संवाद को आसान और प्रभावी बनाना है। इससे छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की वास्तविक समस्याएं सीधे सामने आ सकेंगी और उनके समाधान की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

शिविर को केवल शिकायत दर्ज कराने का मंच नहीं बनाया गया है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई, छात्रावास की सुविधाओं, शैक्षणिक व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी दे सकेंगे। विद्यार्थियों के अनुभव और जरूरतों के आधार पर प्राप्त सुझावों का उपयोग व्यवस्था में सुधार के लिए किया जाएगा। सरकार ने इसे एक दिन की पहल तक सीमित नहीं रखा है। विद्यार्थियों की समस्याओं की नियमित सुनवाई के लिए प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। इससे शिकायतों और सुझावों की नियमित समीक्षा के साथ समाधान की प्रक्रिया को भी निरंतर आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 533 लीटर विदेशी शराब बरामद ,अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**जाले(एनएसबी)।** सदर 2 कमतौल के मद्य निषेध टीम के प्रभारी अ नि राज किशोर सिंह ने बीते शुक्रवार की शाम मिली गुप्त सूचना के आधार पर कमतौल थाना क्षेत्र के छोटकी लाधा गांव स्थित रेल गुमती से आगे राजीव कुमार के मुर्गी फार्म के समीप लावारिश पड़े इंपीरियल ब्लू व्हिस्की एवं रॉयल स्टैग व्हिस्की विभिन्न पैको में कुल मात्रा 533.160 लीटर शराब बरामद कर अज्ञात कारोबारी के विरुद्ध कमतौल थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है । पुलिस निरीक्षक सह कमतौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि एक पिकअप से सारा विदेशी शराब उतारा गया था ।पुलिस को गांव में पहुंचने की भनक लगते ही संबंधित कारोबारी एवं वाहन भागने में कामयाब हो गया ।पुलिस अनुसंधान में लग गई है।

## कमतौल में अवर निबंधक पद पर अंबुज कुमार कुणाल ने दिया योगदान

**जाल(एनएसबी)।** कमतौल अवर निबंधक पद पर अंबुज कुमार कुणाल ने शुक्रवार को पुनः अपना योगदान दिया, जिसे मौजूद निवर्तमान अवर निबंधक अमित रंजन ने कार्य भार सौंपा। इस अवसर पर कार्यालय कर्मियों ने श्री रंजन को सम्मान देते हुए विदाई दी एवं नए निबंधक श्री कुणाल का स्वागत किया । मौके पर कार्यालय से जुड़े सभी कातिब एवं स्टाम्प विक्रेता मौजूद थे,सबोंने दोनों अवर निबंधकों की किए कार्यों की सराहना की ।मालूम हो कि अवर निबंधक श्री कुणाल इससे पूर्व भी लगभग चार साल कमतौल अवर निबंधक पद पर रहे हुए है ,इसके बाद इनका तबादला बगहा अवर निबंधक पद पर हो गया था ।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व मारपीट मे पति प●ी घायल

**सिमरी(एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के सरैया गांव मे तीन बदमाश ने घर मे घुसकर एक अकेली महिला के साथ छेड़छाड एवं दुष्कर्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। महिला के शोर सुनकर उसे बचाने आये परिजन को धारदार फरसा से मारकर घायल कर दिया। घायल मो इमरान एवं उसकी पत्नी को इलाज के लिये सिंहवाड़ा सीएचसी लाया गया। इस मामले मे सरैया निवासी मो इमरान की पत्नी आफरीन परवीन ने सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है कि 21 अगस्त की शाम वह घर में अकेली थी। इसी दौरान सरैया गांव निवासी मो. गुफरान, मो. फैजान व मो. सोफियान जबरन घर में घुस आए और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## सिंहवाड़ा के कोरा गांव मे बज्रपात से दो महिला एक बच्ची सहित चार जख्मी

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के भरहुल्ली पंचायत के कोरा गांव में शनिवार की शाम घर के एस्बेस्टस पर ब्रजपात होने से एक ही परिवार के एक बच्ची, दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। इस बीच मची अफरातफरी में अगल-बगल के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने जख्मी सुशील मंडल उनकी पत्नी सरस्वती देवी, पुत्रवधु अमित मंडल की पत्नी खुशबू देवी एवं इनकी बेटी दो वर्षीय बेटी लाडली कुमारी को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। मुखिया मीणा देवी ने बताया कि संध्या छह बजे मौसम विभाग की ओर से मोबाइल पर सूचना आई की बूंदाबांदी के साथ ब्रजपात भी हो सकता है। सूचना आने के कुछ देर बाद ही गांव में बारिश शुरू हो गई। इसी बारिश के बीच कड़क के साथ बिजली चमकी और सुशील मंडल के घर पर वज्रपात हो गया। घर में लगे बिजली के मीटर सहित तार और बोर्ड में आग लग गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। जख्मियों को उपचार के लिए सिंहवाड़ा सीएससी पहुंचाया गया है। सिहवाड़ा सीएचसी में उपचार कर रहे चिकित्सा अधिकारी डा सुबोध कुमार ने बताया कि चारों की हालत धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सूचना मिलते ही सिंहवाड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## टाटी कर्कट के घर मे लगी आग से सारा सामन जलकर राख, एफआईआर दर्ज

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के कलवारा वार्ड संख्या सात मे विजय यादव के टाटी कर्कट के घर मे अचानक आग लग गई। आग की ऊंची लपटे देख ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आग पर काबू करने का प्रयास करने लगा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अग्निशमन की ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आगलगी की घटना मे घर मे रखे सारा सामन जलकर राख हो गया। इस मामले मे पीड़ित विजय कुमार यादव ने सिंहवाड़ा थाना मे एफआईआर दर्ज कराया है। दिये आवेदन मे बताया है की 22 अगस्त की अहले सुबह हल्ला सुनकर मेरी नींद खुली। जब मैं घर से बाहर निकला तो देखा कि मेरे घर के सामने स्थित मेरा टाटी-करकट का घर, जिसमें घरेलू सामान रखा हुआ था, तथा माल-जाल भी उसी घर में थे आग लगी हुई थी। आग काफी भयावह थी जिस कारण तत्काल दमकल गाड़ी को बुलाया गया तथा स्थानीय पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। दमकल गाड़ी के आने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। उक्त अगलगी की घटना में मुझे काफी आर्थिक क्षति हुई है। उसने बताया की करीब दो माह पूर्व मेरे दियाद नरेश यादव एवं रोहित कुमार के साथ जमीन संबंधी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। उक्त विवाद के दौरान दोनों व्यक्तियों द्वारा मुझे एवं मेरे परिवार को आग लगाकर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इसके अतिरिक्त 19 अगस्त को भी सुबह मेरी मोटरसाइकिल में सॉर्ट सर्किट के कारण आग लगा था । यह घटना में भी उक्त दोनों व्यक्तियों कि पूर्ण संलिप्तता है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## बेनीपुर एक्साइज कोर्ट बना 11 थानों का केंद्र

**बेनीपुर(एनएसबी)।** बेनीपुर अनुमंडल को न्यायिक क्षेत्र में ऐतिहासिक सौगात मिली है। पटना उच्च न्यायालय ने बेनीपुर एक्साइज कोर्ट के क्षेत्राधिकार का विधिवत विस्तार करते हुए इसे बेनीपुर और बिरौल अनुमंडल के कुल 11 थानों का केंद्र बना दिया है।इस निर्णय के बाद अब आम लोगों को छोटे-छोटे उत्पाद वादों के लिए दरभंगा का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय अब द्वार पर मिलेगा।कैबिनेट से कोर्ट तक का सफरप्राप्त जानकारी के अनुसार, बिहार सरकार ने जनहित में बेनीपुर एक्साइज कोर्ट के सशक्तिकरण का प्रस्ताव कैबिनेट में पारित किया था। इस प्रस्ताव में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद दरभंगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अनुरोध पत्र पर कार्रवाई करते हुए पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर सिंह ने अधिसूचना जारी की है। बेनीपुर मे बहेड़ा, अलीनगर, घनश्यामपुर, बिरौल, कुशेश्वरस्थान, जमालपुर, बरगांव, नदी, तिलकेश्वर, एक्साइज बेनीपुर एवं एक्साइज बिरौल थानों के सभी उत्पाद (एक्साइज) वादों की सुनवाई अब बेनीपुर एक्साइज कोर्ट में होगी।अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति (युवा प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता सुशील कुमार चौधरी ने निर्णय का स्वागत किया है। यह बेनीपुर के लिए न्यायिक क्रांति है। इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संजय कुमार झा, कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर सिंह तथा जिला न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा को बेनीपुरवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

## गोद लिए सिमरी थाना का डीएसपी ने किया निरीक्षण

**पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर दिया जोड़**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उसका नियमानुसार त्वरित समाधान करे। सिमरी थाना को गोद लेने के बाद शनिवार को निरीक्षण में पहुंचे डीएसपी शशि भूषण सिंह ने पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय बनाने पर जोर दिया। थाना की कार्यप्रणाली और क्षेत्र की विधि-व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने थाना के विभिन्न अभिलेखों, लंबित कांडों, अनुसंधान की प्रगति, वारंट एवं गिरफ्तारी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा गंभीर



मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश थानाध्यक्ष अरविंद कुमार दिया। नियमित गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और अपराध नियंत्रण के लिए सक्रियता के संबंध में बताया। डीएसपी ने थाना की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। मौके पर सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, दरोगा पन्नालाल सिंह, लालकृष्ण यादव, पीटीसी सतीश कुमार आदि मौजूद थे।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी की मौत

**मिथिला विवि में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत थी पत्नी**

**दरभंगा(एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र के भालपट्टी- लोआम सड़क पर मदरसा चौक के पास लोआम मे तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से बाइक सवार पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठीं उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। मृतक की पहचान मधुबनी जिला के रहिका थाना क्षेत्र के घटधारा निवासी विशुनदेव भंडारी के पुत्र नवीन कुमार भंडारी 40 वर्ष के रूप में की गई है। उनकी पत्नी का इलाज दिल्ली मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वे बबीता कुमारी 34 वर्ष बताई जाती हैं। परिजनों के अनुसार वे ललित नारायण मिथिला विश्विद्यालय के हिंदी स्नातकोत्तर विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर तैनात हैं। बताया जाता है कि रोज की तरह उनके पति नवीन भंडारी उन्हें दरभंगा से साथ लेकर बाइक से घर के लिए निकले थे। पति- पत्नी हेलमेट लगाकर बाइक पर सवार थे। इसी दौरान लोआम- छतवन के पास तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को रौंद दिया। उन्हें रौंदने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर डायल 112 को फोन किया गया लेकिन वह नहीं पहुंची और भालपट्टी के थानाध्यक्ष घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटनास्थल पर एंबुलेंस नहीं बुलाए जाने को लेकर ग्रामीण भड़क गए। डायल 112 के एएसआई अरुण कुमार पासवान ने उन्हें शांत कराया। इसके बाद पति-पत्नी को गाड़ी पर लादकर डीएमसीएच की ओर रवाना हुई। हालांकि महिला की हालत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए दिल्ली मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। इसके उपरांत वे नवीन भंडारी को लेकर डीएमसीएच पहुंचे। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन डीएमसीएच पहुंचे। सदर, भालपट्टी और बेंता थाना की पुलिस ने डीएमसीएच पहुंचकर कागजी कार्रवाई पूरी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है।

मृतक के चचेरे भाई सचिन भंडारी के अनुसारमृतक को एक पुत्र और एक पुत्री हैं। नवीन भंडारी चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। इलाज के दरमियान पत्नी की भी मौत हो गई।



डीएमसीएच के पोस्टमार्टम में मृतक के परिजन एवं अन्य

# मनोकामना मंदिर प्रांगण में लगाया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**दरभंगा(एनएसबी)।** अखिल भारतीय हिन्दू जागरण सेवा समिति (रजिस्टर्ड), दरभंगा, बिहार द्वारा शनिवार की शाम मनोकामना मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा से पूर्व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजननकिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय हिंदू जागरण सेवा समिति, दरभंगा के संस्थापक व पूर्व विधायक अमरनाथ गामी ने कहा कि चिकित्सा सेवा में - डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शंकर गुप्ता, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट मनीष महासेठ आदि शामिल थे।



# दर्शनशास्त्र विभाग में संगोष्ठी आयोजित



**दरभंगा।** विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में ह्लवर्तमान परिपेक्ष में दर्शनशास्त्र की प्रासंगिकताह्व विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का गरिमामय आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलन से शुभारंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. शिखर वासनी ने की। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो. निखिल रंजन प्रकाश विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग बी आर ए बी यू मुजफ्फरपुर ने समकालीन जीवन की चुनौतियों के संदर्भ में दर्शनशास्त्र की महत्ता रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को धैर्य, विवेक एवं सकारात्मक दृष्टि अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. प्रियंका राय ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। स्वागत उद्बोधन डॉ. आदित्य कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजीव कुमार साह ने किया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत झा सहित दोनों विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन ईशान ने किया।

# लगमा पंचायत में 15 गरीब परिवारों को मिला बंदोबस्ती प्रमाणपत्र

**तारडीह(एनएसबी)।** तारडीह प्रखंड की लगमा पंचायत में गरीब परिवारों को सरकारी जमीन पर बसने का अधिकार देते हुए बंदोबस्ती प्रमाणपत्र वितरित किया गया। अंचल अधिकारी तारडीह आलोक कुमार एवं लगमा पंचायत के मुखिया रामनरेश चौधरी के द्वारा पंचायत के 15 गरीब परिवारों के बीच बंदोबस्ती प्रमाणपत्र का वितरण किया गया।बताया गया कि ये सभी परिवार पूर्व से सरकारी जमीन पर रह रहे थे। बंदोबस्ती प्रमाणपत्र मिलने से इन परिवारों को अपने आवास एवं भूमि पर वैधानिक अधिकार प्राप्त होगा। प्रमाणपत्र मिलने के बाद लाभुक परिवारों में खुशी का माहौल रहा।इसके अतिरिक्त तारडीह प्रखंड के छह गरीब परिवारों को 15 अगस्त को दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री के हाथों बंदोबस्ती प्रमाणपत्र प्रदान किया गया था। इस पहल से सरकारी जमीन पर वर्षों से रह रहे गरीब परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है।



# प्रतिदिन सुबह का नाश्ता और एक घंटे शारीरिक गतिविधि जरूर करें बच्चे: डॉ. ओम प्रकाश

**डीएवी दरभंगा में दो सौ से अधिक बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली का प्रशिक्षण**

**दरभंगा(एनएसबी)।** भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी (आईएपी) के ह्लसंकल्पः संपूर्ण स्वास्थ्यह्व कार्यक्रम के अंतर्गत डीएवी विद्यालय, दरभंगा में प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य-जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक विद्यार्थियों तथा बीस से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। बच्चों एवं शिक्षकों को डॉ. ओम प्रकाश और डॉ. अमृता मिश्रा ने प्रशिक्षण दिया।चिकित्सकों ने बताया कि संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद, नियमित शारीरिक गतिविधि और खुले वातावरण में खेलने की आदत अपनाकर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी गैर-संचारी बीमारियों की रोकथाम बचपन से ही की जा सकती है। बच्चों को सुबह का नाश्ता कभी नहीं छोड़ने तथा तीन मुख्य भोजन और दो पौष्टिक अल्पाहार सहित प्रतिदिन पांच बार संतुलित भोजन करने की सलाह दी गई। उन्हें अपनी थाली का आधा भाग विभिन्न रंगों के मौसमी फल एवं सब्जियों से भरने, फलों का रस पीने के बजाय साबुत फल खाने तथा तले-भुने, अत्यधिक मीठे, नमकीन और पैकेटबंद जंक फूड से बचने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटे शारीरिक गतिविधि करने, खेल के मैदान और हरियाली में अधिक समय बिताने तथा मनोरंजन के लिए स्क्रीन का समय प्रतिदिन दो घंटे से कम रखने का संदेश दिया गया। उन्हें भोजन करते समय मोबाइल फोन या टेलीविजन नहीं देखने, सोने से कम से कम एक घंटे पहले सभी स्क्रीन बंद करने और प्रतिदिन लगभग दस घंटे की पर्याप्त नींद लेने का महत्व समझाया गया। बच्चों से ह्लस्क्रीन टाइम घटाएं, ग्रीन टाइम बढ़ाएंह्व का संकल्प भी दिलाया गया। विद्यालय की प्राचार्या स्निग्धा स्नेहा ने कार्यशाला के सुचारु एवं सफल आयोजन के लिए विशेष प्रयास किए और पूरी व्यवस्था का सक्रियतापूर्वक समन्वय किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिभागियों के रूप में एस.के. रॉय, कुमारी निशा, ऋचा, कविता, साक्षी, सुपर्णा, बरखा, अंजलि, प्रिया कौशिक, सीमा, प्रियंका, स्वाति, ऋतु, चंचला, प्रवीण, रवि राजा, यतीन्द्र, सोमनाथ, अमित, मृत्युंजय, बर्मन, शशिभूषण और संगीता ने भाग लेकर बच्चों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।



कार्यक्रम में डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. अमृता

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अध्यक्ष और सचिव के क्रियाकलाप से कराया अवगत

**दरभंगा(एनएसबी)।** रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा की कार्यकारिणी की बैठक जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष कौशल कुमार के दिशा निर्देश में समाहरणालय के अंबेडकर सभागार में आयोजित की गई। रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा शाखा को सुचारू ढंग से चलाने के लिए कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी सह अध्यक्ष कौशल कुमार को कुछ दिनों पूर्व ज्ञापन देकर चेयरमैन और सचिव के क्रियाकलाप से अवगत करवाया, क्योंकि रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा शाखा पूर्ण रूप से सामाजिक कार्य करने से काफी प्रभावित हो रही थी एवं सामाजिक कार्य को व्यवस्थित रूप ने नहीं किया जा रहा था। सदस्यगण काफी क्षुब्ध थे। । तत्पश्चात जिलाधिकारी सह अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई कर बैठक का आह्वान किया। बैठक में सभी कार्यकारिणी ने रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा को सुचारू ढंग से चलाने के लिए अपना- अपना मंतव्य लिख कर लिफाफे में बंद कर आपदा प्रबंधन उपसमाहर्ता सलीम अख्तर, पंचायती राज पदाधिकारी पवन यादव एवं सदर एस डी ओ 2 सोनल कुमार की उपस्थिति में सुपुर्द किया गया। चेयरमैन डॉ राज अरोड़ा अपनी गंभीर बीमारी को लेकर अनुपस्थित रहे। वाइस चेयरमैन डॉ बी बी शाही, राज्य प्रतिनिधि डॉ राम बाबू खेतान, संयुक्त सचिव आलोक कुमार मुन्ना कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार, पैट्रन नीरज खेरिया, सतीश सिंह, लता खेतान , रविन्द्र यादव, रजी अख्तर, प्रकाश रंजन सिंह, मनीष कुमार सिंह, अजहर सुलेमान, राजेश बोहरा, आशीष सर्राफ, सुनील सिंह ओपी, एवं कई गणमान्य उपस्थित रहे।



रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण

# पब्लिक स्कूल लालबाग के बच्चों ने राखी और मेंहदी रचे मेरे हाथ प्रतियोगिता में लिया भाग

**दरभंगा (एनएसबी)।** पब्लिक स्कूल, लालबाग के तत्वावधान में शनिवार को विद्यालय परिसर में ह्यराखी और मेंहदी रचे मेरे हाथह्ण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के पावन अवसर को केंद्र में रखकर आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा षष्ठी से दशम वर्ग तक के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी कला, कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए आकर्षक राखियां बनाईं तथा हाथों पर मनमोहक मेंहदी की कलाकृतियां उकेरीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के सचिव डॉ. बी. के. मिश्रा ने कहा कि मेंहदी केवल श्रृंगार का माध्यम नहीं, बल्कि इसका धार्मिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी है। मेंहदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है, जिसका प्रयोग विभिन्न समुदायों की महिलाएं करती हैं।विद्यालय के निदेशक राहुल मिश्रा ने दूरभाष के माध्यम से अपने संदेश में कहा कि मेंहदी अपने औषधीय गुणों के कारण भी महत्वपूर्ण है तथा भारतीय संस्कृति में इसे सौभाग्य और शुभता का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने राखी निर्माण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने वाला पर्व नहीं, बल्कि यह परिवार और समाज को प्रेम एवं आत्मीयता के सूत्र में बांधने का संदेश भी देता है। कार्यक्रम का आगाज संगीताचार्य सुहाग लास दास के नेतृत्व में कजरी गायन ह्लअरे रामा रिमझिम बरसे पनिया, झूले राधा रनिया हे हरी" से हुआ। प्रज्ञा, खुशी और सृष्टि के इस केजरी गायन ने प्रतिभागियों तथा श्रोताओं का मन मोह लिया।

मेहंदी प्रतियोगिता के जूनीयर वर्ग में सृष्टि झ्र सौम्या प्रथम; शिवानी -निधि द्वितीय, तथा रीबा हसन झ्र राधिका तृतीय स्थान पर रहे। रिमशा - स्वाती को सांत्वना पुरस्कार के लिए नामित किया गया वहीं सीनीयर वर्ग में कोमल झ्र इल्मा प्रथम;अर्चना झ्र आँचल द्वितीय, तथा साक्षी झ्र वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहे।राखी निर्माण के जूनीयर वर्ग में प्रतिभा मिश्रा प्रथम; प्रीति द्वितीय, तथा अनुष्का झ्र सांभवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनीयर वर्ग में नारायण नाथ सिंह को प्रथम घोषित किया गया। प्राचार्य डॉ यू के सिंह ने सभी प्रतिभागियों को आगामी पुरस्कार वितरण समारोह मे पुरस्कृत करने की घोषणा की।



मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

## संक्षिप्त खबरें

### एक माह से गैरहाजिर चौकीदार को एसपी ने किया तलब

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड अंतर्गत मथुरापुर थाना में तैनात एक चौकीदार के करीब एक माह से बिना सूचना के ड्यूटी से गायब रहने का मामला सामने आया है। लगातार अनुपस्थित रहने और थानाध्यक्ष के स्तर से कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद ड्यूटी पर योगदान नहीं करने को पुलिस विभाग ने गंभीरता से लिया है। जानकारी के अनुसार मथुरापुर थाना के चौकीदार सूरज पासवान पिछले करीब एक माह से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हैं। बताया गया है कि थानाध्यक्ष राहुल कुमार द्वारा उन्हें ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए कई बार सूचना दी गई, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपना योगदान नहीं दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने चौकीदार सूरज पासवान के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।निलंबन अवधि में उन्हें सामान्य जीवन-यापन भत्ता देय होगा। पुलिस अधीक्षक ने आदेश दिया है कि चौकीदार अपना स्पष्टीकरण विभागीय कार्रवाई के संबंध में तीन दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। निलंबन अवधि के दौरान सूरज पासवान का मुख्यालय पुलिस केंद्र, समस्तीपुर निर्धारित किया गया है। अब उनके द्वारा दिए जाने वाले स्पष्टीकरण और विभागीय स्तर पर होने वाली आगे की कार्रवाई पर नजर रहेगी।

### विभिन्न गांवों में मारपीट, महिला समेत छह घायल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत छह लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया।घायलों की पहचान गोपालपुर गांव निवासी राज किशोर महतो, गणेश दास, प्रमिला देवी, अर्जुन कुमार, अजीत कुमार एवं अमित कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटनाएं हुईं, जिसमें उक्त सभी लोग घायल हो गए।घटना के बाद आसपास के लोगों और परिजनों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सभी का इलाज शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। फिलहाल सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। मारपीट की घटनाओं को लेकर संबंधित पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर मामले को लेकर चर्चा जारी है। पुलिस की ओर से घटना के कारणों और विवाद के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### राज्यस्तरीय डाटा इंट्री ऑपरेटर एकता मंच की समस्तीपुर जिला इकाई गठित, सुमन सौरभ बने अध्यक्ष

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** राज्यस्तरीय डाटा इंट्री ऑपरेटर एकता मंच के बैनर तले बिहार सरकार के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत बेल्ट्रॉन निगम के माध्यम से कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समस्तीपुर जिला इकाई का गठन करना तथा संवर्ग हितों को लेकर आगामी रणनीति तैयार करना था। बैठक में उपस्थित सभी डाटा इंट्री ऑपरेटरों ने लोकतांत्रिक तरीके से जिला इकाई के पदाधिकारियों के नामों पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इसके तहत सुमन सौरभ को जिला अध्यक्ष, पवन कुमार को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, संजय कुमार को महासचिव, रंजन कुमार एवं रीना कुमारी को सचिव तथा संजय कुमार पौद्दार को कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया गया। वहीं सरोज कुमार, सुनीता कुमारी, रौशन कुमार सहित अन्य साथियों के नाम प्रदेश स्तर से नामित करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव एवं सुझाव दिया गया।बैठक में संवर्ग हितों को लेकर राज्य स्तर पर निर्णय लेने के लिए भी समस्तीपुर जिला के डाटा इंट्री ऑपरेटरों ने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे। बैठक में कहा गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं बिहार सरकार के महाधिवक्ता द्वारा दिए गए सुझावों एवं निर्देशों के आलोक में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत बेल्ट्रॉन निगम के माध्यम से कार्यरत सभी कर्मियों के लिए बिना किसी शर्त के विशेष नियमावली बनाकर उनके समायोजन की व्यवस्था की जानी चाहिए। इस संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री एवं मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगों को रखने का निर्णय लिया गया।बैठक में यह भी प्रस्ताव दिया गया कि यदि सरकार डाटा इंट्री ऑपरेटरों की मांगों को नजरअंदाज करती है तो पटना में दो दिवसीय महाआंदोलन करने पर विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा बेल्ट्रॉन निगम द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण लगभग पांच हजार अभ्यर्थियों में से प्रतीक्षा पैनल में शेष करीब 2400 अभ्यर्थियों के नियोजन अथवा प्रतिनियुक्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठाई गई।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर संवर्ग हितों की लड़ाई को लोकतांत्रिक एवं संगठित तरीके से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### अंचल कार्यालय में जनता दरबार, चार भूमि मामलों का हुआ निष्पादन



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचल अधिकारी कुमार हर्ष एवं एसआई अर्चना कुमारी की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल नौ भूमि संबंधी मामले आए। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पक्षों की समस्याओं एवं दावों की जानकारी ली। सुनवाई के बाद चार मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं, शेष पांच मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उनका निष्पादन नहीं हो सका। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों को आवश्यक दस्तावेज एवं प्रक्रिया पूरी करने की जानकारी दी। शेष मामलों की सुनवाई अगली निर्धारित तिथि को की जाएगी। जनता दरबार के माध्यम से भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन को लेकर प्रशासन की ओर से लगातार पहल की जा रही है। मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार व फरियादी मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य की चिंता हमारी प्राथमिकता -चौरसिया,

**सरायरंजन।** जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, अखिलयारपुर के कार्यकर्ताओं के चेहरे आज उस समय खिल उठे, जब संस्था के अध्यक्ष गौरीशंकर चौरसिया ने आगे आकर उनकी जमीनी दिक्कतों को समझा। क्षेत्र में लगातार बदल रहे मौसम, चिलचिलाती धूप और अचानक होने वाली बारिश के बीच काम करने वाले



कार्यकर्ताओं की सहूलियत के लिए शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष श्री चौरसिया ने सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले बैग, मजबूत छाते और पानी को लंबे समय तक ठंडा रखने वाली वातानुकूलित (इंसुलेटेड) बोतलें प्रदान कीं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ता ही संस्था की असली ताकत हैं। उनके स्वास्थ्य और सुविधा का ध्यान रखना हमारी पहली जिम्मेदारी है। यह सामग्री उन्हें काम के दौरान मौसम की मार से सुरक्षित रखने में मदद करेगी। अपने दक्ष व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि इन जरूरी चीजों से न सिर्फ उनका मनोबल दोगुना हो गया है बल्कि उन्हें क्षेत्र में काम करने में आसानी होगी। मौके पर प्रेरणा कुमारी, वीणा कुमारी, ललिता कुमारी, रविन्द्र पासवान, रामप्रित चौरसिया हर्ष मोहन कुमार, प्रवीण कुमार और कंचन कुमारी उपस्थित थे।

### दुधपुरा बाजार में जलजमाव से बढ़ी परेशानी, दुर्गंध से बीमारी फैलने की आशंका

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** हसनपुर प्रखंड अंतर्गत दुधपुरा बाजार में बारिश के पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण लंबे समय से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर पानी जमा रहने से आसपास गंदगी और तेज दुर्गंध फैल रही है। इससे दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।दुधपुरा निवासी राजद के निवर्तमान जिला सचिव दुनटुन कुमार ने बताया कि बाजार में बारिश के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर ही पानी जमा है। लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। गंदे पानी से निकल रही दुर्गंध के कारण बाजार का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।

# ‘वित्तीय ज्ञान मेला सप्ताह 2026’ वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन और साइबर सुरक्षा को लेकर



कार्यक्रम में अतिथि व अन्य।



स्वागत गीत प्रस्तुत करते बच्चे।



उपस्थित लोग।।ीड़।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की वित्तीय बाजार एवं निवेशक जागरूकता समिति के तत्वावधान तथा सीआईआरसी की दरभंगा शाखा द्वारा आयोजित ह्यवित्तीय ज्ञान मेला सप्ताह 2026ह्ल के तहत शनिवार को समस्तीपुर में एक दिवसीय विशाल वित्तीय साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया गया। बायपास रोड स्थित उत्सव पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार सहित जिला प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन के वरीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन, व्यापारियों, शिक्षकों, पेशेवरों, विद्यार्थियों एवं परिवारों को वित्तीय साक्षरता, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, कर संबंधी जानकारी तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जब देश का हर वर्ग—गृहिणी, किसान, व्यापारी और विद्यार्थी—वित्तीय रूप से जागरूक एवं सुरक्षित होगा, तभी विकसित भारत @2047 का सपना साकार होगा। वहीं विधान पार्षद डॉ. तरुण कुमार ने कहा कि वित्तीय ज्ञान केवल व्यापारियों या वित्तीय विशेषज्ञों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार और नागरिक के लिए आवश्यक है। आईसीएआई प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं टेक्नो मिशन स्कूल के बच्चों के स्वागत गीत और सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात आगत अतिथियों का पाग, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। दरभंगा शाखा के अध्यक्ष सीए गिरिधारी लाल अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा और सशक्तीकरण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। तकनीकी सत्रों में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फ्रॉड, यूपीआई और बैंकिंग स्कैम से बचाव, ओटीपी सुरक्षा, स्मार्ट बचत एवं बजट प्रबंधन, बीमा, म्यूचुअल फंड, आयकर, जीएसटी, वित्तीय योजना, एमएसएमई योजनाओं तथा नकदी प्रवाह प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंटों ने विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी सत्र में विशेषज्ञों से सीधे सवाल भी किए। वहीं स्कूली छात्रों द्वारा विषय से संबंधित प्रस्तुतियां भी दी गईं। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर आईसीएआई दरभंगा शाखा के उपाध्यक्ष प्रवीण भूषण, सचिव सीए श्याम कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज तेजा, पंकज मिश्रा, अजीत पाल, सहित बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं एके लाल, दीपक कुमार, रजनीश अग्रवाल, अरुण कुमार, विमल केडिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ऑनलाइन मित्रता के जाल से बचें : जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

समस्तीपुर(**एनएसबी**)। जिला प्रशासन, समस्तीपुर के मार्गदर्शन में जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, समस्तीपुर एवं क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू के संयुक्त तत्वाधान में द्वारा बच्चों को ऑनलाइन यौन शोषण, साइबर ठगी एवं फर्जी ऑनलाइन मित्रता के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बच्चों को बताया गया कि सोशल मीडिया या ऑनलाइन गेम के माध्यम से बनने वाली अनजान लोगों की मित्रता कई बार ब्लैकमेल, आर्थिक ठगी और ऑनलाइन यौन शोषण जैसी गंभीर घटनाओं का कारण बन सकती है।कार्यक्रम में बच्चों को अपनी निजी जानकारी, फोटो और वीडियो किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने, संदिग्ध चैट या वीडियो कॉल से बचने तथा किसी भी प्रकार की धमकी या ब्लैकमेल की स्थिति में तुरंत अपने अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने की सलाह दी गई।इस दौरान क्राई-चाइल्ड राइट्स एंड यू, कोलकत्ता और चानक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना के सहयोग से समस्तीपुर शहरी क्षेत्र के 250 किशोर-किशोरियों, उनके माता-पिता और विभिन्न सेवा प्रदाता के साथ इससे संबंधित बातचीत, अध्ययन, सर्वेक्षण जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के द्वारा किया गया।इस दौरान बच्चों को साइबर अपराध की शिकायत के लिए राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, cybercrime.gov.inतथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि डिजिटल दुनिया में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है और बच्चों की सुरक्षा के लिए परिवार, विद्यालय तथा समाज सभी की साझा जिम्मेदारी है। मौके पर डॉ. दिप्ती कुमारी, चंचला कुमारी, शोभानंद सिंह, पप्पू यादव, मयंक कुमार सिंहा और रवि कुमार मिश्रा ने अपने-अपने विचार रखे। जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि, बच्चों के साथ नियमित रूप से ऑनलाइन सुरक्षा पर बातचीत करें। उनकी डिजिटल गतिविधियों पर सकारात्मक निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध घटना की तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें।

### जनता दरबार में 10 फरियादी पहुंचे, तीन मामलों का हुआ निष्पादन

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं और पुराने एवं नए मामलों को लेकर कुल 10 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू की। इनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष सात फरियादियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अगले जनता दरबार में उपस्थित होने को कहा गया।जनता दरबार में निष्पादित मामलों से जुड़े फरियादियों में रमेश कुमार सिंह, परीक्षण पासवान, नंद किशोर महतो, राम बुझावन महतो, भोला पासवान एवं रामाकांत पासवान के नाम शामिल हैं।

## अंतिम सोमवारी को लेकर प्रशासन अलर्ट, पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना



मीडिया कर्मियों को जानकारी देते एसडीओ व एएसपी।

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** सावन की अंतिम सोमवारी पर थानेश्वर स्थान मंदिर में जलाभिषेक के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की है। शनिवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने मीडिया कर्मियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक तैयारियों और यातायात व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी।बैठक में सदर एसडीपीओ संजय कुमार पाण्डेय और ट्रैफिक डीएसपी अभिषेक चौबे भी मौजूद रहे। एसडीओ ने बताया कि अंतिम सोमवारी पर थानेश्वर स्थान मंदिर में करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए शहर में यातायात नियंत्रण, सुरक्षा, बैरिकेडिंग और भीड़ प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की गई है। ताजा रिपोर्टों में भी बसों को पटेल मैदान से चलाने और मंदिर क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने की तैयारी की पुष्टि हुई है।

#### पटेल मैदान से होगा बसों का परिचालन

एसडीओ ने बताया कि रविवार और सोमवार को कर्पूरी बस पड़ाव के बजाय पटेल मैदान से विभिन्न मार्गों के लिए बसों का परिचालन किया जाएगा। बड़े वाहनों के परिचालन को भी रात से सुबह तक आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा। इस संबंध में मोटर व्यवसायी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर यातायात व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया है। प्रशासन का उद्देश्य शहर में बसों और अन्य यात्री वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाना है।

#### कांवरिया पथ पर बाइक परिचालन प्रतिबंधित

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए शहर में बाइक की आवाजाही भी नियंत्रित की जाएगी। बाइक सवारों को हॉस्पिटल गोलंबर, डीआरएम कार्यालय और भोला टॉकीज रेलवे गुमटी तक ही जाने की अनुमति होगी। इसके आगे कांवरिया पथ पर बाइक का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। बैरिकेडिंग वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं की आवाजाही पर भी नजर रखेंगे।

#### मंदिर में अलग-अलग कतार, सीसीटीवी से निगरानी

थानेश्वर स्थान मंदिर परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर के अंदर 100 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा सादे वर्दी में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। अंतिम सोमवारी को लेकर मंदिर के आसपास अतिक्रमण हटाने और मार्गों को सुचारु रखने की कार्रवाई भी प्रशासन द्वारा की जा रही है।

#### श्रद्धालुओं से प्रशासन ने की सहयोग की अपील

एसडीओ राकेश कुमार ने श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम सोमवारी पर बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में किसी तरह की परेशानी न हो और शहर में यातायात एवं विधि-व्यवस्था सुचारु बनी रहे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पुलिस एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग और नियमों का पालन करें तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### शाम 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक चलेगा कांवरिया सेवा शिविर, अपोलो डेंटल प्रमुख ने लिया तैयारियों का जायजा



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हर वर्ष की तरह माता राम कुमारी देवी की स्मृति में आयोजित कांवरिया सेवा शिविर की तैयारियों का जायजा लेने शिविर के आयोजक सह अपोलो डेंटल के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शनिवार को विशनपुर चौक पहुंचे। इस दौरान उनके साथ लोजपा के वरिष्ठ नेता नीरज भारद्वाज भी मौजूद थे।शिविर स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने के बाद डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि यह कांवरिया सेवा शिविर पिछले 15 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस सेवा शिविर की शुरूआत उनकी माता स्वर्गीय राम कुमारी देवी ने की थी। हम उनकी सेवा भावना से प्रेरित हो कर उसी परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में कांवरियों एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। ताकि जलाभिषेक के लिए जाने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की तकलीफ या परेशानी न हो। कांवड़ियों की सेवा और समर्पण की भावना से आयोजित यह शिविर कांवरियों के लिए 23 अगस्त 2026 की शाम 6 बजे से शुरू होकर सोमवार, 24 अगस्त 2026 की सुबह 6 बजे तक चलेगा। आयोजकों ने शिवभक्तों एवं स्थानीय लोगों से शिविर में पहुंचकर सेवा व्यवस्था का लाभ लेने तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की।

## सावन के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर डीएम एवं एसपी ने किया विधि-व्यवस्था की तैयारियों का निरीक्षण



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले के विभिन्न शिवालयों, विशेषकर प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन विधि-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर एक्शन मोड में है। इसी क्रम में शनिवार जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से थानेश्वर स्थान मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम थानेश्वर स्थान मंदिर परिसर का भ्रमण किया तथा मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की संभावित व्यापक भीड़ के मद्देनजर प्रवेश एवं निकास के लिए व्यवस्थित मार्ग, पर्याप्त बैरिकेडिंग तथा भीड़ के सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही पूरी कर लें। वहीं, आरक्षी अधीक्षक श्री सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी तथा भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी एवं निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को पूरी तरह अलर्ट मोड में रखने को कहा।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक एवं पार्किंग व्यवस्था की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मंदिर के आसपास अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो तथा वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल एवं यातायात प्रबंधन की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू की जाए।जिलाधिकारी ने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान, पर्याप्त पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए त्वरित सहायता एवं सूचना की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहेगा। श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित तरीके से पूजा-अर्चना का अवसर उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संबंधित पदाधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब तस्कर मो. शामी अहमद गिरफ्तार

बिस्फी (एनएसबी)।पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार के नेतृत्व मे चल रहे छापेमारी अभियान के दौरान कठैला गांव निवासी मो. शामी अहमद पिता स्व. जैनूल को 10 बोतल शराब एवं एक टीवीएस मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है .थानाध्यक्ष अनुराग कुमार ने बताया कि आगे भी शराब कारोबारी के विरुद्ध छापेमारी जारी रहेगी

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय खजौली के नए प्राचार्य के रुप में डाक्टर अमरनाथ प्रसाद

**खजौली (एनएसबी)।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय खजौली के नए प्राचार्य के रुप में डाक्टर अमरनाथ प्रसाद ने शुक्रवार को योगदान किया। योगदान पश्चात निवर्तमान प्राचार्य डाक्टर नन्द कुमार से उन्होने पदभार ग्रहण किया। इस क्रम में कॉलेज के कर्मियों ने पाग एवं दोपटा से उनका स्वागत किया। इस अवसर प्राचार्य डाक्टर अमरनाथ प्रसाद ने कहा कि कॉलेज में अनुशासन बनाए रखना एवं छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। ज्ञात हो कि डाक्टर श्री प्रसाद इससे पूर्व जेएन कॉलेज लहेरियासराय दरभंगा में मनोविज्ञान विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट के रुप में पदस्थापित थे। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक शिखा चौधरी, जीवेश कुमार, डाक्टर छोटू पासवान, प्रधान सहायक अभिषेक झा, कमलेश कुमार यादव आदि उपस्थित थे।



### मधुबनी के स्टार्टअप एवं उद्यमिता इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**मधुबनी,(एनएसबी)।** 21 अगस्त, विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर स्टार्टअप सेल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, मधुबनी द्वारा स्टार्टअप बिहार, उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से विषय पर एक विशेष उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, युवा उद्यमियों, स्टार्टअप्स एवं शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर कुमार हार्दिक के स्वागत एवं उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने मधुबनी में पिछले लगभग तीन वर्षों के दौरान स्टार्टअप एवं उद्यमिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों तथा जिले में एक मजबूत विकसित करने की दिशा में की गई पहल पर प्रकाश डाला।



### एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा, तीन माह में सामने आए 9 मामले

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।**अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के तहत गठित अनुमंडल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक एसडीओ कार्यालय प्रकोष्ठ में हुई। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरूआत अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी नीतू कुमारी ने अधिनियम एवं नियमावली, 1995 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देकर की। इस दौरान पूर्व बैठक की कार्यवाही के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।बैठक में पिछले तीन माह के दौरान बेनीपट्टी अनुमंडल क्षेत्र में एससी-एसटी अत्याचार से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा में कुल 9 मामले सामने आने की जानकारी दी गई। इन मामलों में नियमानुसार मुआवजा भुगतान समेत अन्य आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।एसडीओ ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ पीड़ितों को विशेष सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कानून के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए समिति के सदस्यों से आम लोगों तक अधिनियम की जानकारी पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की, ताकि पीड़ितों को उपलब्ध कानूनी संरक्षण और अधिकारों की जानकारी मिल सके।बैठक में बीडीओ बेनीपट्टी महेश्वर पंडित, बिस्फी के बीडीओ बसंत कुमार सिंह, हरलाखी के बीडीओ रवि शंकर पटेल, मधवापुर के बीडीओ मनोज मूर्मू, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी गौतम आनंद, जय सुन्दर मिश्र, शिवशंकर पाण्डेय तथा अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी एससी-एसटी नीतू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।



### डी.बी. कॉलेज के प्रधानाचार्य बने डॉ. अयाज अहमद

**जयनगर (एनएसबी)।** डीबी कॉलेज, जयनगर के नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. अयाज अहमद ने शनिवार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार ने उन्हें विधिवत प्रधानाचार्य का पदभार सौंपा।इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. अयाज अहमद एवं पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार को मैथिल परंपरा के अनुसार पाग, चादर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ. अयाज अहमद ने महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास के लिए सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों से सहयोग, समन्वय एवं सकारात्मक सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए सभी के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. नंद कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय परिवार से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. अयाज अहमद को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुमंडल राजकीय महाविद्यालय बेनीपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ मोहित ठाकुर, शहबाज अहमद (जे.एन. कॉलेज, मधुबनी), डॉ. परशुराम सिंह (महिला कॉलेज, मधुबनी), डीबी कॉलेज के अर्थपाल डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह, डॉ. संजय कुमार पासवान, डॉ. अरविंद कुमार राय, डॉ. सिंकू कुमारी, डॉ. नीरज सागर, डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. मुकुल वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. रंजना, डॉ. भोला नाथ ठाकुर, डॉ. आनंद राज, डॉ. मदन पासवान, डॉ. सोगरा सहित गैर-शैक्षणिक कर्मी प्रधान सहायक कृष्णानंद झा, लेखपाल आलोक झा, साकेत सिंह एवं सुधांशु सिंह, संजय झा, विनोद मंडल समेत दर्जनों शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे।



# विधायकों के फोन का तत्काल जवाब दें अधिकारी, पत्राचार पर समय-सीमा में कार्रवाई का निर्देश



मुख्यमंत्री से मिलते मधुबनी के जनप्रतिनिधि फाइल फोटो

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला मुख्यालय में पिछले एक सप्ताह से जिला अधिकारी आनंद शर्मा के द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाने के मामले को लेकर मधुबनी के सांसद अशोक यादव, एमएलसी घनश्याम ठाकुर, विधायक सुधांशु शेखर, मीणा कामत, सुजीत पासवान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर लिखित शिकायत दिया गया था ' मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पत्र निकालकर एक आदेश जारी कराए हैं ' बिहार सरकार ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय तथा प्रोटोकॉल के प्रभावी अनुपालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मोहम्मद सोहैल ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर विधानसभा सदस्यों के प्रति प्रोटोकॉल, शिष्टाचार और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा है। विभाग के 21 अगस्त 2026 को जारी पत्र में 17 जुलाई 2026 को बिहार विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई वरीय अधिकारियों की बैठक का हवाला दिया गया है। बैठक में विधानसभा सदस्यों के प्रति अपेक्षित प्रोटोकॉल एवं शिष्टाचार के प्रभावी अनुपालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने पर जोर दिया गया था।

**कॉल मिस हो तो यथाशीघ्र करें वापस**

सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी विधानसभा सदस्य का फोन आने पर अधिकारी यथासंभव तत्काल उसका जवाब दें। अपरिहार्य कारणों से कॉल रिसीव नहीं हो पाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को यथाशीघ्र वापस फोन कर आवश्यक संवाद स्थापित करना होगा।

**पत्राचार पर समय-सीमा में कार्रवाई**

विधायकों से प्राप्त पत्रों की प्राप्ति की सूचना तत्काल देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, संबंधित पत्र पर की गई कार्रवाई अथवा उसकी वर्तमान स्थिति से निर्धारित समय-सीमा के भीतर विधानसभा सदस्य को अवगत कराने को कहा गया है। इससे जनहित से जुड़े मामलों में प्रशासनिक जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

**कार्यालय पहुंचने पर प्रोटोकॉल का पालन**

सरकार ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि किसी विधानसभा सदस्य के कार्यालय पहुंचने पर उनके पद और गरिमा के अनुरूप प्रोटोकॉल एवं शिष्टाचार का पालन किया जाए। अधीनस्थ कार्यालयों के पदाधिकारियों और कर्मियों से भी इन निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।सरकार के इस निर्देश को जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय तथा जनहित से जुड़े मामलों के समयबद्ध निष्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भटसिमर में कलाकार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया

**मधुबनी (एनएसबी)।** राजनगर प्रखंड के भटसिमर गांव में आज कलाकार पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिहार के प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार-2024 से सम्मानित श्री महेंद्र राम के गांव में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान रशनचौकी एवं *सखी-बहिनपा सहित विभिन्न लोक कला विधाओं से जुड़े कलाकारों को बिहार कलाकार पंजीकरण पोर्टल तथा कलाकार पेंशन योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कलाकारों को पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, कला प्रदर्शन से संबंधित प्रमाण-पत्र, फोटो एवं वीडियो अपलोड करने की प्रक्रिया के साथ-साथ कलाकार पेंशन योजना के लिए आवश्यक पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कलाकारों से अपील की गई कि वे अपनी कला एवं प्रतिभा को सरकारी स्तर पर पहचान दिलाने तथा विभिन्न अवसरों से जुड़ने के लिए बिहार कलाकार पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। साथ ही, पात्र कलाकारों से कलाकार पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करने का भी आग्रह किया गया। जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, मधुबनी द्वारा बताया गया कि कलाकार पंजीकरण अथवा कलाकार पेंशन योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 9931747796 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी गांव में बड़ी संख्या में कलाकार हैं और वहां कलाकार पंजीकरण शिविर आयोजित कराने की आवश्यकता है, तो संबंधित कलाकार अथवा ग्रामीण भी उक्त हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर शिविर आयोजित कराने के संबंध में जानकारी दे सकते हैं अपनी कला को दें पहचान, बिहार सरकार के साथ बढ़ाएं सम्मान और अवसर।




कलाकारों की समूह

### पूर्व मुखिया मिथिलेश मिश्रा के निधन को बताया अपूरणीय क्षतिः कृष्णकांत झा गुड्डू

मधुबनी (एनएसबी)। बेनीपट्टी प्रखंड की पाली पंचायत के पूर्व मुखिया मिथिलेश मिश्रा के निधन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान सचिव, खगड़िया जिला संगठन सृजन अभियान के प्रभारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृष्ण कांत झा गुड्डू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मिथिलेश मिश्रा का निधन क्षेत्र और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सरल, मिलनसार और जनहित के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। पंचायत एवं समाज के विकास में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।कृष्ण कांत झा गुड्डू ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।शोक व्यक्त करने वालों में अनिल कुमार झा, रंजन कुमार झा, सुनील कुमार झा, संजय कुमार झा, चंदन झा, पिंटू झा, शैलेंद्र झा, साहेब, कुसुमकांत झा, मो. सोहेब, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## पेपरलेस निबंधन के विरोध में कातिबों का प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी, निबंधन कार्य प्रभावित



बेनीपट्टी निबंधन कार्यालय

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के विभिन्न अवर निबंधन कार्यालयों में लागू की गई पेपरलेस निबंधन प्रणाली के विरोध में कातिबों (दस्तावेज लेखकों) का अनिश्चितकालीन विरोध शनिवार को छठवें दिन भी जारी रहा। कातिब संघ के सदस्यों ने अवर निबंधन कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर नई व्यवस्था का विरोध जताया। आंदोलन के कारण जमीन की रजिस्ट्री सहित अन्य निबंधन कार्य प्रभावित होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कातिब संघ के सदस्यों का कहना है कि सरकार की ओर से लागू पेपरलेस निबंधन व्यवस्था में कई खामियां हैं। उनका आरोप है कि नई व्यवस्था के कारण दस्तावेज तैयार करने और निबंधन कराने में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं। संघ के आह्वान पर कातिबों ने निबंधन प्रक्रिया में सहयोग बंद कर दिया है। आंदोलन के कारण जिले के विभिन्न निबंधन कार्यालयों में कामकाज प्रभावित बताया जा रहा है।कातिबों ने स्कैनिंग शुल्क में बढ़ोतरी, अनावश्यक पेज बढ़ाए जाने तथा कातिब एवं स्टांप वेंडरों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने का भी मुद्दा उठाया है। उनका कहना है कि पहले स्कैन शुल्क 500 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है। इससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिला अवर निबंधक कार्यालय के बाहर विरोध जताने वाले कातिब संघ के सदस्यों में मो. इस्माइल, मो. कलीम, अजय कुमार उर्फ श्याम जी, सुमन कुमार मिश्र सहित अन्य शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने पेपरलेस व्यवस्था की खामियों को दूर करने और पुरानी व्यवस्था में आवश्यक सुधार की मांग की।17 अगस्त से शुरू हुई प्रक्रिया, अब तक 12 लोग करा चुके निबंधन

जिला के सभी अवर निबंधन कार्यालयों में 17 अगस्त से पेपरलेस निबंधन प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला अवर निबंधक अजय कुमार झा के अनुसार, पेपरलेस निबंधन प्रक्रिया को लेकर लोगों में अच्छा रिस्पांस है। शुक्रवार शाम तक शनिवार को पेपरलेस प्रक्रिया से दस्तावेज निबंधन कराने के लिए 12 लोगों ने नंबर लगाया था।

रोजाना 10 से 12 लाख रुपये राजस्व प्रभावित होने का दावाबेनीपट्टी, समेत विभिन्न निबंधन कार्यालयों में पेपरलेस निबंधन प्रक्रिया शुरू होने के बाद जमीन की खरीद-बिक्री पर प्रतिकूल असर पड़ने की बात सामने आ रही है। पिछले पांच दिनों से जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों के निबंधन के लिए लोग कार्यालयों में इंतजार कर रहे हैं। कातिबों के आंदोलन के कारण निबंधन कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ है।कातिबों के अनुसार, निबंधन कार्य प्रभावित होने से सरकार को प्रतिदिन करीब 10 से 12 लाख रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। दस्तावेज लेखक चंद्रशेखर आजाद, मुरलीधर पाठक, श्याम नारायण भंडारी, कृष्ण कुमार यादव, हनुमान प्रसाद और शिवन यादव सहित अन्य ने कहा कि पेपरलेस व्यवस्था के कारण लोगों को जमीन की खरीद-बिक्री में परेशानी हो रही है। कई लोग स्टांप वेंडर से दस्तावेज नहीं लेना चाहते, जबकि गवाह और पहचानकर्ता के ओटीपी देने से कतराने की भी शिकायत सामने आ रही है।निबंधन कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को नई व्यवस्था को लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कातिबों का कहना है कि जब तक व्यवस्था की तकनीकी एवं व्यावहारिक खामियों को दूर नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। आंदोलन के कारण निबंधन कार्य ठप रहने से जमीन की रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं।

# 25 अगस्त को जिले के 54 शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होगा प्रथम विद्यार्थी सहयोग शिविर



जिला अधिकारी आनंद शर्मा

**मधुबनी (एनएसबी)।** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी समाधान तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से मधुबनी जिले में प्रथम ह्वविद्यार्थी सहयोग शिविरह्व का आयोजन दिनांक 25 अगस्त 2026 को किया जाएगा। जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित कुल 54 सरकारी शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों में आयोजित होने वाले इस शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। विद्यार्थियों के हित में राज्य सरकार द्वारा की गई इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। यदि चतुर्थ मंगलवार को अवकाश होगा तो शिविर का आयोजन अगले कार्य दिवस में किया जाएगा। सात निश्चय-3 के अंतर्गत ह्वसबका सम्मान, जीवन आसानह्व के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह पहल विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैविद्यार्थी सहयोग शिविर के माध्यम से विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक समस्याओं एवं शिकायतों को दर्ज करा सकेंगे। इसमें समय पर कक्षाओं का संचालन नहीं होना, शिक्षकों का समय पर कक्षा में नहीं पहुंचना अथवा अनुपस्थित रहना, समय पर परीक्षा का आयोजन नहीं होना, परीक्षाफल का समय पर प्रकाशन नहीं होना, अनधिकृत शुल्क की वसूली, बिजली, बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशाला, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, कोचिंग से संबंधित समस्याएं एवं अन्य प्रकार की शिकायतें शामिल हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दे सकेंगे। विद्यार्थियों द्वारा शिकायत एवं सुझाव विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से भी दर्ज किए जा सकेंगे। संबंधित शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावासों के वास्तविक विद्यार्थी ही पोर्टल पर निबंधन कर सकेंगे। शिविर एवं पोर्टल पर प्राप्त शैक्षणिक सुधार संबंधी सुझावों को संबंधित प्रशासी विभाग द्वारा समेकित किया जाएगा तथा उपलब्ध योजनाओं के अंतर्गत लागू किए जा सकने वाले सुझावों पर विभागीय स्तर से कार्रवाई की जाएगी। जिले में आयोजित होने वाले प्रथम विद्यार्थी सहयोग शिविर का संचालन दिनांक 25 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया जाएगा। शिविरों के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक प्रशासनिक पदाधिकारी एवं एक पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शिविरों का समय पर संचालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्राप्त सभी परिवादों को उसी दिन विद्यार्थी सहयोग शिविर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। सभी शिविर केंद्रों पर इंटरनेट सहित कंप्यूटर एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी संबंधित संस्थानों के प्राचार्यो एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे। आवश्यकतानुसार शिविर स्थलों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी को प्रशासी विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। वे पूरे जिले में आयोजित होने वाले विद्यार्थी सहयोग शिविरों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे तथा शिविर आयोजन के दिन संध्या में समेकित प्रतिवेदन प्रशासी विभाग को उपलब्ध कराएंगे। जिला स्तर पर आयोजित सहयोग शिविर के नोडल पदाधिकारी के रूप में श्री संतोष कुमार, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, मधुबनी पूर्व से नामित हैं। सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी भी दिनांक 25 अगस्त 2026 को अपने प्रभार क्षेत्र में आयोजित विद्यार्थी सहयोग शिविरों का भ्रमण कर शिविरों के समय पर प्रारंभ होने एवं सुचारू संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भी शिविरों का भ्रमण किया जाएगा। विद्यार्थी सहयोग शिविर में प्राप्त शिकायतों का अंतिम निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार अधिकतम 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। निस्तारित शिकायतों से असंतुष्ट विद्यार्थियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में भी अपनी बात रखने का अवसर प्राप्त होगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पदाधिकारियों, शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानों एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया है कि दिनांक 25 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले प्रथम विद्यार्थी सहयोग शिविर का सफल एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें।

**हंगामा धरना नारेबाजी और आरोप प्रत्यारोप की राजनीति की भेंट चढ़ गई नगर निगम बोर्ड की बैठक, सामान्य कार्यवाही हुई बाधित**

# हंगामे के बीच बेहोश हुए एक पार्षद, मची अफरातफरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर नगर भवन में शनिवार को मेयर निर्मला देवी साहू की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम बोर्ड की बैठक बिना किसी निष्कर्ष और नतीजे के नाराज पार्षदों के हंगामा, धरना, नारेबाजी और आरोप प्रत्यारोप की राजनीति की भेंट चढ़ गई। बैठक शुरू होते ही विकास कार्यो को लेकर पार्षदों का आक्रोश सामने आ गया। नाराज पार्षद नारेबाजी करते हुए सदन के वेल में पहुंच गए और नगर निगम प्रशासन पर कामकाज में शिथिलता का आरोप लगाते हुए वहीं धरना शुरू कर दिया।



सदन के वेल में आकर हंगामा करते नाराज वार्ड पार्षद गण।



बैठक के दौरान सदन में धरना देकर नारेबाजी करते पार्षद गण।

पार्षदों के विरोध के कारण बैठक की सामान्य कार्यवाही भी प्रभावित हो गई। नगर निगम बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों की कमी और पूर्व के फैसलों के अनुपालन को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा और विरोध प्रदर्शन के दौरान वार्ड 28 के पार्षद राजीव कुमार पंकू अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। वहीं इस घटना के बाद सदन में अफरातफरी मच गई, लेकिन नाराज पार्षद धरना पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी।धरने पर बैठे पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्य धरातल पर कार्यन्वित नहीं हो रहे हैं। पार्षदों का कहना था कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए योजनाएं बनाई जाती हैं, लेकिन उसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। विकास

**जनहित से जुड़े विकास कार्य नहीं होने और स्वीकृत योजनाओं का कार्यान्वयन नहीं होने के मुद्दे बैठक पर रहा हावी**

केवल कागज पर दिखाई देता है, लेकिन नगर की जनता की समस्याओं का समाधान होता नहीं दिख रहा है।

नाराज पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम बोर्ड और सशक्त स्थायी समिति की पिछली बैठकों में लिए गए कई नीतिगत फैसलों का अधिकारी अनुपालन नहीं कर रहे हैं। पार्षदों का कहना था कि बैठक में लिए गए फैसले और विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। इससे शहर के लोगों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। महापौर निर्मला देवी की मौजूदगी के बावजूद सदन में पार्षदों का आक्रोश शांत नहीं हुआ।

वहीं प्रदर्शनकारी पार्षद प्रशासन के रवैये के खिलाफ जवाबदेही तय करने की मांग पर अड़े रहे। पार्षदों के धरना, नारेबाजी और हंगामे के कारण नगर निगम बोर्ड के बैठक की सामान्य कार्यवाही भी पूरी तरह बाधित हो गई। पार्षद विकास कार्यों में तेजी लाने और पूर्व में लिए गए फैसलों को लागू करने की मांग कर रहे थे और अंतिम क्षण तक यही स्थिति बनी रही।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में 4 साल से लापता राजेंद्र सिंह का नहीं मिला सुराग, सरकार ने मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में 4 वर्ष पहले हुए एक हाई-प्रोफाइल किडनैपिंग मामले में अब राज्य सरकार ने संज्ञान लिया है। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी को एक आधिकारिक पत्र जारी कर मामले की त्वरित जांच और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सरकार ने इस पूरे मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की है। मामला जिले के सरैया थाना अंतर्गत रेवा राठौर टोला निवासी राजेंद्र कुमार सिंह का 12 जुलाई 2022 को संदेहास्पद रूप से हुए अपहरण का है। इस मामले में सरैया थाना में कांड संख्या 500/2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। हालांकि, घटना के चार साल बीत जाने के बाद भी अबतक स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसियों के हाथ खाली हैं। अपहृत राजेंद्र कुमार सिंह की पुत्री नेहा सिंह ने इस ढुलमुल रवैए के खिलाफ राज्य सरकार के जन-शिकायत प्रकोष्ठ में न्याय की गुहार लगाई थी। आवेदिका का आरोप है कि स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा उनके पिता की सकुशल बरामदगी के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं की गई। इतने लंबे समय के बाद भी पुलिस यह पता लगाने में नाकाम रही है कि अपहृत व्यक्ति जीवित हैं या नहीं। इसके अतिरिक्त, मामले में नामजद मुख्य अभियुक्तों और अपराधियों के खिलाफ भी अब तक कोई दंडात्मक कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे पीड़ित परिवार गहरे सदमे और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। आवेदिका की गंभीर शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव सुभाष कुमार ने गृह (आरक्षी) विभाग और मुजफ्फरपुर प्रशासन को पत्र भेजकर मामले की फाइलों को दोबारा खोलने का आदेश दिया है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आवेदन में दिए गए तथ्यों की गहनता से जांच की जाए। साथ ही, अपहृत की जल्द से जल्द बरामदगी सुनिश्चित करते हुए की गई कार्रवाई से पीड़ित परिवार और विभाग को अवगत कराया जाए।

### बीपीएससी सकरा प्रखंड इकाई का हुआ गठन, रवि कुमार सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीपीएससी अध्यापक संघ मुजफ्फरपुर इकाई ने शनिवार को संगठन के सकरा प्रखंड इकाई का बिस्तार करते हुए सर्वसममति से सकरा प्रखंड बीपीएससी अध्यापक संघ के अध्यक्ष पद के लिए रवि कुमार का



सकरा प्रखंड इकाई के विस्तार की घोषणा करते संघ के जिलास्तरीय नेतागण।

चुनाव किया। सकरा के एक निजी बैंक्वेट हॉल में बीपीएससी अध्यापक संघ मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष मो फरीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संघ के सकरा प्रखंड इकाई के गठन एवं विस्तार की घोषणा की गई। सभी शिक्षकों की सर्वसम्मति से बीपीएससी अध्यापक संघ सकरा के प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष सुमित कुमार एवं सद्दाम हुसैन, प्रखंड प्रवक्ता नंद किशोर कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष नीरज कुमार का चयन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मो फरीद अंसारी, जिला संयोजक चंदन पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी मो वसीम अख्तर, मों साजिद, रवि कुमार, मो सद्दाम हुसैन, नीरज कुमार, नंदकिशोर कुमार, सकलैन रजा, अभिनव कुमार, राजीव रंजन, अजय चौधरी, मंजूर आलम दीपक कुमार, सोनु कुमार, वसंत कुमार, शशि भूषण कुमार, धीरज कुमार, छोटन कुमार एवम अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुजफ्फरपुर के सभी प्रखंडों में संघ का विस्तार किया जा रहा है। साथ हीं नव नियुक्त बीपीएससी अध्यापकों को संगठन से जोड़ने का सदस्यता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए संघ सदैव तत्पर है। बैठक में उपस्थित संगठन के सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन संघ के जिला संयोजक चंदन पाण्डेय ने किया।

### कांवरिया पथ से गरीबनाथ मंदिर तक सुरक्षा का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** लखीसराय में बीते तीसरी सोमवारी के दिन जलाभिषेक के दौरान अचानक मची भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मौत की हुई घटना के बाद से अब चौथी सोमवारी पर सुरक्षा को लेकर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन और पुलिस हाई अलर्ट पर है। चौथी सोमवारी पर जलाभिषेक और श्रावणी मेला के दौरान काँवरिया औऱ श्रद्धांलुओं की संभावित भीड़ के नियंत्रण तथा सुरक्षा को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव, एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी, एसडीओ पूर्वी एवं पश्चिम, नगर आयुक्त, ट्रैफिक डीएसपी और तमाम संबंधित अधिकारियों का काफिला कांवरिया पथ से लेकर बाबा गरीबनाथ मंदिर के समीप तक लगाए गए सेवा शिविर, चिकित्सा शिविर सहित अन्य सभी व्यवस्था का जायजा लिया। चौथी और अंतिम सोमवारी पर श्रद्धांलुओं की अधिक भीड़ होने की संभावित स्थानों को चिन्हित करते हुए शीर्ष अधिकारियो ने उक्त स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ अधिक संख्या में पुलिस बल की नियुक्ति की है, ताकि जलाभिषेक के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना भक्तों को नहीं करना पड़े और ना ही किसी तरह की कोई विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो। वही निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि चौथी सोमवारी को लेकर कांवरिया पथ का निरीक्षण किया गया है। वहीं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि परसों चौथी सोमवारी है जिसको लेकर आज कांवरिया पथ का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि काँवरियों की सुविधा के लिए इस बार भी मुजफ्फरपुर पटना मुख्य मार्ग के एक लेन को कांवरियों के लिए बंद किया गया है।



काँवरिया मार्ग से लेकर मंदिर तक सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी एवं एसएसपी।

## शहीद छकौड़ी लाल साह समेत तीनों बलिदानियों को शहीद का दर्जा दिलाने की होगी पहल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पारू प्रखंड अंतर्गत मगुरहिया चौक स्थित अमर शहीद छकौड़ी लाल साह स्मारक परिसर में शनिवार को शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। स्मारक समिति के अध्यक्ष साहू भूपाल भारती की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में भारत सरकार के मंत्री राज भूषण चौधरी मुख्य उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल हुए।

**पारू में शहादत दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी ने की घोषणा, तीनों शहीदों के नाम पर रेलवे स्टेशन के नामकरण की भी उठी मांग**

केंद्रीय मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि आजादी के 80 वर्ष बाद भी 22 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के आह्वान पर पारू थाना पर तिरंगा फहराने के दौरान शहीद हुए छकौड़ी लाल साह, अनुराग सिंह एवं योद्धा सिंह को आधिकारिक रूप से शहीद का दर्जा नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में भारत सरकार को पत्र लिखकर तीनों बलिदानियों को शहीद का दर्जा दिलाने की दिशा में ठोस पहल करेंगे। साथ ही तीनों शहीदों के नाम पर रेलवे स्टेशन का नामकरण कराने के लिए भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें पारू के अमर शहीदों के शहादत दिवस समारोह में शामिल होने का अवसर मिला। इन वीर सपूतों का बलिदान देश की आजादी के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है और आने वाली पीढ़ियों को उनके त्याग एवं संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पारू के शहीदों के परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आजादी के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। समारोह को स्थानीय विधायक शंकर प्रसाद यादव, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद बंसीधर ब्रजवासी, पूर्व मंत्री बसावन भक्त, पूर्व मंत्री इजरायल मंसूरी, मुजफ्फरपुर जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक कुमार, पूर्व विधान पार्षद गणेश भारती, रेणु देवी, प्रमुख प्रेम कुमार गुप्ता, जिला पार्षद, जेपी सेनानी चंद्रिका प्रसाद साहू, पूर्व जिला पार्षद मदन प्रसाद, संजीव कुमार साहू, देवी लाल, रंजीत सहनी, जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, शिवशंकर प्रसाद साहू, शंभू साह, पवन कुमार, प्रभु साह सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ करते केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता व अन्य।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं तिरंगा पाग पहनाकर किया गया। इसके बाद अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए 22 अगस्त 1942 को पारू थाना पर तिरंगा फहराने के दौरान शहीद हुए छकौड़ी लाल साह, अनुराग सिंह एवं योद्धा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने कुछ क्षण मौन धारण कर वीर बलिदानियों को नमन किया। इस अवसर पर केंद्रीय एवं बिहार सरकार के मंत्रियों सहित अन्य अतिथियों ने शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं शहीदों के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शहीद छकौड़ी लाल साह के पौत्र गोविंद साह ने आगत अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुजफ्फरपुर में नकली ज्यूडिशियल स्टांप पेपर एवं टिकट बिकी का हुआ पदार्फाश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पुलिस ने नकली ज्यूडिशियल स्टांप और टिकट की बिक्री करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 32 फर्जी टिकट और नौ ज्यूडिशियल स्टांप पेपर बरामद किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान गिरोह का एक सदस्य मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस फराए हुए व्यक्ति की खोज में जगह जगह छापामारी कर रही है। पुलिस द्वारा दीं गई जानकारी के अनुसार नकली टिकट और ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर बेचने के धंधे में चार लोग शामिल थे, जिसमें 3 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। हालांकि पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए लोगों के पास से 9 ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर तथा 32 टिकट बरामद किया गया है।

**32 फर्जी टिकट और 9 ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ 3 गिरफ्तार**

इस मामले में सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के निवासी मुरारी कुमार, प्रभात चौधरी और सिकंदरपुर थाना क्षेत्र निवासी के निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है। जबकि फरार व्यक्ति शुभम कुमार बताया गया है, जिसकी खोज की जा रही है। उन्होंने बताया कि एसडीओ पूर्वी कार्यालय में पदस्थापित रामनाथ कुमार ने इस गिरोह के खिलाफ नकली टिकट और ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर बेचने का आरोप लगाते हुए नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। साथ ही उनके द्वारा की गई शिकायत पर एसडीओ पूर्वी आनंद उत्सव ने एसडीपीओ टाउन वन सुरेश कुमार के साथ मामले की जांच पड़ताल की, जिसमें इस गिरोह के काले कारनामें का सच सामने आया। इसके बाद दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई की गई और तीन लोगों को नकली टिकट औऱ स्टाम्प पेपर के साथ गिरफ्तार किया गया। सिटी एसपी ने बताया कि पूछताछ के बाद तीनो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।



नकली स्टाम्प पेपर और टिकट बिक्री करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

## तीन महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण अचानक सदर अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने छोड़ी ड्यूटी, आश्वासन के बाद काम पर लौटे

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सदर अस्पताल में पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने से नाराज निजी सुरक्षा गार्डों ने शनिवार को करीब दो घंटे तक काम ठप कर दिया। सुरक्षा गार्डों के काम बंद करने से अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित हो गई। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद जिला कार्यक्रम प्रबंधक और सिविल सर्जन मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे गार्डों से बातचीत की। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सुरक्षा गार्डों को आश्वासन दिया कि अगले तीन दिनों के भीतर उनके खाते में कम से कम एक महीने का बकाया वेतन भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही बाकी बकाया वेतन और अन्य भत्तों का भुगतान भी जल्द करने का भरोसा दिया गया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद सुरक्षा गार्डों ने अपना विरोध समाप्त किया और दोबारा ड्यूटी पर लौट गए। महिला सुरक्षा गार्ड निभा श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें 540 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय मिलता है. उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से किसी भी सुरक्षा गार्ड को वेतन भुगतान नहीं किया गया है। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण घर चलाने में परेशानी हो रही थी, जिसके बाद सभी गार्डों ने मिलकर काम बंद करने का फैसला लिया।

## घर के दरवाजे पर सफाई कर रहा था शख्स, पट्टीदार ने चढ़कर मारी गोली; हाथ में लगी बुलेट, गांव में सनसनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरैया प्रखंड क्षेत्र के जैतपुर थाना अंतर्गत खैरा गांव में शनिवार की सुबह अपने घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रहे 48 वर्षीय नागेश्वर ठाकुर को उनके पट्टीदार और रिश्ते के भतीजे प्रिंस कुमार ने गोली मार दी।

घटना को भांपकर नागेश्वर ठाकुर ने भागने का प्रयास किया, लेकिन फायरिंग के दौरान एक गोली उनके बाएं हाथ में लग गई। गोली लगते ही वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। अचानक हुई गोलीबारी से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। गोली की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर जुट गए, जबकि आरोपी प्रिंस मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ सरैया अभिजीत कौर और जैतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। घायल नागेश्वर ठाकुर ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि वे रोज की तरह अपने दरवाजे पर साफ सफाई कर रहे थे, इसी दौरान प्रिंस उनके पास आया और उनकी हत्या कर देने की बात कहते हुए हथियार निकाल कर फायरिंग कर दीं। उन्होंने बताया कि स्थिति को भाँपते हुए उन्होंने बीच बचाव करते हुए भागने कि कोशिश की। लेकिन गोली उनके हाथ में लग गया और वे घायल होकर वहीं गिर गए। उधर, नागेश्वर ठाकुर को गोली मारने के साथ हीं आरोपी प्रिंस कुमार वहां से फरार हो गया। उधर फायरिंग की



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस तथा अस्पताल में इलाजरत घायल।

आवाज सुनकर घर और पड़ोस के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े तथा घायल नागेश्वर ठाकुर को आनन फानन में लेकर नगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वही घटना को लेकर गांव में तनाव ब्याप्त हो गया है। वहीं घायल नागेशवर ठाकुर ने अपने बयान में यह सवाल उठाया है कि आरोपी के पास हथियार कहां से आया और वह किसके कहने पर हथियार लेकर मेरे दरवाजे पर मेरी हत्या करने पहुंचा था। साथ ही उन्होंन आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

एसडीपीओ सरैया अभिजीत कौर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक व्यक्ति को उसके घर के पास गोली मारी गई है। गोली चलाने वाला घायल व्यक्ति का ही पट्टीदार है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायल को इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर कार्रवाई में जुटी है।

## एसकेजे लॉ कॉलेज में छात्राओं के लिए मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शुरू

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एस के जे लॉ कॉलेज मुजफ्फरपुर में शनिवार को दो महत्वपूर्ण एवं आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिन की शुरूआत छात्राओं के आत्मरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास को समर्पित मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ से हुई, जबकि इसके पश्चात अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कॉलेज के एकेडमिक भवन स्थित सभागार में मुजफ्फरपुर की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्वेता कुमारी सिंह ने छात्राओं के लिए मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्राओं के लिए मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। इससे वे न केवल विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने में सक्षम बनती हैं, बल्कि उनका आत्मविश्वास, मानसिक दृढ़ता एवं शारीरिक क्षमता भी मजबूत होती है। उन्होंने छात्राओं को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा इसे अपने व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष एस के मिश्रा, सचिव डॉक्टर उज्ज्वला मिश्रा, मुजफ्फरपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तेज प्रताप कुमार, बीआरए बिहार विवि के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की प्रो. (डॉ.) निभा शर्मा, निदेशक जयंत कुमार, प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी, प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार, डॉ एस पी चौधरी, आशुतोष कुमार, डॉ पंकज कुमार, प्रो आर ए सहाय सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मार्शल आर्ट कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के अध्यक्ष एस के मिश्रा एवं सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक जयंत कुमार के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विदाई समारोह की गरिमा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कॉलेज के अध्यक्ष एस के मिश्रा ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधि का क्षेत्र निरंतर बदल रहा है और आने वाले समय में विद्यार्थियों के सामने अनेक नई चुनौतियां होंगी।



कार्यक्रम का दीप प्रज्ववलित कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

**अंतिम वर्ष के छात्रों का भव्य विदाई समारोह आयोजित**

विदाई समारोह का सबसे आकर्षक पक्ष विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम था। अपने सीनियर्स को भावपूर्ण विदाई देने के लिए छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की ओर से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं अनुशासन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक विशेष पहल भी की गई। अंतिम वर्ष के 80 प्रतिशत से अधिक कक्षा उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर आमंत्रित कर महाविद्यालय के अध्यक्ष एस के मिश्रा द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इन दोनों कार्यक्रमों ने महाविद्यालय के सुरक्षित, अनुशासित, समावेशी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में निदेशक जयंत कुमार, प्राचार्य डॉ के के एन तिवारी, प्रशासक डॉ रत्नेश कुमार, डॉ एस पी चौधरी, प्रो आशुतोष कुमार, डॉ पंकज कुमार, डॉ मधु कुमारी, डॉ अर्चना अनुपम सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी तथा विशेष रूप से अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल में बढ़ी चिकित्सीय सुविधाएं, रेफर मरीजों की संख्या घटी



सदर अस्पताल, सीतामढ़ी परिसर में बना मॉडल हॉस्पिटल भवन।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राज्य सरकार द्वारा नई रेफरल नीति लागू किए जाने के बाद सदर अस्पताल, सीतामढ़ी से दूसरे अस्पतालों में रेफर किए जाने वाले मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है। पहले इमरजेंसी में आने वाले आधे से अधिक मरीजों को बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया जाता था, लेकिन अब अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं का विस्तार होने के कारण बेहद गंभीर स्थिति वाले मरीजों को ही रेफर किया जा रहा है।

अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार, एक से 22 अगस्त तक कुल 3,111 मरीजों को इंडोर में भर्ती किया गया, जिनमें महज 202 मरीजों को रेफर किया गया। यह कुल भर्ती मरीजों का करीब सात प्रतिशत है। वहीं, जुलाई माह में रेफर मरीजों का अनुपात करीब 20 प्रतिशत था। आंकड़े बताते हैं कि सदर अस्पताल में इलाज की सुविधाएं बढ़ने के साथ रेफरल की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है।

दूसरी ओर, अस्पताल में लगातार बढ़ रही चिकित्सीय सुविधाओं के कारण आम लोगों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओपीडी, विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजिकल जांच, सीटी स्कैन, एक्स-रे, डायलिसिस, आईसीयू, पीआईसीयू, चाइल्ड वार्ड, एमएनसीयू और लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट जैसी सुविधाएं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रही हैं। अस्पताल में सिजेरियन के अलावा हर्निया, हाइड्रोसील, अपेंडिक्स, बवासीर, सिस्ट सहित विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। आवश्यक दवाओं की निःशुल्क उपलब्धता से भी मरीजों को काफी राहत मिल रही है।

**नई रेफरल नीति के बाद गंभीर मरीजों को ही किया जा रहा रेफर, अस्पताल में बढ़ती सुविधाओं से लोगों का भरोसा मजबूत**

जुलाई माह के आंकड़े भी अस्पताल में बढ़ते इलाज के दायरे की तस्वीर पेश करते हैं। इस दौरान 4,073 एक्स-रे, 1,317 अल्ट्रासाउंड, 2,756 सीटी स्कैन और 1,27,226 पैथोलॉजिकल जांच की गई। ओपीडी में 16,935 मरीज पहुंचे, जबकि 1,243 मरीज इंडोर भर्ती हुए। मिड हेड काउंट 3,574 रहा। इस दौरान 585 प्रसव कराए गए, जिनमें 136 सिजेरियन तथा 81 अन्य मेजर ऑपरेशन शामिल हैं।

वहीं, अगस्त में 22 तारीख तक ही 600 प्रसव, 117 सिजेरियन, 10,245 ओपीडी, 55 अन्य मेजर सर्जरी और 1,011 अल्ट्रासाउंड किए जा चुके हैं। इस अवधि में इंडोर भर्ती मरीजों की संख्या 3,111 तक पहुंच गई है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार ये आंकड़े न केवल मरीजों की बढ़ती संख्या बल्कि सदर अस्पताल में लोगों के बढ़ते विश्वास को भी दर्शाते हैं।

अस्पताल में उपलब्ध मूलभूत एवं चिकित्सीय सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। हालांकि, मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल परिसर में भीड़ और हंगामे की स्थिति भी बढ़ी है। इसे नियंत्रित करने में सुरक्षा गार्डों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसे में सिविल गार्ड के साथ पूर्व सैनिकों की तैनाती की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से सभी सिविल सर्जनों को निर्देशित किया गया है।

सिविल सर्जन डॉ. आर.के. यादव ने कहा कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाएगी। अस्पताल में लगातार नई सुविधाएं जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ईएनटी, नेत्र एवं हड्डी विभाग में ऑपरेशन की सुविधा को भी जल्द बहाल किया जाएगा।

सदर अस्पताल में शीघ्र ही करीब 70 प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके अलावा अस्पताल में एमआरआई मशीन भी लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के विस्तार के साथ सदर अस्पताल को मरीजों के लिए और अधिक भरोसेमंद एवं सुलभ चिकित्सा केंद्र बनाने का प्रयास जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार आज सीतामढ़ी दौरे पर

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार 23 अगस्त को सीतामढ़ी दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर करीब 1:10 बजे जिला अतिथि गृह पहुंचेंगे। इसके बाद 2:10 बजे अमर शहीद रामफल मंडल द्वार, 2:20 बजे मुशहरपुर मेला ग्राउंड तथा शाम 4 बजे डॉ. इंदल सिंह राम-जानकी डिग्री कॉलेज, परिहार के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे पुनौरा धाम जाएंगे और शाम 7:10 बजे सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के आवास पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम जिला अतिथि गृह में होगा। 24 अगस्त की सुबह उनके सीतामढ़ी से पटना लौटने का कार्यक्रम है।

### बाल श्रम उन्मूलन में सराहनीय योगदान के लिए प्रधानाध्यापिका नुसरत जहाँ सम्मानित

**शिवहर/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले की पहली बाल श्रम मुक्त पंचायत बनने का गौरव हासिल करने वाली कमरौली पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम उन्मूलन के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए उच्च माध्यमिक विद्यालय, कमरौली की प्रधानाध्यापिका सुश्री नुसरत जहाँ को सम्मानित किया गया। बाल श्रम के खिलाफ चलाए गए जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और निरंतर प्रयास करने के लिए बाल श्रम अधीक्षक ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। प्रधानाध्यापिका नुसरत जहाँ ने विद्यालय स्तर पर बच्चों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को बाल श्रम के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण पहल की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। इसके उन्मूलन के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कमरौली पंचायत का बाल श्रम मुक्त होना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सम्मानित होने के बाद नुसरत जहाँ ने कहा कि बाल श्रम का उन्मूलन पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने और सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य का अधिकार है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मजदूरी से दूर रखकर विद्यालय से जोड़ना ही उनके भविष्य को संवारने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।




नुसरत जहाँ को सम्मानित करते बाल श्रम अधीक्षक व उपस्थित अन्य।

**कमरौली पंचायत के जिले की पहली बाल श्रम मुक्त पंचायत बनने पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह**

### गन्ने का मूल्य 750 रुपये क्विंटल करने की मांग

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ने का मूल्य 750 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की है। मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह एवं महासचिव प्रो. आनंद किशोर ने मुख्यमंत्री, गन्ना उद्योग विकास मंत्री, गन्ना सचिव एवं गन्ना आयुक्त को मेल भेजकर गन्ना उत्पादन की लागत के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चीनी मिलों से किसानों को जो मूल्य दिला सके, उसके अतिरिक्त राशि का भुगतान सरकार स्वयं करे। एक गन्ने से चीनी, शीरे से ईथेनॉल, छाई से खाद तथा खोई से बिजली का उत्पादन कर मिलों को अतिरिक्त लाभ होता है, इसलिए इस लाभ में किसानों की भी हिस्सेदारी होनी चाहिए। मोर्चा के अनुसार एक एकड़ गन्ने की खेती में करीब 1.28 लाख रुपये का खर्च आता है। जमीन की लागत पर ब्याज जोड़ने पर कुल लागत करीब 1.88 लाख रुपये हो जाती है। 250 क्विंटल उत्पादन मानने पर लागत करीब 752 रुपये प्रति क्विंटल बैठती है। मोर्चा ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर किसानों को लागत से कम मूल्य नहीं मिलने देने की मांग की है।

### सीतामढ़ी के सुहई में शुरू हुई श्रीजानकी कथा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जगज्जननी मां जानकी की पावन प्राकट्यभूमि सीतामढ़ी में रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्त्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ह्यश्रीजानकी कथाह्ल का शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में शुभारम्भ हुआ। डुमरा प्रखंड के सुहई (प्रेमनगर) स्थित श्रीरामजानकी मठ में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां जानकी के जीवन-चरित्र, आदर्शों और लोकमंगलकारी स्वरूप का श्रवण किया। कथा का शुभारंभ सायं छह बजे हुआ। कथा के प्रथम दिवस 12 वर्षीय बाल व्यास वैदेहीनंदन पंडित वेदांतजी ने अपनी विशिष्ट एवं प्रभावशाली कथन-शैली के माध्यम से मां जानकी के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को प्रस्तुत किया। उन्होंने मां सीताजी के जीवन को केवल धार्मिक आख्यान के रूप में देखने के बजाय उसमें निहित नारी-शक्ति, संस्कार, धैर्य, साहस, त्याग, मयार्दा, आत्मबल, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपरायणता को वर्तमान समाज के लिए प्रेरक जीवन-मूल्यों के रूप में रेखांकित किया। कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कथा को श्रवण किया और मां जानकी के जीवन-आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। दो दिवसीय ह्यश्रीजानकी कथाह्ल का समापन 23 अगस्त 2026 को होगा। दूसरे दिवस भी कथा का आयोजन सायं छह बजे से श्रीरामजानकी मठ, सुहई (प्रेमनगर), डुमरा में किया जाएगा। काउंसिल के सीतामढ़ी जिला संगठन प्रभारी नीरज गोयनका ने कहा कि मां जानकी की प्राकट्यभूमि पर ह्यश्रीजानकी कथाह्ल का आयोजन काउंसिल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इस कथा का उद्देश्य केवल कथा-श्रवण तक सीमित नहीं है, बल्कि मां जानकी के जीवन में निहित शाश्वत मूल्यों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना है।



कथा व्यास पंडित वेदांतजी के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ करते श्रद्धालु महिलाएं व अन्य गणमान्य।

**प्रथम दिवस 12 वर्षीय बाल व्यास वैदेहीनंदन वेदांतजी ने सुनाई मां जानकी के जीवन-आदर्शों की प्रेरक कथा**

# इंडो-नेपाल बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट समन्वय समिति की बैठक

## भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नेपाल के महोत्तरी जिला के जलेश्वर नगरपालिका के सभा कक्ष में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हेतु इंडो-नेपाल बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर महोत्तरी इन्द्रदेव यादव ने की। बैठक में जिलाधिकारी सीतामढ़ी तनय सुल्तानिया, एसपी अमित रंजन, सीडीओ रौतहट एवं सलार्ही, संबंधित जिलों के पुलिस पदाधिकारी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 51वीं एवं 20वीं वाहिनी के कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान भारतझ्रनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, सीमा सुरक्षा को और प्रभावी बनाने तथा दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जाली नोटों के कारोबार, अवैध हथियारों की तस्करी, ड्रग्स एवं नारकोटिक्स की तस्करी, शराब, तंबाकू तथा अन्य प्रतिबंधित एवं अवैध वस्तुओं की सीमा पार तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही क्रॉस बॉर्डर क्राइम कंट्रोल को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच समन्वित कार्रवाई पर बल दिया गया।

बैठक में मोस्ट वांटेड अपराधियों की धरपकड़, संदिग्ध व्यक्तियों एवं विदेशी नागरिकों की अवैध आवाजाही पर रोक लगाने, आपसी सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान तथा संयुक्त कार्रवाई को और सशक्त बनाने पर सहमति बनी।

अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं ड्रग ट्रैफिकिंग की रोकथाम, सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण से संबंधित मामलों, बॉर्डर पिलर्स की सुरक्षा, नो मैंस लैंड में अतिक्रमण की समस्या तथा अन्य स्थानीय एवं सामान्य समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय असामाजिक तत्वों एवं आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध संयुक्त एवं सतत कार्रवाई जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में सीमावर्ती थानों एवं सुरक्षा एजेंसियों को पूर्ण सतर्कता बरतने तथा छोटी से छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सीमा क्षेत्र में आपसी सहयोग, विश्वास एवं समन्वय को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि भारतझ्रनेपाल सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सके। बैठक में इंद्र देव यादव चीफ जिला ऑफिसर महोत्तरी, विजयाराज सुबेदी, सीडीओ सलार्ही, दिनेश सागर भुसाल, सीडीओ रौतहट के साथ तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक के साथ, एडीएम सीतामढ़ी संजीव कुमार, एडीएम आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडेय, श्री मनीष कुमार दास, कोन्सुल (आईसीएस) सीजीआई बीरगंज, संजीव कुमार सिंह कमांडेंट 51वीं बटालियन एसएसबी , विकास दीप डिप्टी कमांडेंट 20 वीं बटालियन एसएसबी, एसडीओ पुपरी गौरव कुमार, एसडीपीओ पुपरी सुनीता कुमारी के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




इंडो-नेपाल बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट समन्वय समिति की बैठक में शामिल दोनों देशों के अधिकारी।

# किशोर-किशोरियों के सशक्तीकरण एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर हितधारकों की बैठक आयोजित



डुमरा प्रखंड के मधुबन स्थित तलखापुर आंगनवाड़ी केंद्र पर बैठक में शामिल हितधारक व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** यूनिसेफ बिहार एवं प्रथम संस्था के सहयोग से डुमरा प्रखंड के मधुबन स्थित तलखापुर आंगनवाड़ी केंद्र पर किशोर-किशोरियों के सशक्तिकरण एवं बाल विवाह की रोकथाम को लेकर हितधारकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में किशोरियों के बॉडी कॉन्फिडेंस,आत्मसम्मान, स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तिगत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा इसके किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

यूनिसेफ एवं प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार ने बताया कि किशोर-किशोरियों के सशक्तिकरण और बाल विवाह की रोकथाम के लिए समुदाय एवं किशोरियों के साथ नियमित रूप से बैठकें आयोजित कर निरंतर जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समुदाय, परिवार एवं संबंधित हितधारक भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। बैठक में प्रखंड समन्वयक नवीन कुमार, एएनएम ज्योति कुमारी, आशा कार्यकर्ता गौरी कुमारी, अर्चना कुमारी, रूबी खातून एवं अमृता देवी, जीविका की सामुदायिक मोबिलाइजर किरण कुमारी एवं पिंकी कुमारी सहित किशोरियां गुंजा कुमारी, गुड्डी कुमारी एवं मुस्कान कुमारी तथा समुदाय की अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

# जिलाधिकारी ने भिट्ठामोड़ स्थित भारत-नेपाल सीमा पर निमार्णाधीन इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिलाधिकारी, सीतामढ़ी तनय सुल्तानिया ने भिट्ठामोड़ स्थित भारत-नेपाल सीमा पर निमार्णाधीन इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, प्रगति तथा निर्धारित समय-सीमा की जानकारी प्राप्त की।



कार्य की वर्तमान स्थिति व प्रगति की जानकारी लेते डीएम तनय सुल्तानिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य की नियमित निगरानी एवं प्रगति की निरंतर समीक्षा करने पर भी बल दिया।

उल्लेखनीय है कि भिट्ठामोड़ में निमार्णाधीन इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट की अनुमानित लागत 349 करोड़ 70 लाख रुपये है तथा परियोजना को निर्धारित तीन वर्ष की अवधि में पूर्ण किया जाना है। यह चेक पोस्ट भारत-नेपाल सीमा पर आवागमन, सीमा पार व्यापार एवं सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के निर्माण से सीमा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं का विस्तार होने के साथ-साथ व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने, रोजगार के नए अवसर सृजित होने तथा सीमा पर अवैध गतिविधियों की प्रभावी निगरानी एवं नियंत्रण में भी सहायता मिलने की उम्मीद है। इसके माध्यम से भारत-नेपाल सीमा पर आवागमन एवं अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में भी मदद मिलेगी।

# बैरगनिया के मिकरानी मेडिकल में हंगामा मामले में सरकारी कर्मी गिरफ्तार

**बैरगनिया/सीतामढ़ी(एनएसबी)।** अस्पताल चौक स्थित मिकरानी मेडिकल में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त छापेमारी के दौरान हंगामा और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने करीब दो माह से फरार चल रहे एक सरकारी कर्मी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुसाचक गांव के वार्ड-8 निवासी अमन मिकरानी के रूप में हुई है। पुलिस ने शुक्रवार देर शाम उसे गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी ने बताया कि अमन मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त है। कांड में 40-50 अज्ञात लोगों समेत अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित मादक पदार्थों की बिक्री की सूचना पर एसएसबी एवं पुलिस ने औषधि निरीक्षक अशोक कुमार की मौजूदगी में मेडिकल दुकान में छापेमारी की थी। इस दौरान समर्थकों ने विरोध करते हुए हंगामा किया और छापेमारी दल के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। दुकान के पीछे से कोडिंन नामक प्रतिबंधित कफ सिरप की नौ बोतलें बरामद हुई थीं। अमन मिकरानी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में विद्यालय सहायक (लिपिक) है। प्रधानाध्यापक श्याम कुमार के अनुसार वह 22 जून से बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित है। इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी को दी गई है। बीईओ सह बीडीओ सुनील कुमार गौड़ ने भी रिपोर्ट भेजने की बात कही है।

# पुपरी में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 36 ने किया रक्तदान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखा:- पुपरी के तत्वावधान में शनिवार को रक्तदाता समूह, पुपरी के सहयोग से स्थानीय डाकबंगला परिसर, पुपरी में जिले के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता डॉ संजीव कुमार झा, रविशंकर पंडित, अनिल मंडल, आलोक रंजन, अजय कुमार, विनय रंजन, राजेश कुमार, रणजीत कुमार मुन्ना, पंकज कुमार, आशीष कुमार, जितेन्द्र मंडल, अनुराग कुमार, मो अरशद अली, मो इरफानुल होदा, रामबाबू चौपाल, गौरव कुणाल, आनंद कुमार सिंह, मनोज कुमार, अशोक कुमार, सचिन गौरव, निरंजन ठाकुर, सौरभ अभिषेक, डॉ समीउर रहमान, गौतम कुमार, मो. रेहान ईलाही, विजय मुखिया, रितेश कुमार अंजय, गुँजन यादव, कृष्ण नन्दन प्रसाद, ब्रजेश कुमार, प्रभात कुमार चंदन, रमण कुमार, अमित कुमार, दिलशाद, मो. अतहर हुसैन एवं साकेत कुमार समेत कुल 36 रक्तदानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में 55 वर्ष की उम्र में रामबाबू चौपाल के जीवन का प्रथम रक्तदान आकर्षण का केंद्र बना रहा।




स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रक्तदान करते रक्तदाता व अन्य।

बाजपट्टी के भी कई रक्तवीर ने पुपरी में रक्तदान कर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। स्थानीय पीएचसी एवं अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मियों ने भी शिविर में बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदानियों का उत्साहवर्धन करने के लिये शिविर में उपस्थित रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार, सचिव अतुल कुमार, बीस सूत्री उपाध्यक्ष रणधीर चौधरी आदि ने सभी रक्तदानियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित व प्रोत्साहित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही होता है यह अत्यंत ही पुण्य का कार्य है। हर स्वस्थ मनुष्य को नियमित रूप से रक्तदान करते रहना चाहिये ताकि पीड़ित मानवता की निःस्वार्थ भाव से सेवा की जा सके।

**55 वर्ष की उम्र में रामबाबू चौपाल ने किया जीवन का प्रथम रक्तदान**

**सभी रक्तदानियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित**

शिविर का संचालन कर रहे रेडक्रॉस पुपरी शाखा के सचिव अतुल कुमार ने मौके पर कहा कि मिशन रक्तक्रांति हिन्दुस्तान के अंतर्गत समूचे देश भर में हर घर रक्तदानी घर घर रक्तदानी जागृति अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में रेडक्रॉस पुपरी शाखा भी रक्तदाता समूह, पुपरी एवं अन्य समान विचारधारा वाली संस्थाओं के सहयोग से क्षेत्र में रक्तदान जागरूकता का कार्य कर रही है।

शिविर में रक्त संग्रह का कार्य सदर अस्पताल, सीतामढ़ी ब्लड बैंक के एलटी मो. तनवीर जकी, विकास कुमार पंडित, काउंसलर अमित कुमार कर्ण एवं डीईओ किरण कुमारी ने किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस वरीय आजीवन सदस्य मो शाकीर हुसैन, रक्तदाता समूह, बाजपट्टी के संस्थापक अभिषेक कुमार, शिविर के सोशल मीडिया पार्टनर पुपरी ऑफिसियल पेज के संचालक नवीन नयन, देवेन्द्र मिश्र, राकेश रंजन, अमरेन्द्र पांडेय, मनोरंजन प्रतिहस्त मनु, विनोद कुशवाहा, मो शाकीर, सुधीर मल्लिक, सुबोध राम आदि भी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

### बिहार में अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी

राज्य में सभी तरह के अपराधों में कमी आई है। बिहार नक्सवाद से पूरी तरह से मुक्त हो गया है। आत्मसमर्पण करने वाले 63 नक्सलियों को आत्मसमर्पण सह पुनर्वास नीति का लाभ दिया गया है। कर्तव्य के दौरान दो जवान शहीद हो गए थे। मोतिहारी के चकिया थाना में कुख्यात अपराधी कुंदन ठाकुर गिरोह की घेराबंदी के दौरान जवान श्रीराम यादव और जहानाबाद के घोसी थाना में एक अपराधी से मुठभेड़ के दौरान जवान धीरज कुमार शहीद हो गए।

अपराध और देशी आर्म्स सेल के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए लोहा समेत अन्य कई सामानों के सप्लाइ नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया है। इसके अलावा एसटीएफ के पास 3 ड्रोन हैं, जिनका उपयोग एरियल सर्विलांस और ड्रोन मैपिंग के लिए किया जाता है। 9 जिलों में ड्रोन से 423 किमी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया है। 99.86 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। 45 कुख्यात अपराधियों के ठिकानों की मैपिंग की गई है।

राज्य में एसटीएफ (विशेष टस्क फोर्स) अपराधियों को किसी घटना को अंजाम देने के बाद गिरफ्तार कर ही रही है। बल्कि, विशेष खुफिया तंत्र और सशक्त पुलिसिंग की बदौलत किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने से पहले भी अपराधियों को दबोच रही है। पुलिस महकमा की विशेष इकाई एसटीएफ ने राज्यभर में 350 से अधिक सुपारी किलर की सूची तैयारी की है और इन्हें दबोचने की कवायद भी तेजी से कर रही है। इस कवायद से सुपारी किलिंग नेटवर्क पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो रहा है। इस वर्ष जनवरी से अब तक 1716 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये सभी अपराधी चाहे टॉप-10 या हार्डकोर अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं। इनमें 63 अपराधियों पर जिला या राज्य स्तर पर ईनाम भी घोषित हैं। विभिन्न तरह की आपराधिक वारदातों में शामिल 27 अपराधियों को राज्य के बाहर से भी गिरफ्तार करके लाया गया है। आपराधिक वारदात के 94 मामलों को घटना होने से पहले ही रोक लिया गया, जिसमें हत्या के 40, डकैती एवं छिनैती के 48 और अन्य तरह के अपराध से जुड़े 6 मामले शामिल हैं।

पिछले 8 महीनों के दौरान अपराधियों के साथ पुलिस के 19 मुठभेड़ हुए, जिसमें 3 अपराधी मारे गए और 18 घायल हो गए हैं। इन मुठभेड़ों के माध्यम से कुख्यात अपराधियों के नेटवर्क को कमजोर करते हुए क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत की गई है। संगठित अपराध को रोकने के लिए जिलावार विशेष कार्य बल के तैनात पदाधिकारी के स्तर से सक्रिय गिरोहों और इसके सदस्यों के संबंध में तैयार डाटाबेस के आधार पर संगठित गिरोहों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तारी की जा रही है। इसमें भू-माफियाओं को भी चिन्हित करके कार्रवाई की जा रही है और उनके स्तर से अर्जित अवैध संपत्ति की पहचान कर पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट) के तहत कार्रवाई करने के लिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

इस वर्ष अब तक 33 मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। इस दौरान 1 एके-47 रायफल, दो इंसास रायफल के अलावा 398 देशी हथियार बरामद किए गए हैं। इसके अलावा 1300 राउंड गोली भी बरामद की गई है। इसके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एनआईए के स्तर से भी जांच की जा रही है। बैंक, ज्वेलरी और गोल्ड लूट गिरोहों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस वर्ष करीब 10 किलो लूटे गए सोना, 50 किलो चांदी और 11.97 लाख कैश बरामद किए गए हैं। इसमें कर्नाटक के मैसूर स्थित ज्वेलरी शॉप लूट, महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिला के दाउदनगर थाना में हुई लूट, उड़ीसा के कोइंझर जिला बरबिला थाना में बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा लूट कांड जैसे अन्य कई प्रमुख कांडों का खुलासा किया गया है। इन मामलों में शामिल 113 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साईबर अपराध से जुड़े 19 मामलों को भी हल किया गया। इसके अलावा पटना, नालंदा, जमुई, मुंगेर, लखीसराय, बेगूसराय, समस्तीपुर और किशनगंज से 10 अपहृत व्यक्तियों को बरामद किया गया है।

# बांग्लादेश को लेकर कैसी हो भारत की कूटनीति



डा. ब्रह्मदीप अलूने
(अंतर्राष्ट्रीय विषयों के विशेषज्ञ)

विदेश नीति का सबसे अहम गुण राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए बदलती अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने की क्षमता होना चाहिए। इसे रणनीतिक लचीलापन कहा जा सकता है। बांग्लादेश के संदर्भ में आज भारत की विदेश नीति इसी कसौटी पर खड़ी है। ढाका में राजनीतिक सत्ता के बदलते समीकरणों ने नई दिल्ली के सामने केवल एक नई सरकार से संबंध बनाने की चुनौती नहीं रखी है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा किया है कि भारत अपनी उस पड़ोसी नीति को किस तरह पुनर्परिभाषित करे, जिसकी नींव पिछले डेढ़ दशक में शेख हसीना के नेतृत्व के साथ गहरे राजनीतिक विश्वास पर रखी गई थी।

हाल के दिनों में राष्ट्रपति भवन से जुड़ी एक असाधारण घटना ने भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ती अनिश्चितता को उजागर कर दिया। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की संभावित भारत यात्रा को लेकर राष्ट्रपति भवन में औपचारिक समारोह के कार्यक्रम में बदलाव की सूचना सामने आई और फिर उसे वापस ले लिया गया। बांग्लादेश की ओर से भी यात्रा को लेकर अंतिम निर्णय स्पष्ट नहीं था। यह घटनाक्रम भले ही प्रशासनिक और राजनयिक प्रक्रियाओं की जटिलता का परिणाम हो, लेकिन इससे एक बड़ा सवाल जरूर उभरता है, क्या भारत और बांग्लादेश के रिश्ते अभी पुराने विश्वास और नए राजनीतिक यथार्थ के बीच किसी संक्रमणकाल से गुजर रहे है।

बेहतर संबंधों के लिए भारत की व्यापक बांग्लादेश नीति में उत्तर तलाशने की जरूरत है। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह शेख हसीना के साथ अपने पुराने संबंधों की विरासत को न तो नकारे और न ही उसे वर्तमान संबंधों की राह में स्थायी बाधा बनने दे। विदेश नीति व्यक्तियों से नहीं, राष्ट्रीय हितों से चलती है। इसलिए तारिक रहमान की सरकार के साथ संवाद भारत की मजबूरी नहीं, बल्कि बदलती परिस्थितियों के अनुरूप रणनीतिक आवश्यकता के रूप में देखा जाना चाहिए।

पिछले वर्षो में भारत ने बांग्लादेश के साथ संबंधों को जिस स्तर तक पहुंचाया, वह दक्षिण एशिया की कूटनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। व्यापार, बिजली, ऊर्जा, सड़क और रेल संपर्क, सीमा प्रबंधन, सुरक्षा सहयोग, जल और सांस्कृतिक संबंधों ने दोनों देशों को पहले की तुलना में कहीं अधिक करीब लाया। लेकिन इस सफलता का एक दूसरा पहलू भी है, जिस पर भारत को गंभीरता से विचार करना होगा। कूटनीतिक स्तर पर भारत और बांग्लादेश करीब आए, लेकिन यह निकटता दोनों देशों की जनता के बीच अपेक्षित विश्वास में पूरी तरह तब्दील नहीं हो सकी। यही वह जगह है जहां भारत की कूटनीति को अपनी दिशा बदलने की जरूरत है।

भारत ने लंबे समय तक बांग्लादेश की स्थिरता को वहां की सरकार के साथ अपने संबंधों के माध्यम से देखा। यह दृष्टिकोण अपने समय में उपयोगी रहा होगा, लेकिन बदलते राजनीतिक वातावरण में इसकी सीमाएं सामने आ रही हैं। बांग्लादेश अब केवल शेख हसीना और उनके विरोधियों के बीच की राजनीति नहीं है। वहां एक नई युवा पीढ़ी है, नए राष्ट्रवादी विमर्श हैं, इस्लामी राजनीतिक शक्तियां हैं, चीन के साथ बढ़ते आर्थिक संबंध हैं, पाकिस्तान के साथ पुनः उभरते संपर्क हैं और अमेरिका सहित विभिन्न वैश्विक शक्तियों के साथ नए समीकरण बनाने की आकांक्षा है। यदि भारत इस बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य को केवल पुराने राजनीतिक चश्मे से देखेगा तो वह बांग्लादेश के भीतर अपनी स्वीकार्यता के महत्वपूर्ण अवसर खो सकता है।

इसलिए भारत को यह सवाल नहीं पूछना चाहिए कि बांग्लादेश चीन या पाकिस्तान के करीब क्यों जा रहा है। उससे अधिक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि भारत बांग्लादेश के लिए चीन और पाकिस्तान से अधिक उपयोगी, विश्वसनीय और दीर्घकालिक साझेदार कैसे बन सकता है, यही रणनीतिक लचीलापन है।

चीन के पास बांग्लादेश को देने के लिए बड़ी आर्थिक और अवसंरचनात्मक क्षमता है। पाकिस्तान के पास ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरणों की अपनी जमीन है। भारत के पास इन दोनों से अलग और शायद अधिक गहरी शक्ति है, भौगोलिक निकटता, विशाल बाजार, ऊर्जा और संपर्क की संभावनाएं तथा सबसे महत्वपूर्ण साझी सांस्कृतिक विरासत। लेकिन किसी शक्ति का होना और उसका प्रभाव पैदा करना दो अलग बातें है। भारत के सामने चुनौती अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक निकटता को वास्तविक कूटनीतिक प्रभाव में बदलने की है। यही से भारत की सॉफ्ट पावर से स्मार्ट पब्लिक डिप्लोमेसी की यात्रा शुरू होनी चाहिए।

> **अंततः भारत की नई बांग्लादेश नीति का सूत्र बहुत सरल है,सरकार के साथ संवाद, समाज के साथ संपर्क, युवाओं के साथ भविष्य, संस्कृति के साथ आत्मीयता और राष्ट्रीय हितों पर दृढ़ता। भारत को बांग्लादेश के साथ अपनी दोस्ती बदलने की जरूरत नहीं है, लेकिन बदलते बांग्लादेश के लिए अपनी कूटनीति बदलने की जरूरत अवश्य है। यही रणनीतिक लचीलापन है और आज भारत-बांग्लादेश संबंधों को शायद सबसे अधिक इसी की जरूरत है।**

बांग्लादेश के साथ भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को केवल भारतीय नृत्य, संगीत, योग या सांस्कृतिक समारोहों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं होगा। दोनों देशों के बीच बंगाली भाषा, साहित्य, संगीत और सांस्कृतिक चेतना की गहरी समानताएं हैं। रवींद्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा हैं। भारत को इस साझा विरासत को अपनी संस्कृति के प्रदर्शन के रूप में नहीं, बल्कि साझे सांस्कृतिक स्पेस के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।

यह अंतर बहुत महत्वपूर्ण है। भारत यदि बांग्लादेश को यह बताने की कोशिश करेगा कि उसकी संस्कृति कितनी महान है, तो यह संदेश उपदेश जैसा लग सकता है। लेकिन यदि भारत यह कहे कि हमारी कई सांस्कृतिक स्मृतियां साझा हैं और इन्हें मिलकर आगे बढ़ाया जा सकता है, तो संवाद की संभावना कहीं अधिक होगी। इसीलिए भारत को बांग्लादेश की अपनी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक संवेदनाओं और जनभावनाओं को समझते हुए उसी के अनुरूप अपनी सांस्कृतिक कूटनीति तैयार करनी होगी। बांग्लादेश में बंगाली भाषा और साहित्य को जिस तरह समझा जाता है, उसकी अपनी विशिष्टता है। 1971 की स्मृति भी वहां राष्ट्रीय अस्मिता का हिस्सा है। भारत को 1971 के योगदान को बार-बार अपने उपकार की तरह प्रस्तुत करने से बचना होगा और उसे दोनों देशों की साझी ऐतिहासिक यात्रा के रूप में देखना चाहिए। अतीत के सम्मान के साथ भविष्य की साझेदारी पर जोर देना अधिक प्रभावी होगा।

बांग्लादेश की युवा पीढ़ी के सामने 1971 से अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न आज रोजगार, शिक्षा, तकनीक, उद्यमिता और वैश्विक अवसरों के है। भारत यदि इस युवा आकांक्षा का साझेदार बनता है तो उसकी कूटनीतिक स्वीकार्यता स्वतः बढ़ेगी। भारतीय विश्वविद्यालयों में बांग्लादेशी छात्रों के लिए अवसर बढ़ाना, संयुक्त शोध, युवा आदान-प्रदान, स्टार्टअप सहयोग, मीडिया संवाद और सांस्कृतिक यात्राएं ऐसे निवेश हैं जिनका परिणाम किसी एक सरकार के कार्यकाल में नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में दिखाई देगा।

भारत को बांग्लादेश में सरकार से आगे बढ़कर समाज से संवाद करने की कूटनीति पर आगे बढना चाहिए। पत्रकारों, शिक्षाविदों, कलाकारों, व्यापारियों, युवाओं और नागरिक समाज के साथ संबंध किसी भी सरकार से संबंधों की तुलना में अधिक स्थायी हो सकते हैं। आज सोशल मीडिया इस जनसंवाद का सबसे बड़ा माध्यम है। भारत को बांग्ला भाषा में ऐसी डिजिटल पब्लिक डिप्लोमेसी विकसित करनी चाहिए जो सरकारी प्रचार से अधिक वास्तविक संवाद पर आधारित हो। भारत की कहानी भारत स्वयं बताए, यह पर्याप्त नहीं है, आवश्यकता इस बात की है कि बांग्लादेशी समाज को भारत के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा करने का अवसर मिले।

राष्ट्रपति भवन की तैयारियों और फिर उनके टलने से पैदा हुआ हालिया संशय इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह बताता है कि कूटनीति में सिर्फ इच्छा पर्याप्त नहीं होती, राजनीतिक वातावरण भी तैयार करना पड़ता है। भारत को तारिक रहमान के साथ संवाद करना है तो उसे स्वागत की औपचारिकताओं से पहले विश्वास की जमीन तैयार करनी होगी। कूटनीति में कभी-कभी एक यात्रा टल जाना असफलता नहीं होता, असफलता तब होती है जब उससे सीख न ली जाए।

भारत के लिए बांग्लादेश की नीति का सबसे महत्वपूर्ण सबक यही है कि पड़ोसी सरकारें बदल सकती हैं, लेकिन पड़ोसी देश नहीं बदलते। इसलिए भारत को किसी एक नेता के साथ अपने संबंधों को बांग्लादेश के साथ संबंधों का पर्याय नहीं बनने देना चाहिए। हसीना के साथ मजबूत संबंध भारत की कूटनीतिक उपलब्धि थे, लेकिन अब उसी उपलब्धि को व्यापक बांग्लादेशी समाज के साथ दीर्घकालीन विश्वास में बदलना होगा।

भारत को बांग्लादेश को अपने प्रभाव क्षेत्र में बनाए रखने की कोशिश करने से कहीं ज्यादा ऐसा साझेदार बनना चाहिए जिसे बांग्लादेश अपने विकास, सुरक्षा और वैश्विक आकांक्षाओं के लिए स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण माने। चीन को रोकने और पाकिस्तान को संतुलित करने की रणनीति से अधिक महत्वपूर्ण है भारत का बेहतर विकल्प बनाना।

अंततः भारत की नई बांग्लादेश नीति का सूत्र बहुत सरल है,सरकार के साथ संवाद, समाज के साथ संपर्क, युवाओं के साथ भविष्य, संसति के साथ आत्मीयता और राष्ट्रीय हितों पर ढ़ता। भारत को बांग्लादेश के साथ अपनी दोस्ती बदलने की जरूरत नहीं है, लेकिन बदलते बांग्लादेश के लिए अपनी कूटनीति बदलने की जरूरत अवश्य है। यही रणनीतिक लचीलापन है और आज भारत-बांग्लादेश संबंधों को शायद सबसे अधिक इसी की जरूरत है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)*

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# क्या है जिन्दगी के रंग और रूप



डा. सरिता कुमारी

जिंदगी क्या है । यह कहना उतना ही कठिन सा महसूस होता है, जितना कि इन्सान को इन्सान कैसे कहा जाए। अगर इन्सान नामक जीव ना होता तो क्या जिन्दगी को रंगीन व रंगहीन के खाँचे में बाँटकर देखा जा सकता है । शायद नहीं।

इन्सान का जिदंगी से बहुत गहरा संबंध है। सारे रंग इन्सान ही बनाते। जिन्दगी को रंगीन कहते। यही इन्सान जब रंग नहीं बना पाते तो, रंगीन कहलाने वाली जिन्दगी रंगहीन कहलाती है। कितना आसान सा महसूस हो रहा यह कह पाना। किंतु क्या इतना आसान है यह। निसंदेह, नहीं मित्रों। एक इन्सान की तमाम उम्र गुजर जाती है, इस जिन्दगी रूपी पहाड़ को चढ़ने में। इसके रंग की कई झलक देखने पड़ते है। सबसे विडंबना की बात तो यह है कि यहाँ स्वेच्छा व इच्छा का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है। सारे रंग स्वतः ही आपके ऊपर लगाए जाते हैं। आपका कार्य उस रंग को हटाना ही रह जाता है। आप पर निर्भर करता है कि आप कितना वक्त लेते हैं उसे हटाने में। उस के आधार पर आपकी जिन्दगी रंगीन व रंगहीन का दर्जा हासिल करती है।

क्यों यह इन्सान की जिन्दगी रंगहीन सी महसूस होती है। मानो श्रापित हो। लगता हो जैसे किसी ऐसे कार्य का भुगतान कर रहे हों, जिसका स्मृति में दूर-दूर तक कोई सुराग हासिल नहीं। क्यों है यह क्या है यह कितना भी सोच कर देख लो। दूर- दूर तक कोई उत्तर नहीं। इन्सान निरुत्तर क्यों हो जाता है । क्यों शारीरिक रूप से सारे कार्य संपन्न करने के बाद भी, मानसिक तत्परता के बावजूद, वह स्वयं को ही उत्तर-निरुत्तर की खाई में खुद को ही पाता है। बुद्धिमान कहलाए जाने वाला इंसान क्यों उत्तर नहीं खोज पाता। इस खोज की गहराई अनन्त प्रतीत क्यों होती है। कभी-कभी इन्सान रंगीन जिन्दगी के लिए रंगों को आरोपित करने का भी प्रयास करता है। किंतु आरोपित चीजें क्षणिक ही होती हैं। कुछ समय पश्चात पुनः रंगहीन की रेखा में शामिल हो जाती है। कुछ क्षणिक रंग की चमक में इन्सान तमाम उम्र गुजरता है।

प्रत्येक के लिए जिन्दगी की रंगीन व विहीन पक्ष अलग हैं। मेरी दृष्टि में रंग से तात्पर्य आनंद से है। रंगहीन से तात्पर्य अवसाद से है। आनंद व अवसाद हमारी जिदंगी के अहम हिस्से हैं। जो हमारी नियंत्रण के बाहर उपस्थित है। किंतु कुछ अंदर भी स्थित है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम अन्दर व बाहर का तालमेल कितना बिठा पाने में सक्षम हो पाते हैं। यहाँ गौर करने की बात है कि, अन्दर व बाहर का तालमेल यह पंक्ति कहने में जितना सुन्दर व संतुलित प्रतीत हो रहा, वर्तमान जीवन में इसे जीवन का पर्याय बनाना उतना ही मुश्किल है। किंतु असंभव कहा जाना भी उचित नहीं होगा। अवसाद व दुख के पल हर पल हर क्षण ही महसूस होते हैं। हमारे कुछ करने या नहीं करने का इस पर कुछ खास प्रभाव नहीं पड़ता है। यह तो महसूस करना ही है। यह चयन नहीं, आवश्यक है। आनंद की तलाश इसी अवसाद में से छानकर हमें निकालने होते हैं। अगर हम इस छानने की क्रिया में सफल नहीं हो सके, तो दुर्भाग्यपूर्ण रूप से मात्र दुख व अवसाद के साथ ही जिन्दगी को जीना होता है। यही वजह है कि इस जीवन में हम कई इन्सान से तो जरूर मिलते हैं किंतु कुछ में ही जिन्दगी के रंग को महसूस कर पाते हैं।

> **क्या आपको भी ऐसा महसूस होता है कि जिन्दगी के लिए रंग व रंग के लिए जिन्दगी ही इन्सान का सबसे बड़ा संघर्ष है । कभी-कभी ऐसा लगता है कि क्यों रंग न हो तो जिन्दगी अर्थहीन हो जाएगी, क्या हम मानव ऐसी धारणा को खुद ही बना कर अनन्त से जीते आ रहे हैं कभी किसी पल तनिक रूक कर हमने विचार करने की कोशिश की है ।**

क्या आपको भी ऐसा महसूस होता है कि जिन्दगी के लिए रंग व रंग के लिए जिन्दगी ही इन्सान का सबसे बड़ा संघर्ष है । कभी-कभी ऐसा लगता है कि क्यों रंग न हो तो जिन्दगी अर्थहीन हो जाएगी, क्या हम मानव ऐसी धारणा को खुद ही बना कर अनन्त से जीते आ रहे हैं कभी किसी पल तनिक रूक कर हमने विचार करने की कोशिश की है । क्या रंग व आनंद वही है जिसे हम इन्सान महसूस करते है । क्या आनंद का जीवन से आसान व अवसाद का कठिन संबंध है । यही सत्य है क्या । आइए तनिक मानस पर थोड़ा-बहुत जोर डालते हैं। यदि आनंद व रंग सचमुच प्रेम सुख प्रदान करने वाला होता है तो फिर क्यों इन्सान यदि इसे प्राप्त भी कर लेता है तो भी कुछ क्षण के पश्चात अपूर्ण सा महसूस क्यों करता है । क्या कहीं यह महसूस होने वाली आनंद, खुशी, रंग वास्तविक रूप में विद्यमान ही नहीं इस धरातल पर। आपको भी ऐसा महसूस हुआ है क्या आपको भी ऐसा लगता है कि अवसाद, दुख, रंगहीनता कहीं ज्यादा, जीने में सहायक है। हम इन्सान घण्टों तक अपने दुख को कह सकते, बार-बार उसे कहने का मन होता।

किंतु आनंद, सुख, रंग कुछ पल में धूमिल-सी हो जाती है। यह मंथन सिर्फ मेरा नहीं, हम सब का है। आइए एक खूबसूरत निगाह इस ओर भी डालते हैं और अपनी-अपनी एकांगी दृष्टि का निर्माण करने की सकारात्मक कोशिश करते हैं।

# दाल-भात का स्वाद और शहनाई की गूंज : जब आंगन में ठहरे थे बिस्मिल्लाह खां

**शहनाई** को विश्व पटल पर अमर करने वाले भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां सिर्फ एक महान संगीत साधक ही नहीं, बल्कि जमीन से जुड़े एक बेहद सरल और आत्मीय इंसान थे। डुमरांव के ठठेरी बाजार में जन्मे उस्ताद की स्मृतियां आज भी उनके पड़ोस और परिजनों के जेहन में जीवंत हैं। उनके जन्मस्थान से महज दस मीटर की दूरी पर रहने वाले उन पर शोध करने वाले लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव के परिवार के साथ उस्ताद का रिश्ता बेहद आत्मीय और ऐतिहासिक रहा।

1979 में 15 दिन डा. शशि भूषण श्रीवास्तव घर में रहे थे उस्ताद। साल 1979 में भोजपुरी फिल्म 'बाजे शहनाई हमार अंगना' की शूटिंग के दौरान उस्ताद करीब 15 दिनों तक लेखक के घर पर ठहरे थे। विश्वविख्यात कलाकार होने के बावजूद उन्हें घर की रसोई का सादा भोजन दाल, भात, दनौरी और धनिया की चटनी बेहद पसंद थी। मां लेखक की मां माया श्रीवास्तव के हाथों का बना यह देसी खाना खाकर वे घर के बड़े-बुजुर्ग की तरह घुले-मिले रहते थे।







**पिता की प्रेरणा और बहन की साधना से बनी किताब :** पिता की प्रेरणा और उस्ताद के प्रति गहरे लगाव के चलते लेखक ने उनके जीवन को शब्दों में पिरोने का संकल्प लिया। डुमरांव में उस्ताद पर **शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां** पुस्तक लेखन के दौरान बहन ज्योति बाला अंधेरे में लैंप जलाकर और चाय देकर इस साहित्यिक साधना की मजबूत स्तंभ बनीं, वहीं मित्र प्रधानाचार्य दीपक कुमार बब्लू ने पुस्तक प्रकाशन में अहम भूमिका निभाई। सन् 2008 में प्रभात प्रकाशन से 'शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां' पुस्तक प्रकाशित हुई।

15 नवंबर 2009 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हरिवंश जी, प्रकाश झा और अली अनवर ने संयुक्त रूप से इस पुस्तक का विमोचन किया। इसी मंच से लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव की मांग पर मुख्यमंत्री ने डुमरांव में राजकीय समारोह और संगीत संस्थान की घोषणा की थी, जो स्थापित हो रहा है। लेखक ने बाद में **'बिस्मिल्लाह और शहनाई'** डक्यूमेंट्री का निर्माण किया और उत्तर प्रदेश सरकार से संवाद कर वाराणसी में उस्ताद की मजार के 20 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

आज भी डुमरांव रेलवे स्टेशन पर गूंजती शहनाई की धुन और ठठेरी बाजार की गलियां इस बात की गवाह हैं कि बिस्मिल्लाह खां अपनी मिट्टी से कभी जुदा नहीं हुए।

## व्रत-त्योहार

# सर्वार्थ सिद्धि योग में पुत्रदा एकादशी आज, हरि और हर की होगी पूजा

### सावन की दूसरी एकादशी है पुत्रदा एकादशी



ज्योतिषाचार्य राकेश झा ।

सावन शुक्ल एकादशी में रविवार को पुत्रदा एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। मूल नक्षत्र व तीन शुभ योग का उत्तम संयोग बन रहा है। पूरे वर्ष में कुल 24 एकादशी होते है । परंतु इस वर्ष अधिक मास होने से 26 एकादशी होगी।

पुत्रदा एकादशी का वत करने से श्रद्धालुओं को तेजस्वी व दीर्घायु संतान की प्राप्ति तथा वायपेयी यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है। गृहस्थजन एवं वैष्णव दोनों आज एकादशी का वत करेंगे । इस एकादशी की महिमा का व्याख्यान योगेश्वर श्रीष्ण ने धर्मराज युधिष्ठिर से किया था।

आज के दिन व्रत करने तथा श्रीहरि विष्णु की पूजा करने से माता लक्ष्मी एवं नारायण दोनों की कृपा बरसती है । इस वत में श्रीकृष्ण के बालस्वरूप में लड्डू गोपाल की पूजा कर उनकी आराधना करने से संतान सुख मिलता है ।

#### तीन शुभ योग का बना संयोग

ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि सावन शुक्ल एकादशी पर सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवियोग का सुयोग बन रहा है । एकादशी पर सूर्य सिंह राशि में तथा चंद्रमा धनु राशि में विद्यमान होंगे । ऐसे उत्तम संयोग में वत, पूजा-पाठ, हरिस्मरण, वेद पाठ, मंत्र जाप, दान-पुण्य करने से कई गुना ज्यादा पुण्य लाभ मिलेगा ।

सावन मास के एकादशी का व्रत करने से शिव व विष्णु दोनों की कृपा मिलती है । संतान कारक इस व्रत को करने से तथा इसके माहात्म्य को पढ़ने व सुनने से समस्त पापों का क्षय तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है ।

#### भगवान विष्णु की होगी पूजा

पंडित झा के अनुसार पुत्रदा एकादशी पर सनातन धर्मावलंबी श्रीहरि विष्णु की विधि-विधान से पूजा करेंगे । सत्यनारायण प्रभु एवं लड्डू गोपाल की भी आराधना होगी । भगवान नारायण को गंगाजल, पंचामृत से स्नान, नूतन वस्त्र, चंदन, फूलमाला, तुलसी, इत्र आदि से श्रृंगार के बाद मिष्ठान, शीतल प्रसाद व ऋतुफल का भोग अर्पित कर उनकी घी के दीपक एवं कर्पूर से आरती होगी ।

श्रद्धालु एकादशी पर सत्यनारायण प्रभु की पूजा के बाद स्कंदपुराण के रेवा खंड की पौराणिक कथा का श्रवण करेंगे । व्रत करने वाले श्रद्धालु सोमवार को पूजा-अर्चना करने के बाद एकादशी का पारण दूब से करेंगे ।

#### एकादशी पूजा शुभ मुहूर्त

**एकादशी की तिथि :** रात्रि 03 : 56 बजे तक

**चर-लाभ-अमृत मुहूर्त :** सुबह 07 : 03 बजे से 11 : 52 बजे तक

**अभिजित मुहूर्त :** दोपहर 11 : 26 बजे से 12 : 18 बजे तक

**शुभ योग मुहूर्त :** दोपहर 01 : 28 बजे से 03 : 04 बजे तक

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### शीतलपुर में ट्रक ने एक किशोर को कुचला,मौके पर हुई मौत

**चकिया(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शीतलपुर चौक के निकट शनिवार को शाम में तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाइक सवार एक किशोर की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं चालक मौका पाकर फरार होने में सफल रहा। मौत से गुस्साए लोगों ने चकिया-केसरिया सड़क पर शव रखकर करीब एक घंटे के लिए जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश कुमार ने लोगों को समझा बुझाकर जाम समाप्त करवाया व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज


घटना स्थल पर ट्रक के पास ग्रामीण।

दिया तथा ट्रक को जब्त कर लिया। मृतक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के कोयला बेलवा गांव निवासी लखींद्र प्रसाद यादव के 13 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में बताया जाता है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार चकिया से स्कूटी से मृतक अपने भाई व बहन के साथ घर जा रहा था। उक्त स्थान पर खाद लदी ट्रक ने बाइक में जोड़दार ठोकर मार दी। जिससे घटना स्थल पर हीं बालक की मौत हो गई।अचानक मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

### कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में 21वें गाजरघास (पार्थेनियम) जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**मोतिहारी(एन एस बी)।** डा राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय षि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत षि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी द्वारा 21वें गाजरघास (पार्थेनियम) जागरूकता सप्ताह2026 के अवसर पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, ग्रामीण युवाओं एवं विभिन्न हितधारकों को पार्थेनियम की पहचान, इसके दुष्प्रभावों तथा वैज्ञानिक एवं समेकित प्रबंधन उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान षि वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों को खेतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पार्थेनियम की पहचान कराई तथा सामूहिक रूप से इसके उन्मूलन का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। किसानों को बताया गया कि फूल एवं बीज बनने से पूर्व इस खरपतवार को जड़ सहित उखाड़कर सुरक्षित रूप से नष्ट करना इसके प्रसार को रोकने का प्रभावी उपाय है। षि वैज्ञानिकों ने बताया कि पार्थेनियम, जिसे


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

सामान्यतः गाजरघास या कांग्रेस घास कहा जाता है, एक आक्रामक खरपतवार है, जो षि उत्पादन, जैव विविधता, पशुधन एवं मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इसके कारण फसलों की उपज में कमी, चरागाहों एवं प्रातिक वनस्पतियों का नुकसान तथा मनुष्यों में त्वचा एलर्जी, खुजली और श्वसन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पशुओं के स्वास्थ्य एवं चारे की गुणवत्ता पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में पार्थेनियम के प्रभावी नियंत्रण के लिए समेकित खरपतवार प्रबंधन अपनाने पर बल दिया गया। किसानों को यांत्रिक, सांसतिक, जैविक तथा आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उपायों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के बिना इस खरपतवार का प्रभावी एवं स्थायी नियंत्रण संभव नहीं है।षि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी ने जिले के किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने खेतों, सड़क किनारे तथा आसपास की खाली पड़ी भूमि से समय-समय पर गाजरघास का उन्मूलन करें और इसके प्रसार की रोकथाम में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग में पूर्वी चंपारण पूरे बिहार में अव्वल

## पटना में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा-सह-क्षमता संवर्धन कार्यशाला में जिले को मिला प्रशस्ति पत्र

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (च्ठस्) कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में पूर्वी चंपारण जिले ने पूरे बिहार में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (ैब्म्त्ज), पटना के संयुक्त तत्वावधान में पटना में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा-सह-क्षमता संवर्धन कार्यशाला में जिले के बेहतर प्रदर्शन पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में राज्य के सभी 38 जिलों में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम की प्रगति, क्रियान्वयन की गुणवत्ता एवं शैक्षणिक नवाचारों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कक्षा 6 से 8 के गणित एवं विज्ञान विषयों में 'करके सीखना' पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन, दीक्षा पोर्टल पर माइक्रो इंप्रूवमेंट प्रोजेक्ट्स की शत-प्रतिशत पूर्णता, नियमित विद्यालय भ्रमण तथा प्रखंड स्तरीय पीबीएल मेलों के सफल आयोजन के लिए पूर्वी चंपारण को सर्वोत्तम



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

पाया गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरि ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले के शिक्षकों, जिला तकनीकी दल, जिला अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन दल के सदस्य नागेन्द्र प्रसाद एवं कमलेश कुमार सिंह, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों तथा प्रखंड तकनीकी दल के सदस्यों के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सरकारी विद्यालयों में हो रहे शैक्षणिक बदलाव का प्रमाण है। जिले का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चा रटने की बजाय समझकर और करके सीखे। उन्होंने 'पढ़िये, समझिये, करिये और सीखिये' की अवधारणा को आगे भी प्रभावी ढंग से जारी रखने पर जोर दिया तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को बधाई दी।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान ब्रजेश कुमार ने कहा कि पीबीएल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत गणित और विज्ञान में कमजोर बच्चों को भी आसान तरीके से मडल के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जा रहा है। इसमें स्थानीय संसाधनों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे बच्चों में विषयों को समझने और व्यावहारिक रूप से सीखने की क्षमता विकसित हो रही है।वहीं संभाग प्रभारी रामदेव महतो ने जिले की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ टीम को उपयोगी कार्यो में सहयोग करते रहेंगे।

कार्यशाला एवं कार्यक्रम के दौरान रमेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, अंजना कुमारी, सरिता कुमारी, विभाष चंद्र, केशव कुमार कश्यप, नवाब ठाकुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।जिले को मिली इस उपलब्धि से शिक्षा विभाग से जुड़े पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों में हर्ष का माहौल है। अधिकारियों ने पीबीएल के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं व्यावहारिक बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## मोतिहारी में होगा सांसद खेल महोत्सव-2026

## 1 सितंबर से 8 अक्टूबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, स्वास्थ्य और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांसद पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह के संरक्षण में सांसद खेल महोत्सव-2026 का आयोजन मोतिहारी में किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन खेल से स्वास्थ्य युवा से राष्ट्र एकता से विकास की भावना के साथ किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत 1 सितंबर 2026 से 8 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्य रूप से खेल भवन, मोतिहारी तथा आवश्यकता के अनुसार गांधी मैदान, मोतिहारी और अन्य निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। महोत्सव में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के लिए तलवारबाजी, कैरम, शतरंज, कुश्ती, थांग-टा, वलीबल, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस, जूडो, साइकिलिंग एवं कबड्डी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगीसप्रतियोगिताओं का शेड्यूल के अनुसार 1 सितंबर से 3 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में तलवारबाजी (फेंसिंग), 9 सितंबर से 11 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में कैरम, 12 सितंबर से 13 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में शतरंज, 14 सितंबर से 15 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में कुश्ती, 16 सितंबर से 17 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में थांग-ता, 18 सितंबर से 20 सितंबर तक गांधी मैदान, मोतिहारी में वलीबल, 21 सितंबर से 23 सितंबर तक गांधी मैदान, मोतिहारी में एथलेटिक्स, 24 सितंबर से 25 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में भारोत्तोलन, 26 सितंबर से 27 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में टेबल टेनिस, 28 सितंबर से 29 सितंबर तक खेल भवन, मोतिहारी में जूडो, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी उद्यानध्गांधी मैदान, मोतिहारी में साइकिलिंग तथा 3 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक खेल भवन, मोतिहारी में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।महोत्सव का समापन समारोह 11 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगास सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनमें नेतृत्व एवं अनुशासन की भावना विकसित करना तथा स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।सांसद खेल महोत्सव-2026 के संयोजक के रूप में भानु प्रकाश एवं अप्पू कुमार आयोजन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## नरकटिया चौक पर छापेमारी

## 22 पीस शराब बरामद

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के नरकटिया चौक पर पुलिस ने शुक्रवार को शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ छापेमारी कर एक दुकान से 18 पीस 08 पीएम फ्रूटी और चार पीस किंगफिशर बीयर बरामद की। इस दौरान पुलिस ने अजय प्रसाद, पिता हरिशंकर प्रसाद, निवासी दूधियाहवा कलवारी टोला को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामले में दो आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपितों पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रत्येक दिन विद्यालयों का करे औचक निरीक्षण : जिलाधिकारी

### औचक निरीक्षण मध्या भोजन की अवधि के दौरान करें एवं बच्चों के पंगत में बैठकर खुद भी खाना खाएं

### शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ड राधाष्णन सभागार में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक कार्य दिवस में विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें। औचक निरीक्षण मध्यान भोजन के लिए निर्धारित समय पर करें और खुद भी बच्चों के पंगत में बैठकर मध्यान भोजन ग्रहण करें। मध्यान भोजन की ।टिटी, ।लिटी और हाइजीन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विद्यालय भ्रमण के दौरान पदाधिकारी विद्यालय परिसर की


समीक्षा बैठक करते डीएम व अन्य।

साफ सफाई सहित रसोई घर की व्यवस्था जरूर देखें। रसोई घर की साफ सफाई मुकम्मल हो और उसमें कोई भी अनावश्यक सामग्री नहीं रहे इसे सुनिश्चित कराएं। रसोई घर की खिड़की में यथाशीघ्र जाली (नेट)लगवा दें। निर्देश दिया गया कि सभी पदाधिकारी मध्यान भोजन ग्रहण करते हुए अपना फोटो संबंधित ग्रुप में व्हाट्सएप के माध्यम से भेजेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि मैं स्वयं भी देखूंगा और उप विकास आयुक्त के द्वारा भी समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा और इन चीजों को अनिवार्य रूप से देखा जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान नामांकन की स्थिति, नामांकन के विरुद्ध बच्चों की भौतिक उपस्थित, शिक्षकों की उपस्थिति, इंफ्रास्ट्र र उपलब्धता, विद्यालय की अगर कोई समस्या है तो इससे संबंधित एक नोट बनाएं और इसका प्रतिवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान बताया गया कि जिला की कुल सात प्रखंडों में एजेंसी के माध्यम से मध्यान भोजन कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि खाना की गुणवत्ता और सर्विस से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसमें कहीं से शिकायत मिलेगी तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगीस सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिन विद्यालयों में सिविल वर्क चल रहे हैं अथवा जिन विद्यालयों में होना है और कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन सभी विद्यालयों की कनीय अभियंता के साथ जांच करें। विद्यालयों में चल रहे सिविल वर्क को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि इससे संबंधित गूगल शीट बनाएं और स्कूल वार किये जा रहे कार्यो और उसके प्रगति को गूगल शीट में प्रतिदिन दर्शाएँ। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत सभी 33 सरस्वती विद्या निकेतन (मडल स्कूल)में लाइव क्लासेस संचालित की जा रही है। साथ ही बीएसईबी पटना द्वारा विकसित मोबाइल एप षविद्या साथीष्के माध्यम से 24 ’7 विद्यार्थी शिक्षकों से अध्ययन कर सकते हैं एवं अपनी समस्याध प्रश्नों का हाल प्राप्त कर सकते हैंस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,प्रखंडों के कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# बेहतर समन्वय के साथ अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करना प्राथमिकता : मो.आरिफुज्जमां

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिले में अगिशमन विभाग को अब पूर्णकालिक जिला अगिशमन पदाधिकारी मिल गया है। नवपदस्थापित जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ आरिफुज्जमां ने शुक्रवार को जिला अगिशमन केंद्र, मोतिहारी में अपना पदभार ग्रहण किया। उनके योगदान पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वागत समारोह आयोजित कर गार्ड अफ अनर दियास पदभार ग्रहण के अवसर पर जिला अगिशमन केंद्र परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। अधिकारियों एवं कर्मियों ने नवपदस्थापित पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया तथा बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। जिले में पहली बार जिला अगिशमन पदाधिकारी के पद पर नियमित पदस्थापना होने से विभागीय कार्यो में तेजी


पदभार ग्रहण करते नवपदस्थापित डीएफओ मो़ आरिफुज्जमां।

आने की उम्मीद जताई गईस इस दौरान निवर्तमान प्रभारी जिला अगिशमन पदाधिकारी सह डीसी तृप्ति सिंह के कार्यकाल की भी अधिकारियों एवं कर्मियों ने सराहना की। कर्मियों ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विभागीय जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया और टीम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्यो को आगे बढ़ायास पदभार ग्रहण करने के बाद नव पदस्थापित जिला अगिशमन पदाधिकारी मो़ आरिफुज्जमां ने कहा कि विभागीय कार्यो को सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के सहयोग और बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। अगिशमन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुढ़ बनाने के लिए टीम भावना से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से पूर्वी चंपारण को अगिशमन सेवाओं के क्षेत्र में राज्य में बेहतर स्थान दिलाने का प्रयास रहेगा।बताते चलें कि इससे पूर्व पूर्वी चंपारण में होमगार्ड के समादेष्टा को जिला अगिशमन पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। अब पहली बार जिले में जिला अगिशमन पदाधिकारी की नियमित पदस्थापना हुई है। इससे विभागीय कार्यों, अगि सुरक्षा व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं के संचालन में और गति आने की उम्मीद है। मौके पर सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी जय जयराम मंडल, सुरेंद्र सिंह, अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी, एसआई रंजीत कुमार, अगि चालक संतोष कुमार, हवलदार मनोज चौधरी, अगिक रंजीव कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 1 सितंबर को बिहार के लाखों कर्मचारी-शिक्षक काला दिवस (ब्लैक डे) मनाएंगे : महासंघ गोप गुट

#### 'ब्लैक डे के साथ 01सितंबर को व्ॅ के समर्थन में लंच अवर में नारेवाजी करेंगे : प्रेमचंद कुमार सिन्हा

**पटना।** कर्मचारी नेता एवं महासंघ (गोप गुट) के महासचिव सह छडव्ै बिहार के मुख्य संरक्षक- प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने बिहार के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री,मुख्य सचिव एवं वित्त विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर छच्ै को रद्द करने की मांग की है और व्ॅ बहाल करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र में राज्य के सभी विभागों में कार्यरत पदाधिकारियों ध कर्मचारियोंध शिक्षकों द्वारा एनपीएस ध यूपीएस के विरोध में 01 सितंबर, 2026 को काला दिवस (ब्लैक डे) मनाने तथा पुरानी पेंशन योजना (व्ॅ) लागू करने हेतु इससे संबंधित ठंकहम लगाकर अपने सरकारी दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने एवं लंच अवर में मांगों के समर्थन में नारेवाजी करने के बारे में अवगत कराते हुए कहा गया है कि वैसे राज्यकर्मियों - शिक्षकों जो दिनांक 1 सितंबर 2005 या उसके बाद सेवा में आए हैं उन पर नई अंशदायी पेंशन योजना लागू कर दी गई है जिससे उनके सेवानिवृति के बाद का जीवन काफी दुखदायी हो जाएगी क्योंकि नई अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) के मद में कटौती की गयी राशि प्रति माह शेयर मार्केट में चला जाता है,जिसके कारण नुकसान की संभावना बनी रहती है तथा विगत 21 वर्ष के अनुभव तथा सेवानिवृत हो रहे राज्यकर्मियों को एनपीएस के माध्यम से निर्धारित होने वाले पेंशन की राशि से स्पष्ट होता है कि पेंशन की राशि इतनी कम होती है कि वृद्धावस्था में आवश्यक जीवन निर्वाह संभव नहीं है। जिसके कारण राज्यकर्मी बुढ़ापे में सामाजिक प्रतिष्ठा एवं सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित एवं भयग्रस्त हैं । उक्त सामाजिक प्रतिष्ठा एवं सुरक्षा को लेकर बिहार सहित अन्य राज्यकर्मी तथा केंद्रीय कर्मी काफी आंदोलित एवं आक्रोशित हैं , फलस्वरुप कई राज्यों में यथा - झारखण्ड, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा की गंभीरता को समझते हुए उक्त मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अपने राज्यों में नई अंशदायी पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (व्ॅ) पुनरू बहाल कर दिया गया है। बिहार के राज्यकर्मियों -शिक्षकों को भी नई अंशदायी पेंशन योजना(छच्ै) रद्द कर पुरानी पेंशन योजना (व्ॅ) लागू करने हेतु छडव्ै, बिहार इकाई, स्टेट फोरम अगेंस्ट एनपीएस, बिहार एवं महासंघ (गोप गुट) द्वारा कई बार अनुरोध किया गया है, परन्तु अभी तक इस ज्वलंत मुद्दे पर विचार नहीं किया गया है बल्कि मांग के विपरीत केंद्र सरकार द्वारा निर्गत यूनिफाइड पेंशन स्कीम (न्च्ै) को समीक्षा कर लागू करने हेतु कमिटी गठित कर दी गयी है जिससे राज्यकर्मियों - शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसलिए महासंघ (गोप गुट) ने अपने राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय लिया है कि छडव्ै, बिहार इकाई, स्टेट फोरम अगेंस्ट एनपीएस, बिहार एवं अन्य संगठनों के साथ साझा कार्यक्रम बनाकर छच्ैध न्च्ै रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को बिहार में लागू कराने के लिए राज्य सरकार का ध्यान आष्ट कराने हेतु दिनांक 01सितंबर 2026 को कर्मचारियों के लिए काला दिवस (ब्लैक डे) मनाएंगे।ब्लैक फीता तथा व्ॅ की मांग से संबंधित ठंकहम लगाकर राज्य के कर्मचारी, शिक्षक, पदाधिकारी अपने सरकारी दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और लंच अवर में मांगों के समर्थन में नारेवाजी करेंगे। साथ ही अनुरोध किया है कि उक्त मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए सेवानिवृत्ति के पश्चात सामाजिक प्रतिष्ठा एवं सुरक्षा के मद्देनजर दिनांक 1९ 2005 के प्रभाव से लागू नई पेंशन योजना (एनपीएस)एवं प्रस्तावित यूनिफाइड पेंशन स्कीम (न्च्ै) को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल की जाए।

### बिदुपुर बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना का सचिव ने किया निरीक्षण

**पटना।** बिदुपुर बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना का सचिव ने किया निरीक्षण। संचालन में लापरवाही पर सचिव ने जताई नाराजगी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता का वेतन बंद करने का दिया आदेश' लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के सचिव श्री बी. कार्तिकेय ने हाजीपुर प्रमंडल अंतर्गत बिदुपुर बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना का औचक निरीक्षण कर योजना की प्रगति, जल शोधन एवं जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सचिव ने योजना के अंतर्गत निर्मित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। इस जल शोधन संयंत्र की कुल जल शोधन क्षमता 16़63 डस्क है। योजना अंतर्गत गंगा नदी के जल को शोधित कर बिदुपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के 159 वार्डो के लगभग 28,000 से अधिक परिवारों को आर्सेनिक मुक्त स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। सचिव ने जल शोधन संयंत्र से संबंधित विभिन्न संरचनाओं एवं जलापूर्ति व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से इनके संचालन एवं रख-रखाव की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सचिव ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता का वेतन बंद करने का आदेश दिया तथा अधिकारियों को कार्यो में सुधार लाने एवं योजना के बेहतर संचालन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जलापूर्ति योजना के संचालन एवं रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। योजना से जुड़ी सभी संरचनाओं की नियमित निगरानी, बेहतर रख-रखाव तथा तकनीकी कमियों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सचिव ने कहा कि आमजन को नियमित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी एवं अभियंता योजनाओं के सुचारू संचालन, सतत निगरानी एवं त्वरित शिकायत निवारण सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को निर्बाध शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलती रहे।

### कांग्रेस के 20 जिलों के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अम्बा/औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। औरंगाबाद के अम्बा स्थित राजलक्ष्मी रिजर्ट में आयोजित इस शिविर में कांग्रेस ने अपनी नई रणनीति तैयार की। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे और आखिरी दिन पार्टी ने मीडिया और सोशल मीडिया के लिए अपनी रणनीति बनाई। इसके साथ ही राजनीति में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने पर जोर दिया। मौजूदा राजनीतिक परिवेश में कांग्रेस की भूमिका और जन लामबंदी के आधुनिक तरीके पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार कांग्रेस के प्रभारी ष्णा अल्लावरु मौजूद रहें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार चला रहे लोग समाज और देश को तोड़ रहे हैं और राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। आपसी एकता और सहमति से देश को ताकतवर बनाया जा सकता है। पार्टी और समाज को एक अनुशासन में साथ चलना चाहिए। कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को स्थापित किया है और हमारे प्रखंड अध्यक्ष की वैचारिक मजबूती के लिए यह प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। प्रखंड अध्यक्ष हमारी पार्टी की रीढ़ हैं। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगच्छध्वं संबदध्वं का सूत्र कहता है कि सबको साथ लेकर चलने और सबके विचारों का सम्मान करने से ही श्रेष्ठ समाज का निर्माण होता है। कांग्रेस हमेशा इस सूत्र का सम्मान करती रही है। पंचायत के एक कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक एक सूत्र में बंधे होते हैं और सब एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। देश निर्माण में हम सबको अपनी भूमिका निभानी है। एक-दूसरे से संवाद और एक-दूसरे का सम्मान हमारा संस्कार है। प्रशिक्षण शिविर का संचालन संयोजक प्रो़ रंजीत मिश्र और सत्रों का संचालन प्रशिक्षक राजकुमार मीणा ने किया। शिविर को असित नाथ तिवारी, कुणाल कुमार, राकेश सिंह, सुश्री ऋचा, जितेन्द्र नाथ पटेल और पूर्व विधायक आनंद शंकर ने प्रशिक्षण दिया। प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता पंकज यादव, ड़ अमन कुमार, सत्येंद्र नारायण, अरविंद शर्मा, ड अनिता कुमारी, पूनम यादव, शैलेन्द्र मिश्र, चंद्रभूषण राजपूत सहित अन्य प्रमुख नेतागण भी शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### मनौरी चैक स्थित हार्डवेयर दुकान में चोरी, 10 हजार नकदी समेत हजारों का सामान ले गए चोर



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के मनौरी चैक स्थित रंजीत हार्डवेयर दुकान में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे लगी बांस की जाफरी की रस्सी काटकर प्रवेश किया और करीब 10 हजार रुपये नकद समेत हजारों रुपये की सामग्री चोरी कर ली। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह दुकान खोलने पर दुकानदार रंजीत कुमार को हुई। उन्होंने देखा कि दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने सोनवषार्राज थाना में आवेदन देकर चोरी गए सामान व नकदी की बरामदगी तथा अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। दुकानदार के अनुसार चोर पीतल के नल, कैंची सहित अन्य हार्डवेयर सामग्री और गल्ले में रखे करीब 10 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दुकानदारों और आमलोगों में भय का माहौल है। थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### समाजसेवी लड्डू विश्वास के निधन पर मंत्री रत्नेश सादा ने जताया शोक



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 निवासी समाजसेवी लड्डू विश्वास का असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही बीते शुक्रवार को बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि लड्डू विश्वास सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते थे। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दौरान परिजनों के साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। लड्डू विश्वास के निधन पर समाजसेवी अजय कुमार सिंह, मुख्य पार्षद मनीष कुमार, उप मुख्य पार्षद शैल देवी, संजय विश्वास, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह मुन्ना, बड़गांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां, जदयू उपाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह,अधिवक्ता शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, पैक्स अध्यक्ष यशवंत कुमार सिंह उर्फ बुलबुल सिंह समेत अन्य लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक प्रकट किया।

### सांसद राजेश वर्मा ने दिवंगतों के परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेश वर्मा शनिवार को सिमरीबख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया। सांसद ने अपने दौरे की शुरूआत धमारा घाट स्थित मां कात्यायनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। इसके बाद सांसद नगर परिषद क्षेत्र के भौरा गांव निवासी जियालाल यादव के आवास पहुंचे और उनकी दिवंगत माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं महखड़ पंचायत में फिरोज आलम के घर पहुंचकर उनकी दिवंगत माता के निधन पर परिजनों को ढाढस बंधाया। इसके अलावा स्व. बिजेंद्र पासवान एवं स्व. विष्णुदेव यादव के परिजनों से भी मुलाकात कर सांसद ने संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता के सुख-दुःख में शामिल होना उनकी प्राथमिकता है। जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना उनकी जिम्मेदारी है। मौके पर पूर्व विधायक अरुण कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि रितेश रंजन, मुखिया विनय यादव, मोजाहिर आलम, ब्रजेश यादव सहित अन्य कार्यकत्रा मौजूद रहे।



### खजुराहा में छह वर्षीय बच्चे का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुराहा वार्ड 05 में शनिवार सुबह छह वर्षीय बच्चे का शव झाड़ी से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान वार्ड 5 निवासी मुन्ना मुखिया के छह वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई है। पीयूष दो भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों के अनुसार पीयूष शुक्रवार शाम करीब पांच बजे से लापता था। परिवार वालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। शनिवार सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर जंगल-झाड़ी में ग्रामीणों ने बच्चे का शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने शव की पहचान पीयूष के रूप में की, जिसके बाद गांव में मातम छा गया। परिजनों ने बच्चे की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बच्चे के मुंह में लाठी जैसी वस्तु लगी हुई थी, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। हालांकि परिवार वालों ने किसी से दुश्मनी होने से इनकार किया है। सूचना पर सोनवषार्राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



### मंत्री रत्नेश सादा ने सहसौल में तीन दिवसीय मेले का किया उद्घाटन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सहसोल बाजार में श्रीश्री 108 विशू बाबा के तीन दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ शुक्रवार देर रात बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सहसौल पंचायत के मुखिया शिवेन्द्र नारायण सिंह, जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह एवं बड़गांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बौआ खां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेला 21 से 23 अगस्त तक चलेगा। मेले को लेकर आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। परिसर में पूजा-पाठ के साथ विभिन्न प्रकार की दुकानें और मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं। शनिवार को होने वाली बाल कुश्ती प्रतियोगिता मेले का मुख्य आकर्षण रहेगी। इसमें स्थानीय बच्चे कुश्ती के दांव-पेंच आजमाएंगे। प्रतियोगिता देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इस दौरान मेला समिति के नरेश कुमार महतो, राजू साह, रंजीत साह, जोगी साह, ध्यानी साह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# स्टूडेंट मेंटरशिप प्रोग्राम का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने किया उद्घाटन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से षनिवार को सरस्वती विद्या निकेतन, जिला स्कूल सहरसा में स्टूडेंट मेंटरशिप प्रोग्राम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस नवाचारी कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपेश कुमार के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी और शिक्षा विभाग के संयुक्त एवं दूरदर्शी प्रयास से शुरू की गई इस पहल के अंतर्गत, मॉडल स्कूल के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को अब प्रत्येक शनिवार को प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर छात्रों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें ख्याति प्राप्त संस्थानों के अनुभवी शिक्षकों ने अपना योगदान दियारू भौतिक विज्ञान फिजिक्स वाला के विशेषज्ञ शिक्षक चंदन कुमार द्वारा विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। रसायन विज्ञान, प्रगति क्लासेज के अनुभवी शिक्षक अंकेश कुमार द्वारा विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। जीव विज्ञान के शिक्षक रौनक कुमार द्वारा कोशिका विषय पर कक्षाएं संचालित की गईं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, डीईओ रोहित रौशन, जिला गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी राजू कुमार, और सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग-सह-जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी राजीव रंजन ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। स्टूडेंट मेंटरशिप प्रोग्राम के तहत अब से प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से इसी प्रकार विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा कक्षाएं संचालित की जाएंगी। यह पहल न केवल छात्रों के शैक्षणिक स्तर को ऊँचा उठाएगी, बल्कि उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी एक मजबूत आधार प्रदान करेगी।



उद्घाटन करते जिलाधिकारी व अन्य

# वित्त रहित शिक्षकों नें मूल्यांकन केन्द्र पर काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**सहरसा शहर (एनएसबी)**।पूर्व निर्धारित कार्यकर्म के तहत शनिवार को संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक द्वारा सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय सहरसा मूल्यांकन केंद्र पर काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। साथ ही साथ वित्त रहित शिक्षकों को समायोजन या सम्बद्धता प्रदान कर नियमित वेतन भुगतान की मांग की है। शिक्षकों ने कहा कि समान काम के बदले समान वेतन भुगतान व सभी सुविधा प्रदान करने की मांग की जा रही है। बिहार सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक नीति मे नित्य नए सुधार प्रयोग व फरमान जारी की जा रही है। वही सरकार द्वारा हर प्रखंड में नये ड्रिग्री कालेज खोलने की कवायद की जा रही है। जबकि वित्त रहित शिक्षकों की कोई सुधि नही ली जा रही है।उनके जीवन मे समस्या दिन प्रतिदिन विकराल होता जा रहा है।वही वित्त रहित शिक्षकों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन कर बकाये अनुदान,कापी मूल्यांकन राशि भुगतान की मांग भी की जा रही है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ दीपक कुमार सिंह, प्रो सत्येंद्र सिंह, प्रो रेखा कुमारी, प्रो अनिता कुमारी, प्रो सुमन झा, प्रो मनोज झा, प्रो नन्द किसोर यादव आदि सैकड़ो शिक्षक शामिल हुए।


प्रदर्शन करते वित्त रहित शिक्षक

# मधेपुरा विद्युत रेल इंजन कारखाना में छह साल में बने फीसद 650 वां इंजन पटरी पर दौड़ा

**12 हजार हॉर्स पावर का विश्वस्तरीय इंजन मधेपुरा रेल कारखाना में होता तैयार**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** रा मधेपुरा रेल कारखाना में देश का सबसे शक्तिशाली 12 हजार हॉर्स पावर का 650 विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक इंजन बनकर तैयार हो गए हैं। देश की आजादी के जश्न वाले दिन कारखाना का 650वां इंजन निकलकर भारतीय रेल की पटरी पर दौड़ा। ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव कारखाना मधेपुरा के सीनियर सेक्शन इंजीनियर इलेक्ट्रिकल नवलकिशोर कुमार, एलस्ट्रॉम के साइट एमडी अशोक कुमार सिंह और इंडस्ट्रियल डायरेक्टर अशोक कुमार ने 650वां इंजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर इंजन और कारखाना दोनों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। इसी माह चार और इंजन तैयार होकर भारतीय रेल की पटरी पर दौड़ेगा। उसके बाद निर्धारित समय अवधि मार्च 2028 से पहले शेष 146 इलेक्ट्रिक इंजन बनाने की तैयारी में जुटेंगे। दरअसल, भारतीय रेल से हुई करार मुताबिक फ्रांस की कंपनी एलस्ट्रॉम को मार्च 2028 तक 12 हजार हॉर्स पावर के टोटल 800 इलेक्ट्रिक इंजन तैयार कर देना है।छह साल पूर्व पहली बार मालगाड़ी में लगकर चली थी इंजनरू छह साल पूर्व 18 मई 2020 को पहली बार मधेपुरा रेल कारखाना निर्मित देश का सबसे शक्तिशाली 12 हजार हॉर्स पावर का इलेक्ट्रिक इंजन पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर से झारखंड के बरबाडीह तक 118 डिब्बे वाली मालगाड़ी में लगकर चली थी। मालगाड़ी में इस इंजन को लगाकर चलाने से 120 मिलियन किमी से अधिक दूरी तक ले जाने वाली कोयला, सीमेंट, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल उत्पाद, खनिज, खाद्यान्न, डाक पार्सल को अधिक वजन के साथ कम समय में ढुलाई करना संभव हुआ। छह हजार टन रेक खींचने में सक्षम यह इंजन 120 किमी प्रति घंटे की गति से चलती है। पहली बार यात्री ट्रेन में इस इंजन का उपयोग किया गया, जो ललितग्राम से सहरसा होते पटना जाने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस है। फ्रांस, रूस, चीन, जर्मनी, स्वीडन के बाद भारत छठा देश है जहां इस तरह के विश्वस्तरीय तेज इलेक्ट्रिक इंजन तैयार होते हैं। 10 अप्रैल 2018 को पहले इंजन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।एक इंजन की 35 साल होती लाइफरू मधेपुरा रेल कारखाना निर्मित देश के सबसे शक्तिशाली इलेक्ट्रिक इंजन की लाइफ 35 साल की है। भारतीय रेल और फ्रांस की कंपनी एलस्ट्रॉम के संयुक्त संयोजन में पीपीपी मॉडल के तहत ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव कारखाना की स्थापना कोसी क्षेत्र के मधेपुरा जिले में हुई है। पहली बार परिचालन के 45 दिन बाद ही मधेपुरा रेल कारखाना निर्मित 12 हजार हॉर्स पावर के इलेक्ट्रिक इंजन का मेंटेनेंस किया जाता है। 501 से 800वां मतलब 300 इंजनों का मेंटेनेंस गुजरात राज्य के साबरमती डिपो में होगा। उत्तरप्रदेश के सहारनपुर डिपो में 1 से 250वें और 251 से 500वें इंजनों का नागपुर डिपो में मेंटेनेंस व रखरखाव किया जाता है।


मधेपुरा रेल कारखाना में तैयार

# डीआईजी द्वारा नशामुक्त अभियान के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारत सरकार द्वारा ष्नशा मुक्त भारत अभियानष चलाया जा रहा है। जिसके आलोक में बिहार पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त बिहार, नशा मुक्त कोशी अभियान कोशी क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक कोशी क्षेत्र, सहरसा एवं सुपौल पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को सदैव नशा से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। नशा से होने वाले दुष्प्रभावों से छात्र-छात्राओं, शिक्षको, अभिभावकों एवं अन्य उपस्थित सभी व्यक्तियों को जागरूक किये। इस संबंध में वहां उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में अवगत कराये। पुलिस उप महानिरीक्षक, कोसी क्षेत्र सहरसा कुमार आशीष के द्वारा पूर्व से चलाये जा रहे श्नशा मुक्त कोशी अभियान से भी लोगों को अवगत कराये। वहा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को उसे रोकने एवं ष्नशा मुक्त कोशी अभियान के तहत जारी हेल्पलाईन 70-9000384805 की जानकारी देते हुये बताया गया कि इस हेल्पलाईन नं० पर नशा से संबधित सूचना कॉल, मैसेज एवं यहाट्स एप के माध्यम से दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्तियो की पहचान पूर्णतः नोपनीय रखी जायेगी। प्राप्त सूचना के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई भी की जायेगी।



# रौनियार समाज ने नम आंखों से स्वयंसेवक स्व. मुरारी प्रसाद गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुराने जनसंघ काल के स्वयंसेवक एवं ट्रांसपोर्ट विभाग, पटना सचिवालय से अवकाश प्राप्त, महावीर चैक निवासी समाजसेवी स्व. मुरारी प्रसाद गुप्ता के निधन पर शनिवार को डॉ.राजकिशोर प्रसाद गुप्ता के आवास पर रौनियार समाज के बंधुओं द्वारा शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.राजकिशोर प्रसाद गुप्ता ने की तथा संचालन सुरेंद्र कुमार उर्फ राजा ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने स्व.मुरारी बाबू के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे अत्यंत हंसमुख, मिलनसार एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। अवकाश प्राप्ति के बाद जब से वे यहां आए, तब से सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहे। वे सादगीपूर्ण जीवन जीने में विश्वास रखते थे और समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। शोकसभा में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, भोला प्रसाद गुप्ता, नारायण गुप्ता लड्डू, अमित गुप्ता विक्की, संजू कुमार गुप्ता, अनंत प्रसाद गुप्ता, गोपाल प्रसाद, विकास गुप्ता, गणेश कुमार गुप्ता, केदार प्रसाद, संतोष कुमार, अमर गुप्ता, भैरव गुप्ता, कुंदन कुमार, राजेश गुप्ता मुन्ना, नरेश प्रसाद गुप्ता, रुपेश कुमार, रिंकू गुप्ता, शंकर प्रसाद, बादल कुमार, अमर कुमार, सुधीर कुमार मनीष कुमार, पिंटू गुप्ता राजेश गुप्ता मुन्ना, नीरज राम सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।



### मानस मिश्रा बनें बजरंग दल के जिला संयोजक, कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

**सहरसा शहर (एनएसबी)**।विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल उत्तर बिहार प्रांत की कार्यसमिति बैठक समस्तीपुर स्थित श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक के दौरान में प्रांत मंत्री रणवीर कुमार द्वारा सहरसा जिले के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई। लगभग 6 वर्षों के बाद बजरंग दल के जिला संयोजक का दायित्व मानस मिश्रा को सौंपा गया है। इसके साथ ही रोहन कुमार को जिला सेवा प्रमुख, अमन कुमार को जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख, राजवीर सिंह को जिला सह मंत्री तथा गुल्लु मिश्रा को दुर्गा वाहिनी नगर सह संयोजिका का दायित्व प्रदान किया गया। संगठन ने सभी नवदायित्ववान कार्यकत्राओं से हिंदू समाज के संगठन, सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार के कार्यों को और अधिक गति देने की अपेक्षा व्यक्त की है। नवनियुक्त जिला संयोजक मानस मिश्रा ने कहा कि वे संगठन द्वारा व्यक्त विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा सहरसा जिले के सभी प्रखंडों में संगठन विस्तार, नई इकाइयों के गठन एवं युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने प्रांत के सभी अधिकारियों, जिला अध्यक्ष पम्पल सिंह, जिला मंत्री प्रणव मिश्रा एवं समस्त कार्यकत्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



# नवनिर्वाचित विधान पार्षद अनिल ठाकुर का नाई संघ ने किया भव्य अभिनंदन

**जननायक कर्पूरी ठाकुर की में भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग**

**सहरसा शहर (एनएसबी)**।शहर के पूजा बैंकेट में नाई संघ, के तत्वावधान में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह नवनिर्वाचित विधान पार्षद अनिल ठाकुर का भव्य अभिनंदन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। समारोह में पार्षद अनिल ठाकुर का फूल-माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान सामाजिक सरोकार, जनकल्याण तथा नाई समाज की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर जोरदार ढंग से आवाज उठाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाई संघ के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र ठाकुर ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष दिलीप ठाकुर ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अनिल ठाकुर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि वे विधान परिषद में समाज के सभी वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने के साथ-साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल करेंगे। समारोह में नाई समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने केश कला बोर्ड के गठन की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि इससे नाई समाज से जुड़े पारंपरिक व्यवसाय, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कल्याणकारी योजनाओं को संस्थागत रूप से बढ़ावा मिलेगा। समाज के लोगों ने इस मांग को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का आग्रह नवनिर्वाचित विधान पार्षद अनिल ठाकुर से किया। वक्ताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर की में भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई। वक्ताओं ने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर व्यवसाय करने वाले नाई समाज के लोगों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना रोजगार कर सकें और अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। इस दौरान मनरेगा के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने, गरीब एवं मजदूर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी पहल करने पर जोर दिया गया। समारोह को भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, वैश्य समाज सहरसा के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह, भाजपा उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, सिद्धार्थ सिंह सिद्धू एवं रंजीत दास सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में नाई संघ के सचिव शिवशंकर ठाकुर, पवन ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, यशोधर ठाकुर, संतोष ठाकुर, गणेश ठाकुर, अभिषेक कुमार, अनिल ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, संजय ठाकुर, पंकज ठाकुर, मुरली ठाकुर, दीपक ठाकुर, नरेश ठाकुर, राजीव ठाकुर, संजय पंडित, रुद्रनारायण ठाकुर, रामजी ठाकुर, गगन ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, उमेश ठाकुर, पांडव ठाकुर, श्रवण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नाई समाज के गणमान्य लोग एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


विधान पार्षद का अभिनंदन करते कार्यकत्रा

## संक्षिप्त खबरें

### चार माह से मानदेय नही मिलने से जीविकाकर्मी परेशान

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित जीविका समूह की समुदाय समन्वयक को पिछले चार महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण कर्मियों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खासकर बोबिल पंचायत एवं बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र की जीविका सीएम इस प्रशासनिक उपेक्षा से बेहद आहत हैं। दर्जनों जीविका सीएम ने बताया कि उन्हें बीते चार महीनों से मानदेय की राशि नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड के जीविका सीसी की लापरवाही के कारण उनके मानदेय का भुगतान अटका हुआ है। मानदेय न मिलने से उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने और दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित जीविका सीएम का कहना है कि वे दिन-रात मेहनत कर जीविका की योजनाओं को धरातल पर उतारती हैं, लेकिन समय पर मानदेय न मिलने से उनके समक्ष गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप करते हुए जल्द से जल्द बकाया मानदेय के भुगतान की मांग की है, ताकि उनकी जीविका सुचारू रूप से चल सके।

### संजय बने जिला सैनिक अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष

**महेशखूंट।** खगड़िया जिला में भूतपूर्व सैनिकों,सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर महेशखूंट नया बाजार निवासी एक्स लेफ्टिनेंट संजय कुमार यादव को चुना गया है। संजय कुमार यादव भारतीय जल सेना में 37 वर्षो से भी अधिक समय तक अपना योगदान दे चुके हैं। उनके चयन से महेशखूंट क्षेत्र के सैनिकों और उनके परिवारों में गर्व महसूस कर रहे हैं। नव निर्वाचित उपाध्यक्ष ने बताया की समिति का मुख्य उद्देश्य जिले के सैनिक परिवारों की जमीन, पेंशन, नियोजन और अन्य सरकारी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने में सहयोग करने का काम है। सैनिकों को अपनी समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिला स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा। उनके चयन पर सूबेदार सुभाष मंडल, सूबेदार उमेश चौरसिया, सूबेदार प्रकाश कुमार साह नायक मुकेश कुमार, इंजीनियर ष्णदेव यादव, डा विजेन्द्र कुमार विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी ।

### पुलिस ने फरारी को किया गिरफ्तार

**बेलदौर।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के सकरोहर पंचायत के वार्ड नंबर 13 निवासी स्वर्गीय सरयुग मंडल के पुत्र उमेश मंडल के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ बेलदौर थाने में कांड संख्या 43द23 दर्ज था। वह इस मामले में नामजद था और काफी समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। मामले के अनुसंधानकर्ता एएसआई उमेश प्रसाद यादव ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की और उसे उसके आवास पर से गिरफ्तार किया।

### 18 वर्षीय युवक को सांप ने काटा,खतरे से बाहर

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र की दिघौन पंचायत के वार्ड नंबर 14 सुखाय वासा में शनिवार सुबह एक युवक को विषैले सांप ने काट लिया। वही पीड़ित की पहचान मोहम्मद अतबुल के 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नौशाद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह क नौशाद अपने गांव के पास खेत में मवेशी को चरा रहा था। उसी दौरान वह खेत में उगे मिर्च के पौधों को हटा रहा था। पौधा हटाने के क्रम में वहां छिपे एक सांप ने उसके दाएं पैर की बीच वाली अंगुली में काट लिया। सांप के काटते ही युवक ने शोर मचाया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सांप काटने की खबर मिलते ही परिजन घबरा गए और आनन-फानन में युवक को तुरंत इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर लेकर पहुंचे। पीएचसी में मौजूद डक्टरों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत उसका इलाज शुरू किया। समय पर प्राथमिक उपचार मिलने के कारण युवक की स्थिति में तेजी से सुधार आया। स्वास्थ्य में सुधार होने और स्थिति को पूरी तरह खतरे से बाहर देखकर डक्टरों ने उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी। फिलहाल युवक की हालत सामान्य बताई जा रही।

# गंगा के जलस्तर में वृद्धि से फिर मंडराया बाढ़ का खतरा



गंगा के पानी में डूबे विद्यालय।

**खगड़िया (एनएसबी)।** गंगा के जलस्तर में पिछले दो दिनों से हो रही अप्रत्याशित वृद्धि के बाद परबत्ता प्रखंड के निचले इलाकों में एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जलस्तर बढ़ने से दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि, फिलहाल किसी आबादी के प्रभावित होने की सूचना नहीं है। इधर, जोरावरपुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय गोढ़ियासी के विद्यालय परिसर में गंगा का पानी प्रवेश कर गया है। इसके चलते फिलहाल शैक्षणिक कार्य प्रभावित हुआ है। प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने बताया कि शनिवार को गंगा के बढ़े जलस्तर के कारण विद्यालय परिसर में पानी प्रवेश कर गया। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें विद्यालय आने से रोक दिया गया है। रविवार और सोमवार को विद्यालय बंद है। इसके बाद बाढ़ की स्थिति का आकलन कर विद्यालय संचालन को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इसकी जानकारी प्रखंड एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को दे दी गई है। इस बीच विद्यालय के शिक्षक बाढ़ के पानी के बीच से होकर विद्यालय जाते हुए नजर आए। विद्यालय परिसर में पानी प्रवेश करने के बाद शिक्षकों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नयागांव, माधवपुर, अगुवानी, लगार, भरसो, सलारपुर, खजरैठा सहित विभिन्न दियारा क्षेत्रों में हजारों एकड़ में लगी खड़ी फसल बाढ़ के पानी में डूब गई है। इससे किसानों को बड़े नुकसान की आशंका है। खेतों में पानी जमा रहने से फसल बर्बाद होने की स्थिति में किसानों के सामने आर्थिक संकट भी गहरा सकता है। अंचल अधिकारी हरिनाथ राम ने बताया कि फिलहाल बाढ़ का पानी आबादी वाले इलाकों से दूर है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। संभावित बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## गंगा मोक्षदायिनी व पाप नशासनी है : नारायण दास

### शिव महापुराण कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पसराहा।** गंगा पापनाशनी और मोक्षदायिनी है। उक्त बातें द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव मंदिर सोनडीहा के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा कहते हुए सनातन परिवार के सरल संत नारायण दास जी महाराज ने कहीं। उन्होंने भक्तों को शिव महापुराण कथा कहते हुए सगर के साठ हजार पुत्रों के मोक्ष के लिए गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की पूरी कथा सरल शब्दों में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संसति और जनजीवन में गंगा नदी का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, जिसे केवल एक नदी नहीं बल्कि गंगा मां के रूप में पूजनीय माना गया है। यह गोलोक में विष्णु के पद से निकली तो विष्णुपदी कहलाई। स्वर्ग से शंकर जी की जटा में गिरी तो जटा शंकरी कहलाई। गंगोत्री से निकलकर गंगा कानपुर, बक्सर, पटना, बेगूसराय, मुंगेर होते हुए भागलपुर के सुल्तानगंज पहुंची, जहां जावी ऋषि के कारण इसका नाम जावी पड़ा। कटिहार से निकलकर पश्चिम बंगाल में सागर में मिली, जहाँ यह भागीरथी कहलाई। यह पवित्र नदी हिमालय के गंगोत्री ग्लेशियर से निकलकर देश के एक बड़े भूभाग को सींचती है और करोड़ों लोगों की आस्था, षि और अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा में ान करने से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। वैज्ञानिक ष्टिकोण से भी गंगा का जल विशेष गुणों से युक्त माना जाता है, क्योंकि इसमें प्रातिक रूप से जीवाणुओं को नष्ट करने की अद्भुत क्षमता होती है। गंगा में ान करने का सही तरीका यह है कि प्रातः काल सूर्योदय से पूर्व उठकर आचमन करें, मन में पवित्र भाव रखें और नदी में प्रवेश करते समय जल को सिर से लगाकर प्रणाम करें। ान के दौरान तीन या पाँच डुबकियाँ लगाने का विधान है और ानोपरांत सूर्य देव को अर्घ्य देकर गरीबों को दान करना पुण्यकारी माना जाता है। हालांकि, आज के समय में अत्यधिक प्रदूषण और कचरे के कारण यह पावन नदी संकट से जूझ रही है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम इसमें किसी भी प्रकार का प्लास्टिक, रासायनिक कचरा या निर्माल्य न डालें और इसके घाटों की स्वच्छता बनाए रखने में अपना योगदान दें। स्वच्छ गंगा ही हमारी स्वस्थ और समृद्ध संसति की पहचान है।कथा के बाद स्थानीय बाल कलाकारों के द्वारा शिव झांकी भी निकाली गई। भक्तों ने इसकी खूब सराहना की। इस अवसर पर डलक्षण कुमार, राधे प्रसाद सिंह, रामवृक्ष सिंह, मुख्य यजमान अखिलेश कुमार, बबली सिन्हा, पंसस जयचंद्र कुमार, ड़ दिनेश कुमार, दीपनारायण सिंह, विनोद सिंह, रमन कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



प्रवचन देते नारायाण दास जी महाराज।

## अन्तर्राज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर बैठक, तैयारी पूरी

**खगड़िया।** शनिवार को बलुआही ठाकुरबाड़ी में झूलन महोत्सव के अवसर पर 24 से 27 अगस्त तक अन्तर्राज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पूर्व नगर सभापति सह बलुआही ठाकुरबाड़ी के सदस्य मनोहर कुमार यादव ने बताया कि बलुआही ठाकुरबाड़ी में सावन मास के पवित्र महीना में अंतिम पांच दिन ठाकुरजी का विशेष रूप से पूजा अर्चना कर भोग लगाया जाता है और प्रसाद वितरण कर ठाकुरजी को झूले पर झुलाया जाता है। बलुआही ठाकुरबाड़ी में झूलन महोत्सव लगभग दो सौ सालों से मनाया जाता है। झूलन महोत्सव के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सांसतिक कार्यक्रम, कभी भागवत कथा, कभी रामधुनी आदि कराया जाता है। पूर्व वार्ड पार्षद सह बलुआही दंगल कमिटी के सदस्य रणवीर कुमार ने कहा कि झूलन महोत्सव के अवसर पर 24 से 27 अगस्त तक बलुआही ठाकुरबाड़ी में अन्तर्राज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन के तैयारी को लेकर की गयी है। झूलन महोत्सव के अवसर पर अन्तर्राज्यीय दंगल (कुश्ती) प्रतियोगिता में दिल्ली,हरियाणा,पंजाब,उत्तर प्रदेश सहित बिहार के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेगें। झूलन महोत्सव 24 से 28 अगस्त होगा। 27 अगस्त एवं 28 अगस्त को रात के 09 बजे से सांसतिक कार्यक्रम होगा। झूलन महोत्सव के अवसर पर प्रतिदिन संध्या ठाकुरजी का पूजा, आरती होगा एवं रात्रि के 08 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। महाप्रसाद में प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार का मिष्ठान का भोग लगाया जायेगा पहला दिन शुद्ध घी का लड्डू, दूसरे दिन बर्फी,तीसरे दिन खीर,चौथे दिन हलवा और पांचवें दिन तसमय का प्रसाद वितरण किया जायेगा। बैठक में बलुआही ठाकुरबाड़ी के सचिव वेदो यादव, मो, (कुश्ती) दंगल कमिटी के सदस्य रणवीर कुमार, मोशाहबुद्दीन,मनोज चौधरी,प्रमोद साह, सकलदीप यादव,प्रमोद यादव,अजीत यादव उर्फ घुरन,मो नसीम उर्फ लंबू,छेदी यादव,रोहित कुमार,सदानंद पौद्दार आदि मौजूद थे।



मनोहर यादव व अन्य।

## नशामुक्त जीवन जीने के अनेक फायदें : यशवंत

**खगड़िया।** जिले के बापूजी स्मारक मध्य विद्यालय मानसी के छात्र और छात्राओं को नशा पान से होने बाले नुकसान के बारे में बताया गया और नशामुक्त जीवन जीने के अनेक फायदें बताए गए। वहीं जागरूकता कार्यक्रम के दुसरे सत्र में शतरंज खेल के बारे मे बताया गया कि लास्ट गेम में अगर आप के पास राजा के अलावे सिर्फ एक प्यादा बचा हुआ हो तो कैसे प्यादे को मंत्री बनाके मैच जीता जा सकता है। यह निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजक नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत थें। यशवंत ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि शतरंज एक कम्प्लीट मैथ है इसे खेलने से गणितीय विद्या, स्मरण शक्ति, स्वयंम निर्णय लेने कि क्षमता और छोटे छोटे बच्चों में शांत रहकर दो तीन घंटा बैठने कि क्षमता में जबरदस्त ईजाफा होता है। बच्चें अगर शांत और एकाग्रचित रहने कि कला सिख लेते हैं तो वे आगे पढ़ाई लिखाई भी अच्छे तरीके से कर पाएंगे। बच्चों को मोबाइल से दुर रखने के लिए शतरंज एक जबरदस्त माध्यम बन सकता है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिशम्भर प्रसाद, शिक्षक अरविंद कुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थें।



यशवंत व अन्य।

## एक दर्जन मामलों को आपसी सहमति से किया गया निपटारा

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता कर रहे राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने फरियादियों की समस्याओं को बारीकी से सुना। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और राजस्व दस्तावेजों की गहन जांच के बाद वर्षो से लंबित चले आ रहे एक दर्जन से अधिक मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति से निष्पादन कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में अंचल लिपिक पंकज कुमार ने कागजी दस्तावेजीकरण में सहयोग दिया। सुनवाई के दौरान शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े 10 नए आवेदन भी प्राप्त हुए। प्रशासन ने सभी नए मामलों को दर्ज करते हुए दूसरे पक्ष की उपस्थिति के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इन मामलों को अगली निर्धारित तिथि पर सुनवाई के लिए रखा गया है। मौके पर बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार, हल्का कर्मचारी गोपाल मिश्र, अंचल लिपिक पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद थे। मौके पर बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार, हल्का कर्मचारी गोपाल मिश्र, अंचल लिपिक पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में फरियादी मौजूद थे।



फरियाद सुनते अधिकारी।

# सीपीआईएम ने किया पुतला दहन



प्रधान मंत्री का पुतला दहन के लिये जाते सीपीआईएम कार्यकर्ता।

**खगड़िया (एनएसबी)।** मंहगाई में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला और पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया। सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने खाद्य सामग्रियों के दामों में लगातार हो रही वृद्धि के खिलाफ पार्टी जिला कार्यालय से नरेन्द्र मोदी के पुतले के साथ प्रतिवाद जुलूस निकाला,जो बढ़ती महंगी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सीपीआईएम जिला कार्यालय से बीएसएनएल अफिस तक मार्च करते हुए पुनः लौट कर हस्पिटल चौक पहुंचा। हस्पिटल चौक पर मंहगाई बढ़ाने वाली केन्द्र सरकार के खिलाफ भारी नारेबाजी के बीच नरेन्द्र मोदी के पुतले को आग के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सीपीआईएम राज्य सचिवमंडल सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी महागठबंधन खगड़िया लोकसभा,संजय कुमार ने कहा कि पिछले दस दिनों से खाद्य सामग्रियों सहित आम लोगों के सभी जीवनोपयोगी सामानों के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है,जिससे आम गरीब और मध्यवर्गीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा चीनी,सरसों तेल,प्याज,आटा,चावल,दाल और मसाले के कीमतों में पिछले दस दिनों से लगातार उछाल देखा जा रहा है। सिर्फ चीनी के दामों में 25 रुपए प्रति किलो और सरसों तेल में 40रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। उन्होंने चीनी के दामों में वृद्धि का मुख्य वजह गन्ने के बड़े हिस्से का इस्तेमाल इथनल बनाने को बताया।देश के आम नागरिक गन्ने का इस्तेमाल इथनल के चलते जहां एक तरफ महंगी चीनी की मार झेलने को विवश हैं,वहीं इथनल को पेट्रोल में मिला कर सप्लाई के चलते आम लोग बाइकों और चौपहिया वाहनों के एवरेज में गिरावट से त्रस्त हैं। संजय कुमार ने कहा हाल के दिनों में रासायनिक खादों में खास कर यूरिया और डीएपी की भारी कालाबाजारी की जा रही है,जिस कारण किसानों को ये दोनों रासायनिक खाद डेढ़ गुने अधिक मूल्यों पर मिल पा रहा है।ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार तुरंत सभी खाद्य सामग्रीयों सहित सभी जीवनोपयोगी सामानों के कीमतों को कंट्रोल करे,अन्यथा सीपीआईएम मंहगाई के खिलाफ एक बड़े आंदोलन के दिशा में आगे बढ़ेगी।आज के प्रतिवाद जुलूस और पुतला दहन कार्यक्रम में पार्टी जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद महतों,जिला सचिवमंडल सदस्य रामविनय सिंह,नीतू देवी,कुन्दन मेहता,जिला कमिटी सदस्य संजीव कुमार,रजनीश कुमार,माला देवी एवं अनिल वर्मा शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता अभियान में चल रहा है लूट-खसौट का खेल

**बेलदौर।** सरकार की अति-महत्वाकांक्षी योजना'लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान' में लूट-खसोट का खेल चल रहा है। मामले की सही तरीके से जांच हो तो इस मामले में कई जनप्रतिनिधियों और सरकारी कर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है। बताते चले कि बेलदौर प्रखंड की 15 पंचायतों समेत 1 नगर पंचायत (बोबिल, कुर्बन, केंजरी, दिघौन, चौढ़ली, बलैठा आदि) में लाखों रुपये की लागत से बने कचरा प्रबंधन भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं। कागजों में स्वच्छता का ढिंढोरा पीटने वाले ये भवन अब अपराध की हद तक की गई लापरवाही की गवाही दे रहे हैं। किसी भवन में सालों से ताला जड़ा है, तो कहीं दीवारें उखड़ चुकी हैं। कचरा उठाने के नाम पर खरीदी गईं ई-रिक्शा, ठेले और ट्रैक्टर खुले आसमान के नीचे सड़ रहे हैं और उनके टायर पंचर हो चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि मुखिया, संवेदक, पंचायत प्रतिनिधि और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सांठ-गांठ कर सरकारी फंड की बंदरबांट की है। जिस जैविक खाद, रोजगार और बीमारी से बचाव के नाम पर जनता के खून-पसीने की कमाई बहाई गई, वह डोर-टू-डोर कचरा उठाव बंद होते ही ठप हो गई। सफाई कर्मी शो-पीस बनकर रह गए हैं। जब भी रखरखाव या काम चालू करने पर सवाल उठता है, तो पंचायती राज पदाधिकारी बजट की कमी का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, घोटालेबाजों पर प्राथमिकी दर्ज करने और योजना को तुरंत शुरू कराने की मांग की है।

### पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के पिरनगरा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 15 उदहा बासा में दबंगों द्वारा आम रास्ता बंद करने और विरोध करने पर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाष में आया है। पीड़ित युवक चंद्र देव मंडल (38 वर्ष), पिता कमलेश्वरी मंडल ने थानाध्यक्ष एवं जनता दरबार में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, ग्रामीणों की आपसी सहमति से पांच फीट चौड़ा आम रास्ता छोड़ा गया था। आरोप है कि गांव के ही बिंदेश्वरी मंडल पिता स्वर्गीय सीताराम मंडल ने उस रास्ते को जबरन बंद कर दिया और वहां अपनी छत की सीढ़ी का निर्माण शुरू करवा दिया। जब चंद्र देव मंडल ने इस अवैध निर्माण का विरोध किया, तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए कहा,यह तुम्हारे बाप की जमीन नहीं है, हम रास्ता बंद करेंगे, जो करना है कर लो।ष् साथ ही विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने आपातकालीन नंबर 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की, लेकिन इसके बावजूद दबंगों ने रास्ता अवरुद्ध कर रखा है।थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामले का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गोगरी व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी भवन का शिलान्यास

**गोगरी।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी आवास भवन निर्माण की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आयोजित कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय के कर-कमलों द्वारा पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आलोक कुमार एवं खगड़िया जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार बच्चन द्वारा शिलान्यास पट्ट का अनावरण किया गया। गौरतलब है कि लंबे समय से न्यायालय के लिए स्थायी एवं आधुनिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए भवन के निर्माण से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों के साथ-साथ वादकारियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। नए न्यायालय भवन में आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल कोर्ट रूम, ई-फाइलिंग काउंटर, वीडियो कन्फ्रेंसिंग हल, रिकर्ड रूम, लाइब्रेरी, पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है।शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं एवं न्यायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में उत्साह देखा गया। स्थायी न्यायालय भवन एवं कर्मचारी आवास भवन बनने से गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को न्यायिक कार्यो के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर सर्वप्रथम न्यायाधीशो का स्वागत एसडीओ संजय कुमार एवं डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर सहित नया पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओ द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया।




शिलान्यास करते न्यायिक अधिकारी।

### फर्जी आईएस मामले में गिरफ्तार मनीष गुप्ता से पूछताछ

**गोगरी।** शनिवार को खगड़िया एसपी गोगरी थाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फर्जी आईएस मामले में गिरफ्तार मनीष गुप्ता से पूछताछ किया। पुलिस रिमांड पर लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। शनिवार को एसपी गोगरी थाना पहुंचे और मामले की जांच की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से आवश्यक पूछताछ करते हुए अनुसंधान को लेकर जरूरी निर्देश भी दिए। बताया गया कि रिमांड के दौरान पुलिस मनीष गुप्ता से फर्जी आईएस बनने, लोगों पर प्रभाव जमाने, किन-किन लोगों से संपर्क रहा और इस पूरे मामले में अन्य लोगों की भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की भी जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि रिमांड पर पूछताछ के अलावा जरूरत पड़ने पर विशेष टीम तथा आपराधिक इकाई जैसी टीमों द्वारा भी मनीष गुप्ता से पूछताछ की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य मामले की पूरी सच्चाई सामने लाना और इसमें संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाना है।पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ मामले में और भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।



थाना में मनीश गुप्ता।

### भाकपा ने किया अलौली प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**खगड़िया।** केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ महंगाई ,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं वर्षो से बसे लोगों बास की जमीन का पर्चा देने, सड़क,बांध,रेलवे लाइन, नहर, पोखर पर बसे लोगों को पुनर्वासित करने,तमाम भूमि हीन परिवार को पांच-पांच डिसमिस जमीन देने, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में हो रहे घूसखोरी पर रोक लगाने आदि सवालों को लेकर प्रखंड कार्यालय अलौली के समक्ष भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद के द्वारा मनोज की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेत्री पूर्व विधान पार्षद उषा साहनी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान, बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह, जिला मंत्री पुनीत मुखिया सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि 1 सितंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में आयोजित रैली में भाग लेने का अपील किए। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल सुरक्षा जागरूकता अभियान

**सोनपुर (एन एसबी)** मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन में दिनांक 21082026 को ठछट स्टेशन के समीप समपार फाटक (स्व.ळ्जम) संख्या 31 पर रेल सुरक्षा जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमजन, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों तथा राहगीरों को संदेश दिया गया कि बंद समपार फाटक को किसी भी परिस्थिति में पार न करें, क्योंकि ऐसा करना जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकता है। लोगों को जल्दबाजी से बचते हुए फाटक खुलने तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह भी जागरूक किया गया कि चलती ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा करना तथा रेलवे लाइन या ट्रेन के निकट सेल्फी लेना अत्यंत खतरनाक है और इससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

### असलहों के साथ तीन गिरफ्तार

**फतुहा।** पंडारक थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन बदमाशों को बड़ी मात्रा में अवैध हथियारों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। फतुहा एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पंडारक थाने की पुलिस को शुक्रवार की रात सूचना मिली थी कि बनपुर पुल के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई के लिए एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां पर घेराबंदी कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी की पहचान पंडारक के संजय यादव, सिन्टू कुमार उर्फ रवि कुमार और अजय कुमार उर्फ चिकन के रूप में हुई। तलाशी के दौरान इनलोगों के पास से 3 देसी कट्टा, एक पिस्टल, 30 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल फोन और एक ग्लैमर मोटरसाइकिल मिले। एसपी ने बताया कि सभी अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। छापेमारी टीम में पंडारक थानाध्यक्ष नवनीत राय, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार, उमेश तिवारी, सुधीर कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

श्मशान घाट आया युवक लापता फतुहा। दो दिन पूर्व फतुहा के श्मशान घाट आए एक 31 वर्षीय युवक के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। गौरीचक थाने के धनेश मांझी का आरोप है कि उसके भाई राकेश मांझी के लापता होने की सूचना नदी थाने को दी गई लेकिन थाने ने मामले को नहीं लिया। धनेश के अनुसार उसका छोटा भाई राकेश दो दिन पूर्व अपने दादा के दाह संस्कार में फतुहा श्मशान घाट पर आया था लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। सभी सगे-संबंधियों के यहां खोजने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। इस घटना के बाद से घर में कोहराम मचा है।

### डेफोडिल्स स्कूल में सावन महोत्सव का आयोजन

**फतुहा।** सावन के पावन अवसर पर डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिन्हा और चंदन कुमार सिंह सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सावन पर्व की सुंदर झलक की प्रस्तुति दी। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्सवपूर्ण वातावरण से भर गया।इस अवसर पर 15 अगस्त के कार्यक्रम में आयोजित जि, निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत एवं उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# मेदांता पटना से टाई-अप रेल अस्पताल रेलकर्मियों को बेहतर इलाज की उम्मीद

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे मुख्य अस्पताल जमालपुर का मेदांता अस्पताल पटना के साथ स्वास्थ्य सेवा संबंधी समझौता टाई-अप होने पर रेलकर्मियों में बेहतर चिकित्सा सुविधा की उम्मीद जगी है। अल इंडिया एससी एवं एसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन कारखाना शाखा ने इस पहल को महत्वपूर्ण, स्वागतयोग्य एवं ऐतिहासिक कदम बताया है।एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू, सचिव सतीश भारती एवं उपाध्यक्ष शिवसागर सुरेन ने रेलवे प्रशासन और कारखाना प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेदांता पटना जैसे आधुनिक चिकित्सा संस्थान के साथ स्वास्थ्य सेवा संबंधी समझौता रेलकर्मियों और उनके आश्रितों के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। इससे गंभीर बीमारियों के उपचार एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच आसान होने की उम्मीद है।पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहल रेलवे प्रशासन की अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है। साथ ही इससे जमालपुर की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।उन्होंने उम्मीद जताई कि टाई-अप का लाभ रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों को सरल, त्वरित और प्रभावी तरीके से मिलेगा। एसोसिएशन ने कहा कि समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से रेलकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें इलाज के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। एसोसिएशन ने रेलवे प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे कर्मचारी हित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।



फैसले का स्वागत करते एससी-एसटी एसोसिएशन।

## नाला निर्माण को लेकर विवाद में मारपीट

**जमालपुर (मुंगेर)।** नाला निर्माण को लेकर हुए विवाद में ग्रामीणों ने वार्ड पार्षद शंभू पटेल पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने समियासराय थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।इन्द्ररुख पूर्वी पंचायत के गौरीपुर गांव में वार्ड सदस्य शंभू पटेल पर ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण को लेकर बातचीत के दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ कथित तौर पर मारपीट और अभद्र व्यवहार किया। साथ ही नाला नहीं बनाने की बात कहते हुए धमकी भी दी। आवेदन में जोगी मंडल ने आरोप लगाया है कि वार्ड सदस्य ने उनके तथा उनकी मां के साथ भी अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज करते हुए वहां से अपने घर चले गए। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## स्टेशन रोड से दिनदहाड़े युवक का अपहरण

**फतुहा।** शनिवार की सुबह करीब सात बजे बदमाशों ने एक युवक का उस समय अपहरण कर लिया जब वह पत्नी के साथ इलाज के लिए पटना जा रहा था। इस संदर्भ में काफी भटकने के बाद दोपहर 4 बजे उसके पिता मकसूदपुर निवासी चनेश्वर दास ने थाने में नामजद लिखित शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार उसका बेटा रामप्रताप दास और बहू सुमन कुमारी शनिवार की सुबह पटना जाने के लिए निकली। सुबह 7 बजे के आसपास तीन बदमाशों ने बहू के सामने बेटे का अपहरण कर टोटो में बिठाकर ले भागा। उसके बाद से परिजन थाने का चक्कर लगा रहे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि प्रथमष्टया पति-पत्नी का आपसी विवाद सामने आया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## शारदीय नवरात्रि को लेकर शक्ति पीठ में बैठक

**पटना।** आदि-अनादि मूल शक्ति पीठ मां पटनेश्वरी के दरवार में आगामी शारदीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् की बैठक बाबा विवेक द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें शक्ति पीठ की विशेष पारंपरिक पूजा, राग- भोग, श्रृंगार, मंगल आरती और महानवमी को आयोजित होने वाले छप्पन भोग सेवा के साथ भक्तों को सुलभ दर्शन, नित्य पाठ, जप, अनुष्ठान शुद्ध पेय जल और विश्राम के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। इस साल का विशेष आकर्षण 51 किलो चांदी के जयपुरिया सिंहासन पर मां पटनेश्वरी का आवाहन, पूर्ण षोडशोपचार सह राजोपचार पूर्वक पूजन, नित्य महा आरती और समस्त विश्व के कल्याण के लिए मंगल पाठ का निर्णय लिया गया। बैठक में संस्थान के संयोजक संतोष पांडेय, वरुण कुमार वर्मा, दिलीप कुमार, प्रहलाद खत्री, उदय शर्मा, अरुण खत्री, विचित्र मणि, संजीव मिश्रा, परमहंस तिवारी, मोनू खत्री, संजीव सिंह, जय हिंद जी, प्रदीप यादव, रवि शंकर प्रसाद, ड मनोज केशरी, रविकांत मिश्रा, श्याम खत्री, रंजीत जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## लोक शिकायत के 31 मामलों की प्रमंडलीय आयुक्त ने की सुनवाई

**पटना।** प्रमंडलीय आयुक्त श्री राजेश कुमार ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कैमूर, नालंदा, रोहतास एवं भोजपुर जिलों से संबंधित कुल 31 मामलों की सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश मामलों का निपटारा किया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित जिला पदाधिकारियों को जांच कर आवश्यक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सुनवाई किए गए मामलों में स्ट्रीट लाइट लगाने, आहर-पईन की खुदाई, राजस्व अभिलेख से संबंधित मामले, बिजली बिल, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार वितरण, सड़क निर्माण सहित जनहित से जुड़े अन्य मामले भी शामिल थे। कैमूर जिले से संबंधित गलत ैं प्रमाण-पत्र के आधार पर शिक्षक की नौकरी प्राप्त करने की शिकायत की सुनवाई के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया कि अंचल अधिकारी से प्राप्त सत्यापन संबंधी प्रमाण परिवादी को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, परिवादी को अपने आरोप के पक्ष में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया तथा मामले में अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। नालंदा जिले से संबंधित मध्या भोजन योजना के रसोइया के जन्म प्रमाण-पत्र में त्रुटि के मामले में भी प्रमंडलीय आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भोजपुर जिले की परिवादी आरती कुमारी ने बताया कि उनके पिता की वर्ष 2021 में वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अंचलाधिकारी, पीरो द्वारा संबंधित अभिलेख वर्ष 2026 में प्रस्तुत किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने जिला पदाधिकारी, भोजपुर को निर्देश दिया कि मुआवजा भुगतान में हुए विलंब के लिए जिम्मेदार पदाधिकारीध्कर्मी की जवाबदेही निर्धारित की जाए तथा 15 दिनों के अंदर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश

**जमालपुर(मुंगेर)।** नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने और युवाओं को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से डीएवी पब्लिक स्कूल, जमालपुर के विद्यार्थियों ने जुबली बेल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर और प्रभावशाली नारों के माध्यम से लोगों



नुक्कड़ नाटक का मंचन करते विद्यार्थी।

को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की जानकारी दी।विद्यार्थियों ने कहा कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि कई समस्याओं की शुरुआत है। युवाओं को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस दौरान नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, नशामुक्त युवासशक्त भारत और नशे को ना, जिंदगी को हां जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी रथ ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज बनाना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और स्वस्थ जीवन मूल्यों का विकास करना शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया।

## टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**जमालपुर(मुंगेर)।** बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल करने को लेकर शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी ड़ अशोक कुमार पासवान ने की।बैठक में टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें निर्धारित समय पर टीका लगवाने पर विशेष जोर दिया गया। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि टीकाकरण



बैठक करते स्वास्थ्य विभाग।

बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि पंचायत एवं वार्ड स्तर पर लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाए तथा किसी कारणवश टीकाकरण से छूटे बच्चों की सूची तैयार कर उन्हें अभियान से जोड़ा जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में अभिभावकों को जागरूक करने और स्वास्थ्य विभाग की टीम को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।बैठक में मुखिया सुरेंद्र पासवान, वार्ड सदस्य मिलन यादव, शशि पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। अधिकारियों ने नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्णय लिया।

# कांवरियों की सुविधा के लिए खुली मोबाइल फूड वैन बनी शोभा की वस्तु

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर कांवरियों और यात्रियों की सुविधा के लिए जमालपुर स्टेशन पर शुरू की गई मोबाइल फूड वैन महज शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। वैन शुरू हुए करीब तीन सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इसमें पका हुआ भोजन और नाश्ता उपलब्ध नहीं हो सका है। ऐसे में यात्रियों को पैकेटबंद खाद्य सामग्री से ही काम चलाना पड़ रहा है।जमालपुर स्टेशन पर करीब 15 वर्षो से पके भोजन और नाश्ते की समुचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रावणी मेला को देखते हुए पूर्व रेलवे कोलकाता के प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर उदय शंकर झा के निर्देश पर स्टेशन परिसर में मोबाइल फूड वैन शुरू की गई थी। उम्मीद थी कि कांवरियों और यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही गर्म भोजन और नाश्ता उपलब्ध हो सकेगा, लेकिन व्यवस्था अभी तक धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है।यात्री वीर कुमार,आंचल कुमारी, पूनम देवी, राजेश कुमार, अशोक पासवान, अरुण पासवान, मनोज कुमार और रीना देवी ने बताया कि पका भोजन लेने के लिए स्टेशन से बाहर जाना पड़ता है। ट्रेन के ठहराव का समय कम होने के कारण बाहर जाकर भोजन लाने में ट्रेन छूटने का खतरा बना रहता है। मजबूरी में यात्री पैकेटबंद खाद्य सामग्री खरीदकर यात्रा करने को विवश हैं।यात्रियों ने स्टेशन पर स्थायी फूड प्लाजा खोलने की मांग की है। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि मोबाइल फूड वैन में पैकेट सामग्री के साथ पका भोजन भी उपलब्ध कराया जाना है। इसकी सुविधा शुरू नहीं होने की शिकायत लगातार मिल रही है। संबंधित पदाधिकारी से बात की जा रही है। वहीं सीएमआई संजीव गुप्ता ने बताया कि जल्द ही मोबाइल फूड वैन से पका भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल यात्रियों को थोड़ा इंतजार करना होगा।




स्टेशन गेट पर बंद पड़ा मोबाइल फूड वैन।

## संक्षिप्त खबरें

### बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर तटबंधों की 24 घंटे निगरानी

**बाढ़ से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने का निर्देश**

**पटना।** पटना जिला से होकर बहने वाली नदियों के जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने जल संसाधन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सभी अधिकारियों को पूरी तरह सजग रहने तथा स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां बाढ़ से बचाव एवं तटबंधों की सुरक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की स्थिति में रिस्पन्स टाइम का न्यूनतम होना सबसे महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित विभाग पहले से ऐसी कार्ययोजना तैयार रखें ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य बिना विलंब शुरू किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि वर्तमान समय में तटबंधों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**'तटबंधों की हो रही 24घंटे निगरानी'**

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पटना जिले में विभाग के पांच प्रमंडलसोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, खगौलय गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, दीघाय पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, अनीसाबादय पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमंडल, पटना सिटी तथा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बख्तियारपुरकार्यरत हैं। इन प्रमंडलों के अंतर्गत गंगा, सोन, पुनपुन, दरधा, धोवा, महतमाइन सहित विभिन्न नदियां आती हैं। इन सभी नदियों के तटबंधों पर 24 घंटे सतत निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नालंदा एवं जहानाबाद की ओर से पटना जिले में आने वाली नदियों के जलस्तर पर भी लगातार नजर रखने तथा किसी भी संभावित स्थिति में समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बाढ़ की ष्टि से जिले में 31 संवेदनशील एवं 181 अतिसंवेदनशील स्थलों को चिति किया गया है। इन स्थानों पर बाढ़ से बचाव के लिए 8 लाख 58 हजार बालू भरे ईसी बैग, 2,083 घनमीटर स्थानीय बालू, 64,093 नायलन क्रेट तथा 10,682 जियो बैग उपलब्ध कराए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ईसी बैग एवं अन्य बाढ़रोधी सामग्रियों का भंडारण ऐसे स्थानों पर किया जाए, जहां आवश्यकता पड़ने पर उनका परिवहन एवं उपयोग तत्काल किया जा सके। इसके लिए ट्रैक्टर, जेनरेटर, मजदूर तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित रखने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन सामग्रियों की संख्या अथवा मात्रा बढ़ाने की आवश्यकता हो, उन्हें तत्काल बढ़ाकर उपयुक्त स्थानों पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाए।

**'प्रखंड,अंचल एवं अनुमंडल स्तर भी बरती जा रही सजगता'**

अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा बाढ़ की संभावित स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं पटना नगर निगम के अधिकारियों को नालों की नियमित सफाई कर जल निकासी की व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा कहीं भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने को कहा गया। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 219 पंजीत निजी नावों के साथ एकरारनामा किया गया है। इसके अतिरिक्तअन्य निजी नाव मालिकों के निबंधन की कार्रवाई भी जारी है। जिले में संभावित आपदा की स्थिति में लोगों के सुरक्षित ठहराव के लिए 120 शरण स्थलों को चिति किया गया है। साथ ही 5 इन्फ्लेटेबल लाइटिंग सिस्टम, 543 लाइफ जैकेट एवं 2 महाजाल की व्यवस्था भी की गई है। राहत एवं बचाव कार्यो के लिए एसडीआरएफ की एक कंपनी 12 बोट एवं 32 जवानों के साथ गायघाट, पटना सिटी में तथा एनडीआरएफ की दो टीमें 8 बोट के साथ दिदारगंज बाजार समिति परिसर में तैनात रखी गई हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा में पूर्व तैयारी, त्वरित सूचना और त्वरित कार्रवाई ही जन-धन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। आपदा की स्थिति में समन्वय एवं सूचना संग्रहण के लिए जिला स्तर पर 24ग्7 नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। आवश्यक सूचना के लिए दूरभाष संख्या 0612-2210118 एवं मोबाइल नंबर 8235449748 पर संपर्क किया जा सकता है। सभी प्रखंडों में भी प्रखंड स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार ने नागरिकों से अपील की कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित हैं जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद एवं सतर्क है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है तथा तटबंधों की सुरक्षा एवं बाढ़ से बचाव की तैयारियों की चौबीसों घंटे निगरानी जारी है।

### दादी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं भादो बदी अमावस्या का भव्य आयोजन

**पटना।** श्री दादी जी सेवा समिति एवं शक्तिधाम के तत्वावधान में इस वर्ष श्री ष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं भादोवदी अमावस्या के अवसर पर नारायणी मंगल पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि दोनों धार्मिक आयोजनों को लेकर दादी भक्तों में विशेष उत्साह है। श्री ष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन 4 सितंबर 2026, शुक्रवार को अग्रसेन भवन, शक्तिधाम, अग्रसेन मार्ग (बैंक रोड), पटना में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत अपरा 1रू15 बजे अखंड ज्योत पूजा एवं भजन-कीर्तन से होगी। इसके बाद संध्या 4 बजे मटकी एवं राधा-ष्ण नृत्यनाटिका-झांकी प्रस्तुत की जाएगी। मध्यरात्रि 12रू15 बजे श्री ष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें मुख्य यजमान संजय भलोटिया होंगे़ महोत्सव के अगले दिन 5 सितंबर, शनिवार को प्रातः 9रू30 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित होगा़ इसी क्रम में भादोवदी अमावस्या के पावन अवसर पर गुरुवार, 10 सितंबर 2026 को दोपहर 3रू30 बजे से दादी मंदिर, पटना के प्रांगण में नारायणी मंगल पाठ का विशेष आयोजन किया जाएगा। जिसमे अखण्ड सुहाग के लिए सामूहिक 1100 सुहागिन करेंगी श्री दादीजी का मंगल पाठ करेंगी़ भादो बदी अमावस्या के अवसर पर गुरुवार 10 सितम्बर से दो दिवसीय महोत्सव का प्रारम्भ बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में पूरे धूम-धाम से होगा़ यह जानकारी मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने आज दिया़ अमर अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए पूरे श्री दादीजी मन्दिर परिसर को रंग बिरंगे देशी एवं विदेशी फूलों से काफी अच्छी तरह से सजाया जायेगा जो देखने में काफी आकर्षक लगेगा तथा मन को मोह लेगा। इस दिन पूरा दादीजी परिसर का माहौल राजस्थानी संस्ति में रचा बसा नजर आयेगा। अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर लाल पीली चुनड़ी में सजी 1100 महिलाओं के द्वारा अखंड सुहाग के लिए सामूहिक रूप से श्री दादीजी का मंगल पाठ किया जाएगा़.श्री दादीजी सेवा समिति के तत्वावधान में यह महोत्सव दूसरे दिन शुक्रवार 11 सितम्बर तक चलेगा। अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन सुबह छह बजे से हीं महिलाएं एवं पुरुष मंगल आरती के लिए कतार में लग कर आरती करेंगे। आरती के बाद दादीजी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तगणों स्वास्तिक बनाकर रोली , मेंहदी ,चावल, पेड़ा , चुनरी के साथ बहुत सारे श्रृंगार के सामान दादीजी को चढ़ाकर पूजा अर्चना करेंगे। इसी दिन संध्या में छह बजे से श्री दादीजी का विशेष भजन कीर्तन शक्तिधाम महिला मंडल द्वारा किया जायेगा। मौके पर अमर अग्रवाल ने बताया कि दोनों आयोजनों को भव्य और भक्तिमय स्वरूप देने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने दादी भक्तों एवं श्रद्धालुओं से परिवार सहित इन धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि श्री दादी जी सेवा समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

### खराब स्ट्रीट लाइट, डोर-टू-डोर कचरा उठाव एवं जर्जर ई-रिक्शा गाड़ियों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग

**पटना।** वार्ड संख्या 60 की निगम पार्षद शोभा देवी ने वार्ड क्षेत्र में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों, डोर-टू-डोर कचरा उठाव की व्यवस्था तथा जर्जर एवं खराब ई-रिक्शा गाड़ियों को यथाशीघ्र ठीक कराने की मांग को लेकर नगर आयुक्त, पटना श्री यशपाल मीणा जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। निगम पार्षद शोभा देवी ने कहा कि नगर निगम बोर्ड की 12वीं बैठक में स्ट्रीट लाइट, डोर-टू-डोर कचरा उठाव तथा वार्डों में जर्जर एवं खराब ई-रिक्शा गाड़ियों की समस्या को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं होने के कारण आम जनता में काफी नाराजगी है। क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब रहने और समय पर कचरा नहीं उठने के कारण आम नागरिक अपनी शिकायत लेकर पार्षद कार्यालय पहुंच रहे हैं तथा अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने नगर आयुक्त से अनुरोध किया कि खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराने, डोर-टू-डोर कचरा उठाव की व्यवस्था सुचारु करने तथा खराब एवं जर्जर ई-रिक्शा गाड़ियों को शीघ्र दुरुस्त कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जाए। नागरिक अधिकार मंच के संयोजक एवं पूर्व पार्षद बलराम चौधरी देवरत्न प्रसाद मोहम्मद जावेद राम नारायण सिंह अजीत सिंह कुशवाहा शंभू शरण प्रसाद आदि ने नगर विकास मंत्री बिहार सरकार एवं माननीय महापौर जी से आग्रह किया है कि आम नागरिक नगर निगम को होल्डिंग टैक्स के साथ-साथ कूड़ा टैक्स भी देती हैं।

# बढ़ रहा गंगा का पानी, प्रशासन सतर्क

दैनिक नवसंदेश

**शाहपुर/बड़हरा।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के बीच संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी मनेश मीणा ने शनिवार को शाहपुर प्रखंड परिसर स्थित सभागार में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक से पहले उज्ज्वल सिंह, मनोज ठाकुर, मुन्ना प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष अंकित पांडे, बंटी पांडे समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने डीएम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

बैठक में डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को बाढ़ पूर्व तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आपूर्ति, स्वास्थ्य, पशुपालन, ृषि व मनरेगा समेत अन्य विभागों से दवाओं, खाद्यान्न, पशुचारा, पलीथिन शीट, नाव व नाविकों की उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही बाढ़ से प्रभावित होने वाली खड़ी फसलों के रकबे की जानकारी भी प्राप्त की।

**शाहपुर पहुंचे जिले के नये जिलाधिकारी महेश मीणा, लिया जायजा**



उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाढ़ के दौरान किसी प्रकार की कमी या परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके पूर्व डीएम ने जवइनिया गांव के समीप गंगा नदी पर कराए जा रहे बोल्डर पिचिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर कटावरोधी कार्य के बीच जो गैप है, उसे भरने के लिए बलिया के डीएम से बातचीत की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और कटाव पीड़ित परिवारों से भी संभावित बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। दमोदरपुर गांव के सामने पिछले दस माह से तटबंध पर शरण लेकर रह रहे कटाव पीड़ित परिवारों को देखकर डीएम ने महिलाओं की बातों को सुना। डीएम ने नियमानुसार सहायता दिलाने तथा अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का आश्वासन दिया।

**शाहपुर और बड़हरा के गंगातटीय इलाके का डीएम ने किया निरीक्षण**

**बोले-जिला प्रशासन कैम्प मोड में करेगा काम, अधिकारियों को नाव, राशन और दवाओं के लिए मुश्तैद रहने का दिया निर्देश**

इस दौरान डीसीएलआर सह प्रभारी एसडीएम अमरेंद्र कुमार, बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह, सीओ आनंद प्रकाश, आरओ रश्मि सागर, डा़ अतिउल्लाह अंसारी, शंभु शरण सिंह, देवानंद रजक, बीरबल सिंह, भरतजी ओझा, सुबास चौधरी, दिनेश यादव, विष्णु राम, बिनोद साह आदि मौजूद रहे। बड़हरा जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा बड़हरा प्रखंड अंतर्गत केशोपुर में गंगा नदी के तटबंध में गैप का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने तटबंध की स्थिति, जलस्तर तथा आसपास के क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित पदाधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल को निर्देशित किया कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए सैंडबैग आदि आवश्यक सामग्रियों की समुचित उपलब्धता एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन कैम्प मोड में कार्य करेगा।

## विधायक ने बाढ़ की आशंका के बीच अधिकारियों से जाना जिले का हाल



**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी में लगातार जलस्तर बढने से बड़हरा विधानसभा के तटीय गाँवो में पानी का फैलाव होने एवं बाढ़ की संभावना को देखते हुए बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह पदाधिकारियों के साथ तैयारी की समीक्षा बैठक की।

विधायक ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि छोटी नाँवो की व्यवस्था की जाएँ। उन्होने जिलाधिकारी मनेष मीणा से फोन पर बात कर दूसरे जिला से नाँव मंगाने की बात कही। कोईलवर राजस्व पदाधिकारी से भी नाँव उपलब्ध कराने का निर्देश दिए। सभी विभागों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से आज तैयारी की समीक्षा किया। तैयारी समीक्षा के दौरान जहाँ कही भी कमी दिखाई दिया, उसे जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। भोजपुर जिलाधिकारी सहित सभी पदाधिकारियों से लगातार संपर्क मे हूँ।

**क्षेत्र की जनसमस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता, जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से भी वार्ता करूंगा : राघवेंद्र**

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता है।जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से भी वार्ता करूँगा।

कार्यक्रम में बीडीओ निलेश कुमार अंचलाधिकारी अंशु प्रसुन, शिक्षा पदाधिकारी विजय पाण्डेय, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी हेमावती, स्वास्थ्य प्रबंधन शिव कुमार, पीएचडी अभियंता, बाढ़ नियंत्रक के अभियंता, बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय, विद्धुत विभाग, एसडीआरएफ विभाग पदाधिकारी, संजय कुमार सिंह, संतोष सिंह संटु, रंजीत गुप्ता, सौदागर बिंद, निशांत कुमार, मनोज सिंह, लल्लु सिंह आदि थे।

## डीएम ने की बड़हरा और शाहपुर प्रखंड में बाढ़ नियंत्रण एवं तैयारियों की समीक्षा

**आरा/बड़हरा/षाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में बड़हरा प्रखंड में बाढ़ नियंत्रण एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बाढ़ नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यो तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को पूरी तरह सक्रिय एवं अलर्ट मोड में रहते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी, आवश्यक संसाधनों की पूर्व उपलब्धता तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने संभावित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों एवं आमजनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। आवश्यकता पड़ने पर आवागमन के लिए नावों का परिचालन सुनिश्चित करने तथा नावों को पंचायतवार टैग करते हुए उनकी उपलब्धता पूर्व से सुनिश्चित रखने को कहा। नाव परिचालन के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## जवैनिया में कटाव निरोधक कार्यो का डीएम ने किया निरीक्षण



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज गंगा नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि के मद्देनजर जवैनिया में कराए गए कटाव निरोधक कार्यो का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी महोदय ने कटाव निरोधक कार्यो एवं तटवर्ती क्षेत्र की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं से जलस्तर एवं संभावित जोखिमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों एवं आमजनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। आवश्यकता पड़ने पर आवागमन के लिए नावों का परिचालन सुनिश्चित किया जाए, लेकिन नाव परिचालन के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को निचले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित माइकिंग एवं पेट्रोलिंग करने तथा लोगों को संभावित जोखिमों के प्रति सतर्क एवं जागरूक करने का निर्देश दिया।

## डीएम-एसपी की ध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** समहारणालय सभागार में शनिवार को ईद-मिलाद-उन-नबी को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

बैठक में जिला प्रशासन और जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के अलावा शांति समिति के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में ईद-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और जुलूस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन ने जुलूस आयोजकों से रूट, समय तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। प्रशासन ने आयोजकों को निर्धारित रूट और समय का पालन करने तथा यातायात व्यवस्था में सहयोग करने का निर्देश दिया। जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने के लिए आदेशित किया गया।

## विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पर्व-त्योहारों एवं विभिन्न आयोजनों के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं शांति संधारण को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था एवं शांति संधारण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव भी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों एवं विभिन्न आयोजनों के दौरान शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संवेदनशील क्षेत्रों एवं स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा प्रभावी निगरानी रखने का निर्देश दिया। जुलूस एवं आयोजनों के संबंध में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप अनुज्ञप्ति अनुमति की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जुलूस के दौरान निर्धारित मार्ग, उंचाई एवं अन्य सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया।

साथ ही, जुलूस के मार्ग एवं प्रमुख




स्थलों पर यातायात के सुचारू संचालन के लिए समुचित ट्रैफिक प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था तथा फायर टीम एवं अगिशमन वाहनों को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया। भीड़भाड़ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार अग्निशमन दल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

विधि-व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के लिए कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने तथा महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, आरा, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा, सहायक समाहर्ता, संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

**बैठक में पर्व-त्योहारों एवं विभिन्न आयोजनों के दौरान शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई**

**भीड़भाड़ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार अग्निशमन दल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा**

## कोईलवर अंचल कार्यालय में भूमि विवादों की हुई सुनवाई

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर अंचल कार्यालय में भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। राजस्व अधिकारी राज भूषण सिंह ने भूमि विवाद के सात मामलों की सुनवाई की। इनमें अधिकांश मामले दखल-कब्जा से संबंधित थे। चांदी थाना क्षेत्र के एक मामले में अशोक साव और छोटन यादव ने एक ही भूमि पर अपना-अपना दावा किया। इस मामले में राजस्व अधिकारी ने राजस्व कर्मचारी को जांच कर अगली तिथि पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सृष्टि आरोग्यधाम ट्रस्ट द्वारा 22 अगस्त को जमुआव उत्क्रमित मध्य विद्यालय छात्रों को निःशुल्क पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण वृक्ष के महत्व औषधीय पौधा की उपयोगिता तथा प्राृतिक एवं प्राणी संरक्षण के प्रति जागरूक करने और पर्यावरण से संबंधित जानकारी एवं प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें पौधे वितरित किए गए। मौके पर जयप्रकाश चौधरी, विकास सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, सुरेंद्र ज्ञानी जी, नंदकेश्वर चौधरी, प्रमोद चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, विकास कुमार, भगत पासवान आदि थे।

### अग्निवीर जवान के लापता होने पर सांसद ने जताई चिंता

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संदेश प्रखंड अंतर्गत जनेसरा, पंचायत पंडुरा निवासी भारतीय सेना के अग्निवीर जवान कुंदन कुमार के 14 अगस्त 2026 से लापता होने की सूचना पर उनके परिजन एवं ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है। कुंदन कुमार वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली क्षेत्र में 5 ग्रेनेडियर्स में तैनात थे। सांसद ने इस मामले गंभीरता को देखते हुए रक्षा मंत्री से टेलीफोनिक संपर्क करना चाह लेकिन रक्षा मंत्री के आवास व कार्यालय के फोन नही उठा। जिनके बाद पत्र लिख कर आवश्यक पहल की मांग की।

### तुलसी जयंती पखवाड़ा समारोह

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** धरीक्षन सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कलेज कुलहडिया में तुलसी जयंती पखवाड़ा समारोह मनाया गया। सचिव सिद्धनाथ सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्रा अदिती सुमन द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ड राकेश चन्द्र दूबे सहित छात्र सुरेन्द्र कुमार, इशिका, सोहेल अशरफ, निखत परवीन, गोपी किशन, तान्या कुमारी आदि ने विचार व्यक्त किये। प्रबन्धक लाल बहादुर सिंह ने तुलसीदास जी के प्रेम, त्याग, भक्ति का संदेश दिया और कहा कि समाज में शिक्षा की आवश्यकता है तभी समाज विकास की राह पर अग्रसर होगा। प्रो अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास हेतु रामचरित मानस को अमल करना होगा।

### आदित्यः धूप-छांव का सफर पुस्तक का लोकार्पण

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जनहित परिवार, भोजपुर के तत्वावधान में शनिवार को नागरी प्रचारिणी, जिला केंद्रीय पुस्तकालय में लेखक आदित्य प्रकाश की आत्मकथा 'आदित्यः धूप-छाँव का सफर' का विमोचन कार्यक्रम लेखक के 25वें जन्मदिन पर किया गया। कार्यक्रम में लेखक के पिता रण विजय बहादुर सिंह ने अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत किया। पुस्तक 'आदित्यः धूप-छाँव का सफर' का लोकार्पण जगत नंदन सहाय, जनहित परिवार भोजपुर प्रतिनिधि के सभापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ड़ ममता मिश्रा, जनहित परिवार भोजपुर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो़ रणविजय कुमार, विशिष्ट अतिथि ड जय जैन, मुख्य वक्ता प्रो़ नीरज कुमार के अलावा रविंद्र नाथ पाठक, ड रेनू मिश्रा, ड किरण कुमारी, ड रवि कुमार, अजय गुप्ता अज्ञानी, अरविंद सिंह, सुरेश प्रसाद, रमेश सिंह, आदि थे।



## दुर्गावाहिनी ने मनाया रक्षाबंधन, दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के तत्वावधान में शुक्रवार को पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर गड़हनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत गड़हनी के कार्यपालक पदाधिकारी वरूण कुमार दुबे, गड़हनी (अगिआंव) थाना के थानाध्यक्ष कमलजीत समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

इस दौरान संत दीपक कुमार ओझा को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र स्नेह, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की भोजपुर जिला संयोजिका अनिता देवी, जिला सह-संयोजिका माधुरी देवी, बक्सर जिला संयोजिका शीला उपाध्याय, पीरो प्रखंड संयोजिका किरण देवी, प्रखंड सह-संयोजिका खुशी देवी, गड़हनी प्रखंड संयोजिका कंचन देवी, प्रखंड सह-संयोजिका लवली कुमारी एवं ममता देवी, संयोजिका शीला देवी, शोभा कुंवर तथा दुर्गावती देवी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा, महिला सम्मान, सुरक्षा, सेवा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्व समाज के विभिन्न वर्गो के बीच स्नेह, विश्वास और एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक सद्भाव और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।




## पंखे से लटका मिला शेखपुरा निवासी बीपीएससी शिक्षिका का शव

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना के नयका टोला में शुक्रवार की रात शेखपुरा निवासी बीपीएससी शिक्षिका का शव पंखे से लटका हुआ मिला। महिला शिक्षिका द्वारा खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। मृतका शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कलोनी निवासी सुबोध कुमार की 30 वर्षीया पुत्री सह सौम्या राज है। वह जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर नयका टोला स्थित किराए के मकान में रहती थी। वर्तमान में वह बिहिया प्रखंड के अरैला गांव स्थित एऩएस़ हाई स्कूल 10 प्लस टू में शिक्षिक थी।

### पानी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना के महकमपुर बारा गांव में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव बारा गांव मोड़ के समीप से शनिवार की सुबह बरामद हुआ। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महकमपुर बारा गांव निवासी स्व़ लक्ष्मण राय का 32 वर्षीय पुत्र यदुनाथ राय उर्फ मिट्ठू राय है।

## नये एसपी दीक्षित ने कई थानों का किया निरीक्षण



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के नये पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शुक्रवार की रात्रि आरा नगर थाना, नवादा थाना और मुफस्सिल थाना का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थानों में ओडी ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारियों की उपस्थिति की जांच की गई। साथ ही, थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय की व्यवस्था, सीसीटीएनएस प्रणाली, अभिलेखों के संधारण, अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न तख्तियों, दस्तावेजों और अन्य आवश्यक अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया गया। थानों के निरीक्षण के क्रम में रात्रि गश्ती एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुढ़ करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख स्थलों जैसे ट्रक सिंडिकेट, रमना मैदान, बड़ी मठिया, रामगढिया, आरण्य देवी मंदिर, धरहरा पुल, सपना सिनेमा मोड़, शिवगंज, शीशमहल चौक, स्टेशन रोड और जज कोठी मोड़ का सघन भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा पुलिस बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इधर, पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शुक्रवार को लाइन डे के अवसर पर अनुरोध कक्ष में पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया। समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## जन समस्याओं के निदान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा : अवधेश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चंदवा मोड़ से पश्चिमी ओवरब्रिज तक नवनिर्मित सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर फोरलेन बनाने की शहरवासियों की मांग को सरकार से स्वीृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं इस कार्य मे सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह का अभिनंदन एवं सम्मान किया गया।

डॉ. जीतेन्द्र शुक्ला, पूर्व पार्षद, के आवास पर आयोजित नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वागत करते हुए सभापति श्री सिंह की पहल की सराहना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो नंदजी दुबे ने कियां सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि जीतेन्द्र शुक्ला जी एक समर्पित समाजसेवी हैं। इनके द्वारा जनहित से जुड़े कार्यो को लेकर आना और कार्य पूरा होने के बाद पुनः संपर्क कर सम्मान समारोह आयोजित करना शहर में एक नया चलन है। सभी जनप्रतिनिधि चाहेंगे कि वे भी जनमुद्दों से जुड़े कार्य करें और जनता के हाथों सम्मानित होने का अवसर प्राप्त करें। मैं हमेशा जनता, विशेषकर आरा के लोगों के लिए तत्पर हूँ। विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री के उपाध्यक्ष संजय सिंह के साथ प्रो नंद जी दूबे, प्रो. बलिराज ठाकुर, डॉ. .सत्यनारायण उपाध्याय, ड. निर्मल सिंह, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. कुंदन सिंह, अधिवक्ता परशुराम चौधरी मंचासीन रहे। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी एवं हैप्पी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में हिराकांत ओझा, अखिलानंद ओझा, डॉ. हरेन्द्र ओझा, अश्विनी पांडेय, राकेश ओझा, मनोज कुमार मिश्र, संजय सिंह, सोनू सिंह, अरविंद सिंह, विश्वनाथ सिंह, संतोष सिंह, संतोष श्रेयांश, सन्नी पांडे, अजीत भट्ट, गुड्डू ओझा, दिलीप सिंह, मंटू सिंह, भानु दुबे, अजय सिंह, अतुल प्रकाश, सूरज यादव, राकेश, प्रकाश, नंदन चौधरी, मंटू कुशवाहा, नारायण सिंह, अमरनाथ ओझा सहित सैकड़ों नगरवासी उपस्थित रहे।




**अपने अभिनंदन सह सम्मान समारोह में बोले सभापति**

# जिला मुख्यालय में शहीद केशवर राम का प्रतिमा बनाया जाएगा : विधायक

**अरवल (एनएसबी)।** जिला मुख्यालय स्थित डॉक्टर अंबेडकर बचनालय में शहीद केशवर राम का 84 वां शहादत दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता साहेब दयाल ने किया। संचालन मुनेश्वर पासवान ने किया। शाहिद केश्वर राम के परिजन जवाहर राम मनोज राम आयुष कुमार एवं सभी परिवार ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहादत दिवस को संबोधित करते हुए विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि अरवल जिला मुख्यालय में अरवल के वीर सपूत शाहिद केश्वर राम का भव्य प्रतिमा बनाया जाएगा। जिसका जिला प्रशासन से जल्द ही अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। कुर्था विधायक पप्पू वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने पूर्वजों के कीर्ति को मानने से पूरे जिला का नाम गौरव से परिपूर्ण हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाहिद केश्वर राम पर प्रकाश डालते हुए रेल आंदोलन के सूत्रधार मनोज सिंह यादव ने कहा कि अरवल जिला के 36 लोगों के शहादत के बल पर भारत आजाद हुआ है जिसमें केश्वर राम का अग्रणी भूमिका है उन्होंने शाहिद केश्वर राम के भव्य प्रतिमा के साथ जिले के बस स्टैंड का नाम केश्वर बस स्टैंड करने की बात कही शाहिद केश्वर राम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शाहिद केश्वर राम एवं उनकी पत्नी दोनों शिक्षक और शिक्षिका थे और शहादत से पहले भी समाज के लिए शिक्षा का अलख जगाने का काम किया था लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी औरंगाबाद पप्पू राज ने कहा कि शाहिद केश्वर राम का शहादत दिवस प्रतिवर्ष मनाने का संकल्प लेते हुए समाज को आगे बढ़ाने के लिए सहित केश्वर राम के भव्य प्रतिमा में सभी लोगों को सहयोग की जरूरत है ताकि अगले कार्यक्रम के पहले शाहिद केश्वर राम की मूर्ति स्थापित हो सके संबोधित करने वालों में अजय कुमार सांसद प्रतिनिधि राजू रंजन पासवान पासवान तपसीराम केदार पासवान जितेंद्र पटेल अजय कुमार जयप्रकाश नारायण सिंह नरेश पासवान शशि पासवान रमेश पासवान सुनील पासवान विकास कुमार शिक्षक गौतम कुमार एवं शहीद केश्वर राम के सब परिवार अपनी बनी से शाहिद केश्वर राम पर प्रकाश डाला हालांकि हजारों हजार की भीड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों का मन मोह लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम मे लोगों ने शाहिद केश्वर राम पर चर्चा के लिए गायक को भी धन्यवाद दिया सभी लोगों को अंग वस्त्र एवं माला से सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि अरवल विधायक एवं कुर्था विधायक रेल आंदोलन के सूत्रधार को शाहिद केश्वर विचार मंच की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले शहर में शाहिद केश्वर राम अमर रहे के नारो से गूंजता रहा। लोग तिरंगा झंडा लेकर के और देशभक्ति गाना के साथ पूरे शहर मार्च किया '


कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत में जाने के दौरान करंट की चपेट में आई 15 वर्षीय किशोरी मौत



**कुर्था (एनएसबी)** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पिरही गांव में शनिवार को बिजली करंट की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान पिरही गांव निवासी गजेंद्र कुमार की पुत्री पूर्णिमा कुमारी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, पूर्णिमा कुमारी शनिवार को अपने खेत में काम करने के लिए जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बिजली के खंभे में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में वह आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीण आनन-फानन में पूर्णिमा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों ने बिजली के खंभे में करंट प्रवाहित होने की घटना को लेकर विद्युत विभाग से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

### 336 लीटर देशी शराब के साथ टेंपो जब्त, चालक फरार

**मेहंदिया (एनएसबी)।** शुक्रवार की देर शाम रात्रि गश्ती के दौरान मेहंदिया थाना पुलिस ने जमुहारी गांव के समीप एक टेंपो से 336 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की। पुलिस को देखते ही टेंपो चालक वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने शराब लदे टेंपो को जब्त कर लिया



है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम शुक्रवार की देर शाम रात्रि गश्ती पर निकली थी। इसी दौरान जैसे ही पुलिस टीम जमुहारी गांव के पास पहुंची, इस्मालपुर कोयल की ओर से एक टेंपो आता दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखते ही चालक ने टेंपो रोक दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने टेंपो की जांच की तो उसमें बड़ी मात्रा में देशी महुआ शराब मिली। जांच के दौरान कुल 336 लीटर शराब बरामद की गई।पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। शराब के निर्माण एवं तस्करी से जुड़े संभावित ठिकानों की भी जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि शराब को बिक्री के उद्देश्य से कहीं ले जाया जा रहा था। फरार चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस कार्रवाई कर रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में टेंपो के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शराब के स्रोत और इसके गंतव्य का पता लगाने के साथ-साथ पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। फरार चालक को गिरफ्तार करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने युवती को किया बरामद 164 के बयान के लिए भेजा न्यायालय

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी कलावती कुमारी पिता अरुण कुमार को पुलिस ने शनिवार को गोह थाना क्षेत्र के एक गांव से बरामद कर लिया। युवती के लापता होने के बाद से परिजन काफी परेशान थे। बरामदगी के बाद पुलिस ने उसे 164 के बयान के लिए माननीय न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, युवती के पिता अरुण राम ने बीते 3 अगस्त को कलेर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में उन्होंने बताया था कि उनकी पुत्री कलावती कुमारी और डेहरा गांव निवासी सुकुमार के बीच पहले से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सुकुमार शादी की नीयत से उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद पुलिस युवती की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस ने युवती को गोह थाना क्षेत्र के एक गांव से बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस ने केवल युवती को बरामद किया है। युवती के न्यायालय में 164 के तहत बयान दर्ज होने के बाद मामले की वास्तविक स्थिति और आगे की कार्रवाई स्पष्ट होगी।कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के बाद पुलिस लगातार युवती की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही थी। शनिवार को युवती को बरामद कर लिया गया है और उसका 164 के बयान के लिए न्यायालय भेजा गया है।न्यायालय में युवती के बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।युवती की बरामदगी से उसके परिजनों ने राहत की सांस ली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पीपीएम किड्स स्कूल में 'श्रावणी महोत्सव': भक्ति, संस्कृति और पर्यावरण चेतना का अनूठा संगम

**जहानाबाद।** राजा बाजार (बाजार समिति प्रांगण) स्थित पीपीएम किड्स स्कूल में 'श्रावणी महोत्सव' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। सावन के पवित्र माह को समर्पित इस कार्यक्रम में संस्कृति, भक्ति और पर्यावरण संरक्षण की त्रिवेणी देखने को मिली। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। सावन की रिमझिम फुहार, संग लाया गीतों की बहार। हरियाली और भक्ति का यह संदेश, पर्यावरण से सजे अपना देश॥
सावन के गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम कार्यक्रम में नन्हें-मुन्हें बच्चों ने सावन की परंपराओं को जीवंत कर दिया। बच्चों ने सावन की कजरी और मल्हार गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती के रूप में सजे बच्चों की झांकियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके अलावा, बच्चों ने साइबर क्राइम, मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग और 'बेटी



बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे ज्वलंत सामाजिक विषयों पर संवेदनशील रोल-प्ले पेश कर अभिभावकों को जागरूक किया।
वृक्ष हैं जीवन का आधार, इनसे ही है सांसों का संसार। एक पौधा माँ के नाम लगाएं, धरती को फिर से हरा बनाएं॥
वृक्षारोपण: "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्ष मित्र संस्था के तत्वावधान में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत विद्यालय परिसर में आम, नीम, पीपल और अशोक के पौधे रोपे गए। पूर्व एसडीपीओ प्रभात भूषण श्रीवास्तव ने स्वयं पौधा लगाते हुए बच्चों को प्रेरित किया कि ह्लएक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है।ह्व वहीं डॉ. एस. के. सुनील ने कहा कि वृक्ष मित्र संस्था जहानाबाद को हरा-भरा बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और सावन में पौधरोपण करना सबसे महान पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर लोजपा महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा इन्दु कश्यप , हम पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा विरेंद्र कुमार सिंह, पटना उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार सिन्हा , ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बूंद-बूंद में बसा है कल, व्यर्थ न जाने दें यह जल। संरक्षण का संकल्प उठाएं, आने वाली पीढ़ी को बचाएं॥
जल संरक्षण का लिया गया संकल्प महोत्सव के दौरान वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग), तालाबों की स्वच्छता और जल की बबार्दी रोकने के तरीकों पर विशेष बल दिया गया।

## बगैर वर्दी और आईकार्ड के काम कर रहे ट्रॉली मैन जिससे मरीजों को पहचान में हो रही परेशानी


बगैर ड्रेस कोड के काम कर रहे कर्मी।

**कुर्था (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था में मरीजों की सुविधा और बेहतर देखभाल के उद्देश्य से ट्रॉली मैन की व्यवस्था की गई है, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड अथवा जांच कक्ष तक शिफ्ट कराने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए लाइन सिक्योरिटी गार्ड एजेंसी के माध्यम से कुल नौ ट्रॉली मैन की बहाली की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सभी ट्रॉली मैन की नियुक्ति विगत 16 जून से ही हो चुकी है और वे अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि नियुक्ति के करीब दो महीने बाद भी ट्रॉली मैन को एजेंसी की ओर से अब तक वर्दी और पहचान पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ-साथ अस्पताल के कर्मचारियों को भी यह पहचानने में परेशानी होती है कि मरीज को शिफ्ट कराने के लिए किस ट्रॉली मैन से संपर्क किया जाए। अस्पताल परिसर में सभी ट्रॉली मैन सामान्य कपड़ों में ही नजर आते हैं, जिससे उनकी अलग से पहचान करना मुश्किल हो जाता है। मरीजों को स्ट्रेचर या ट्रॉली के माध्यम से वार्ड, जांच कक्ष अथवा अन्य स्थानों पर ले जाने के दौरान परिजन कई बार इधर-उधर पूछताछ करते नजर आते हैं। यदि ट्रॉली मैन को निर्धारित वर्दी और आईकार्ड उपलब्ध कराया जाए तो मरीजों और उनके परिजनों को तत्काल यह जानकारी हो सकेगी कि अस्पताल में मरीजों की शिफ्टिंग के लिए संबंधित कर्मी कौन है।

अस्पताल में ट्रॉली मैन की व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य मरीजों को समय पर और सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना है। खासकर बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार, घायल तथा चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों के लिए ट्रॉली मैन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में उनकी पहचान स्पष्ट नहीं होने से व्यवस्था का उद्देश्य प्रभावित होता दिखाई दे रहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजनों का कहना है कि यदि ट्रॉली मैन को अलग वर्दी और पहचान पत्र उपलब्ध करा दिया जाए तो जरूरत पड़ने पर उन्हें ढूंढने में आसानी होगी। साथ ही इससे अस्पताल परिसर में व्यवस्था और अनुशासन भी बेहतर होगा। लोगों ने संबंधित एजेंसी से जल्द से जल्द सभी ट्रॉली मैन को निर्धारित वर्दी एवं आईकार्ड उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को शिफ्ट कराने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए की गई इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित एजेंसी और स्वास्थ्य विभाग को इस मामले पर ध्यान देने की आवश्यकता है। नियुक्ति के बाद लंबे समय से बिना वर्दी और आईकार्ड के कार्य कर रहे ट्रॉली मैन को यदि शीघ्र पहचान पत्र एवं निर्धारित पोशाक उपलब्ध करा दी जाती है तो मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा मिल सकती है।

## यूडीआई पोर्टल का लिंक फेल होने से जांच-सह-मूल्यांकन शिविर में दिव्यांग बच्चों को हुई परेशानी

**कुर्था (एनएसबी)।** समावेशी शिक्षा प्रभाग के अंतर्गत चिन्हित दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहाय्य उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में जाँच-सह-मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के चिन्हित दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया में भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शारीरिक स्थिति एवं दिव्यांगता का चिकित्सकीय आकलन कर उनकी जरूरत के अनुसार उपयुक्त सहाय्य उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना था। शिविर के दौरान कुल 12 बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराया गया, लेकिन इनमें से महज एक बच्चे की ही जांच पूरी हो सकी। कई बच्चों का यूडीआई पोर्टल का लिंक फेल रहने के कारण ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। तकनीकी समस्या के कारण बच्चों एवं उनके अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर-दराज के क्षेत्रों से अपने बच्चों को लेकर पहुंचे अभिभावकों को घंटों इंतजार करना पड़ा, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण उन्हें निराशा का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि जाँच-सह-मूल्यांकन के दौरान प्रत्येक बच्चे की दिव्यांगता की स्थिति का चिकित्सकीय आकलन किया जाता है। जांच के आधार पर यह निर्धारित किया जाता है कि संबंधित बच्चे को किस प्रकार के सहाय्य उपकरण की आवश्यकता है। आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राई साइकिल सहित अन्य उपयोगी उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। इसके लिए बच्चों का सही तरीके से पंजीकरण और चिकित्सकीय मूल्यांकन जरूरी है। जाँच-सह-मूल्यांकन का कार्य असैनिक शल्य चिकित्सक सह-मुख्य



चिकित्सा पदाधिकारी, अरवल द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के चिकित्सा पदाधिकारियों की देखरेख में किया गया। मेडिकल बोर्ड के माध्यम से बच्चों की दिव्यांगता की स्थिति का आकलन कर आवश्यक रिपोर्ट तैयार की जानी है, जिसके आधार पर पात्र बच्चों को उनकी जरूरत के अनुरूप सहाय्य उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर में पहुंचे अभिभावकों का कहना था कि दिव्यांग बच्चों को लेकर वे काफी उम्मीद के साथ शिविर में पहुंचे थे। बच्चों को लाने-ले जाने में उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण कई बच्चों की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अभिभावकों ने कहा कि शिविर से पहले यूडीआई पोर्टल सहित अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच कर ली जानी चाहिए थी, ताकि शिविर के दौरान किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं होती। शिविर के आयोजन को लेकर संबंधित विभाग की ओर से पर्याप्त तैयारियां नहीं किए जाने की बात भी सामने आई। आवश्यक तकनीकी एवं अन्य व्यवस्थाओं के अभाव में शिविर में पहुंचे दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से ऑनलाइन पंजीकरण में आ रही समस्या ने पूरी प्रक्रिया को प्रभावित किया। अभिभावकों ने मांग की कि भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे शिविरों से पहले पोर्टल एवं इंटरनेट से संबंधित तकनीकी व्यवस्था की पूरी तरह जांच कर ली जाए। अभिभावकों ने यह भी कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित होने वाले शिविर सामान्य शिविरों से अलग होते हैं। कई बच्चे चलने-फिरने में असमर्थ होते हैं या उन्हें अन्य प्रकार की शारीरिक परेशानियां होती हैं। ऐसे में उनके बैठने, जांच कराने, ऑनलाइन पंजीकरण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था पहले से होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शिविर में आने वाले बच्चों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। बताया गया कि शिविर के माध्यम से जिले के चिन्हित दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहाय्य उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। हालांकि, तकनीकी समस्या के कारण जिन बच्चों की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी, उनके लिए आगे की कार्रवाई किस प्रकार की जाएगी, इसे लेकर अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी रही। अभिभावकों ने उम्मीद जताई कि विभाग जल्द ही तकनीकी समस्या का समाधान कर शेष बच्चों की जांच एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराएगा, ताकि कोई भी पात्र दिव्यांग बच्चा सहाय्य उपकरण से वंचित न रह जाए।

## ललित कला नाट्य परिषद कुबरी के सक्रिय सदस्य की हुई आकस्मिक मौत

**लोगों ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजली**

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** करपी प्रखंड क्षेत्र के केयाल पंचायत अंतर्गत कुबरी ग्राम निवासी एवं ललित कला नाट्य परिषद कुबरी के सक्रिय सदस्य रहे शिवपूजन शर्मा की आकस्मिक मौत से उनके जानने पहचानने वाले लोग आहत है । कलाकार एवं समाजसेवी रहे शिवपूजन शर्मा के निधन से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। कुबड़ी ग्राम निवासी शिवपूजन शर्मा उर्फ शिवपूजन सहाय का निधन लंबी बीमारी के बाद हो गया।बीमारी के दरम्यान उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था। उन्होंने अपनी अंतिम सांस अपने मातृभूमि में ही लिया । स्व शिवपूजन शर्मा का जन्म 15 अगस्त 1957 को हुआ था।ग्रामीणों ने बताया कि वे युवा अवस्था से ही सामाजिक कार्यों में अपना अधिक समय लगाया करते थे। युवा काल में ही वे ललित कला नाट्य परिषद से जुड़े और अपनी कला को नाटक के माध्यम से समाज में रखा। स्व सहाय जी ग्रामीण स्तर पर रामचरितमानस पाठ से लेकर अन्य संगीत गोष्ठी में सदैव तत्पर रहते थे।इनकी आकस्मिक निधन से घर के साथ-साथ पूरे पंचायत में मातम छाया हुआ है। उनके परिवार ने बताया कि जीवन के अंतिम दिनों में उनकी हार्दिक इक्षा थी कि उनका दाह संस्कार गांव पर ही हो।

### दरधा नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक: ₹1521.61 लाख की डीपीआर तैयार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति की बैठक जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें जिले की नदियों, विशेषकर दरधा नदी के संरक्षण, गाद निकासी, प्रदूषण नियंत्रण और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि दरधा नदी की सफाई और गाद निकासी के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल द्वारा ₹1521.61 लाख का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (उ्रढफ) तैयार कर विभाग को भेजा गया है। डीएम ने इसे प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। संगम घाट से जफरगंज पुल तक पहले चरण के तहत रिवर फ्रंट विकास की योजना बनाने के लिए 'बुडको' को निर्देशित किया गया।

## पुलिस की छापेमारी में चोरी की भैंस के साथ दो पिकअप और स्कॉर्पियो बरामद

**मेहंदिया (एनएसबी)।** पटना के पिपरा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही भैंस चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस ने मेहंदिया थाना क्षेत्र के वलिदाद नट बिगहा में शनिवार की सुबह छापेमारी कर दो पिकअप वाहनों से पांच भैंस एवं एक बच्चा तथा एक स्कॉर्पियो बरामद की। करीब चार घंटे तक चली कार्रवाई में पिपरा थाना पुलिस ने मेहंदिया थाना पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। पुलिस की भनक लगते ही पशु चोरी एवं तस्करी से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, पिपरा थाना क्षेत्र में लगातार भैंस चोरी की घटनाएं हो रही थीं। जांच के क्रम में पिपरा थाना पुलिस को पता चला कि चोरी की भैंसों को मेहंदिया थाना क्षेत्र के वलिदाद नट बिगहा में रखा गया है। इसके बाद पिपरा थाना की पुलिस टीम मेहंदिया पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से शनिवार की सुबह बताए गए ठिकाने पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पिकअप, मैजिक बी आर01 जी क्यू 8891 से दो भैंस बरामद की गईं। वहीं पिकअप बीआर 01 जीएन0973 से तीन भैंस एवं एक भैंस का बच्चा बरामद हुआ। इसके अलावा स्कॉर्पियो इफ01जे डब्लू 2320 को भी पुलिस ने बरामद कर सत्यापन के लिए कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार, उक्त स्कॉर्पियो का इस्तेमाल घटना से पहले रेकी के लिए किए जाने की आशंका है। करीब चार घंटे चली कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी बरामद पशुओं और वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस अब बरामद भैंसों के संबंध में सत्यापन करने के साथ ही पशु चोरी एवं तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटा रही है। मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि वलिदाद नट बिगहा में पिपरा थाना पुलिस के सहयोग से हुई छापेमारी में दो पिकअप से पांच भैंस एवं एक बच्चा तथा एक स्कॉर्पियो बरामद हुई है। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। पशु चोरी और तस्करी में शामिल लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही मामले में और कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है।


छापेमारी करती पुलिस।

**लाल चना-चावल खाकर जांची MDM की गुणवत्ता, कम उपस्थिति पर दिए निर्देश**

## खबरें : एक नजर में

### पदाधिकारियों की टीम ने चेचर स्थित बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया

**बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के वरीय पदाधिकारियों की टीम ने चेचर स्थित बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया।वही गंगा नदी किनारे गोपालपुर घाट स्थित जे टी का निरीक्षण किया।जे टी के माध्यम से गंगा नदी का जल अंडर ग्राउंड पाइप के माध्यम से चेचर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचती है, उसके बाद जल का कर्मियों के द्वारा तकनीकी रूप से शोधन जला पूर्ति वैशाली जिले के तीन प्रखंडों के 28 पंचायतों के 159 वार्डो में 28 हजार 240 घरों में जलापूर्ति किए जाते है। विदित हो कि जिले के बिदुपुर प्रखंड के चौदह पंचायतों के 89 वार्डो, हाजीपुर प्रखंड के नौ पंचायत के पचास वार्डो, एवं देसरी प्रखंड के पांच पंचायतों के बीस वार्डो में गंगा जल का शोधन कर आर्सेनिक प्रभावित गांवो में जलापूर्ति किए जा रहे है।इन अधिकारियों के टीम ने विदुपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर आस पास के लोगों से भी बातचीत के फीडबैक अधिकारियों ने लिए । इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता,अधीक्षण अभियंता ,कार्यपालक अभियंता ,सहायक अभियंता,कनीय अभियंता सहित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कर्मी अरुण भगत ,प्रोजेक्ट मैनेजर सौरभ झा,चंद्रमोहन सिंह आदि भी उपस्थित थे। अधिकारियों के दल ने ट्रीटमेंट प्लांट कर्मियों से जल शोधन के संबंध में भी पूछताछ किए और जल की सफाई किस तरह किया जाता है उसके संबंध में विस्तृत रूप से और जलापूर्ति के संबंध में भी जानकारी लिए।


ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण।

### प्रतियोगिताओ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**महुआ (दैनिक नवसंदेश)।** महुआ नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में शनिवार के को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 60 छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर महुआ के प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ वर्णवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने भी अपने हाथों में छात्राओं को पुरस्कार वितरण करते हुए उनकी हौसलाअफजाई की। वही शिक्षक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, राजेश मिश्रा, कुमार सरोज, संजीव कुमार, रोहित कुमार, मजहबीन खातून,रीना कुमारी और कांति देवी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय में पेंटिंग, रंगोली, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी, संगीत, सांस्तिक कार्यक्रम और भाषण प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इन प्रतियोगिताओं में कुल 60 छात्राओं ने भाग लिया था, जिनके परिणाम सम्मान समारोह में घोषित किए गए।


पुरस्कृत छात्राएं।

### पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की पहल

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन, जिला इकाई मुजफ्फरपुर की ओर से अप्पू पार्क, मुजफ्फरपुर समाहरणालय कैंपस स्थित संगठन के पदाधिकारियों को परिचय पत्र पहनाकर सम्मानित कर संगठनात्मक जिम्मेदारियों के प्रति सक्रिय किया गया। आई-कार्ड वितरण कार्यक्रम इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन बिहार के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष एवं वरीय पत्रकार संतोष कुमार के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष मंजय कुमार (ब्यूरो प्रमुख, न्यूज लाइन नेटवर्क), जिला वरीय उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव कुशवाहा (चीफ एडिटर, मौर्यध्वज एक्सप्रेस), जिला महासचिव राहुल कुमार राणा (ब्यूरो प्रमुख, सहारा समय डिजिटल), जिला सचिव धर्मचंद यादव (चीफ एडिटर, टॉप न्यूज), जिला सचिव उमाशंकर गिरी (चीफ एडिटर, जागृति न्यूज), जिला सचिव गनौर पासवान उर्फ राजू (संवाददाता, न्यूज लाइन नेटवर्क) तथा जिला प्रवक्ता सुशील कुमार (संपादक, मुजफ्फरपुर इंपैक्ट न्यूज) सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हमारी कलेक्टर दीदी कार्यक्रम में मिला करियर मार्गदर्शन

**डीएम ने सफलता के लिए सकारात्मक सोच, अनुशासन और निरंतर प्रयास को बताया जरूरी**

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा 'हमारी कलेक्टर दीदी' कार्यक्रम के 10वें संस्करण के अंतर्गत पुष्करणी सभागार, समाहरणालय परिसर, हाजीपुर में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं से हुई। विद्यार्थियों ने करियर निर्माण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा में सफलता की रणनीति तथा असफलता के बाद आगे की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी से अनेक प्रश्न पूछे। जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सहज एवं संवादात्मक ढंग से उत्तर देते हुए उन्हें सकारात्मक सोच, संयम, धैर्य और निरंतर मेहनत के महत्व के बारे में बताया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए किसी एक माध्यम का होना आवश्यक नहीं है। विद्यार्थी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं। किसी भी परीक्षा में सफलता के लिए ईमानदारी से निरंतर मेहनत, अनुशासन और धैर्य आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को असफलता से निराश न होने की सलाह देते हुए कहा कि किसी परीक्षा में सफलता नहीं मिलने पर अपनी तैयारी का मूल्यांकन करना चाहिए और यह समझने का प्रयास करना चाहिए कि कमी कहाँ रह गई। कमियों को दूर करते हुए बेहतर तैयारी के साथ पुनः प्रयास करना चाहिए।


छात्राओं को सफलता का टिप्स देती डीएम वर्षा सिंह।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों को एनसीईआरटी. की कक्षा 5वीं से 12वीं तक की पुस्तकों के अध्ययन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से अच्छे समाचार-पत्र पढ़ने, समसामयिक घटनाओं (करेंट अफेयर्स) की जानकारी रखने तथा ऑनलाइन माध्यमों से भी परीक्षा की तैयारी करने की सलाह दी।

उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने के लिए अपने आसपास तथा समाज में घटित होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक एवं समसामयिक विषयों की भी समझ विकसित करनी चाहिए।

विद्यार्थियों द्वारा स्मार्टफोन के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित प्रश्न पूछे जाने पर जिला पदाधिकारी ने बताया कि स्मार्टफोन और अनलाइन संसाधनों का सकारात्मक एवं अध्ययनपरक उपयोग कर विद्यार्थी अपनी रुचि की परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक का उपयोग ज्ञानवर्धन एवं तैयारी के लिए करने के लिए प्रेरित किया।

जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि आर्थिक कठिनाइयों को अपनी पढ़ाई में बाधा नहीं बनने देना चाहिए। आवश्यकतानुसार उच्च शिक्षा एवं पढ़ाई के लिए उपलब्ध शैक्षणिक ऋण जैसी सुविधाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाया जा सकता है।

कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं को सैंपल प्रश्न, नोटबुक एवं पेन भी उपलब्ध कराया गया।

## रूस्तमपुर थाना अंतर्गत दिनदहाड़े हत्याकांड का उद्‌भेदन, 2 गिरफ्तार

**आपसी दुश्मनी में दोस्तो ने ही मारी थी गोली**

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली पुलिस ने रूस्तमपुर थाना अंतर्गत हत्याकांड का सफल उद्‌भेदन करते हुए 02 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। वैशाली के एसपी शुभांक मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया कि विगत 19 अगस्त को रूस्तमपुर थानान्तर्गत कुछ अपराधकर्मियों के द्वारा बिदुपुर कच्ची दरगाहा सिक्स लेन पुल पर अंशुमान कुमार, पे श्री सुनील कुमार सिंह की हत्या कर दी गई थी। गठित विशेष टीम के द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान, सीडीआर विश्लेषण एवं तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, जिस क्रम में संदिग्ध अभिनय कुमार को 01 देशी पिस्टल एवं 04 जिन्दा कारतूस के साथ कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लेन पाया नं0-24 के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में अभिनय कुमार पे- लालबहादुर राय, के द्वारा उक्त हत्या की घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों के बारे में बताया गया। इसकी निशानदेही पर घटना में लाईनर की भूमिका निभा रहे रौशन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि घटना का कारणः 2024 में अभिनय कुमार को पेट में गोली लगी थी जो मृतक अंशुमान के द्वारा चलाया गया था। किसी प्रकार से इस मामले में अंशुमान का नाम केस में नही आ सका था। इसी बात को लेकर अभिनय काफी दिनों से आक्रोशित था तथा गिरोह के अन्य अभियुक्तों के साथ अंशुमान का आपसी विवाद तथा झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर सम्पूर्ण घटना की साजिश रची गई थी। अभिनय एवं अंशुमान का मित्र रौशन कुमार जो कि घटना के दिन मृतक के मोटरसाइकिल के पीछे ही बैठा था, वह हत्या के षडयंत्र में शामिल था एवं घटना के दिन लाईनर की भूमिका निभा रहा था। जिस बीच उसने अभिनय को 03 बार कल के माध्यम से अंशुमान का लोकेशन दिया था, जिसे दो बाईक पर सवार अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर अंशुमान की हत्या कर दी गई।


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसपी।

## ड्रॉपआउट बच्चों के जागरूकता सम्बंधी विद्यालय में बैठक हुई


जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के मार्गदर्शन में हाजीपुर के राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, मीनापुर राई अस्तीपुर में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय से ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और बाल विवाह, बाल श्रम व बाल यौन शोषण जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम के प्रति जागरूकता लाना था। बैठक में शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों ने बच्चों के विद्यालय छोड़ने के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। सभी ने ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर उन्हें वापस स्कूल लाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने की, संचालन डीएलएसए के अधिकार मित्र संतोष कुमार द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने विद्यालय को बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध बताते हुए ड्रॉपआउट बच्चों को वापस लाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में अंजली पांडेय, मिंटू कुमारी,सविता कुमारी, सोनम प्रियदर्शनी, गिरीनंदिनी कुमारी ,साधना कुमारी, बबिता कुमारी, स्वीटी शर्मा, सोनी यादव,सोनम सिंह, रानी स्नेहा सिंह,नीलम कुमारी,रूपम कुमारी,अंशु कुमारी,श्वेता कुमारी आदि मौजूद थे।

## 750 रुपया प्रति क्विंटल गन्ना का दाम घोषित करो : बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने गन्ना उत्पाद में लागत मुल्यों का पुरा ब्यौरा मुख्य मंत्री, गन्ना उद्योग विकास मंत्री ,गन्ना सचिव एवं गन्ना आयुक्त को ईमेल भेज कर नये पेराई सीजन 2026-27 के लिए गन्ना का मूल्य कम से कम 750 रू प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की।

गन्ना किसानों को संबोधित करते हुए बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह एवं महासचिव प्रो आनन्द किशोर ने कहा कि बिहार सरकार को भेजे गये ईमेल में हमने मांग की है कि नये चीनी मिलों को चालू कराने हेतु गन्ना खेती को बिहार में बढावा देने के लिए यदि मुख्य मंत्री गंभीर है, तो गन्ना उत्पादकों को गन्ना का लाभकारी कीमत सुनिश्चित करना होगा।

गन्ना मूल्य तय कराने में सी एम खुद पेशकदमी ले और किसानों के बढते लागत मुल्य की समीक्षा कर अगले सीजन का गन्ना मूल्य तय करायें।

सरकारी वायदा तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लागत का ड्योढा दाम देने का है।

किसान नेताओं ने कहा कि गन्ना तो अनमोल चीज है। एक गन्ना से मिलर चीनी, ईथेनाल,खाद, बिजली,पेपर एवं गत्ता आदि कई प्रकार का उत्पादन करता है। उन सभी उत्पादों का लाभ गन्ना किसानों को दिलाने की गारंटी सरकार करें।किसानों के जीवन में खुशहाली लाने तथा गन्ना खेती को बढावा के लिए किसानों को लागत मल्य तो मिलना हीं चाहिए।वाजिब दाम नहीं मिलने के कारण किसान गन्ना खेती बरी तेजी से छोड़ रहे है। बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने किसानों के साथ विचार-विमर्श कर एक एकड़ गन्ना खेती पर लागत का ब्यौरा तैयार किया है। खेत की तैयारी में ट्रैक्टर खर्चा, ईख बीज,कम्पोस्ट, रासायनिक उर्वरक,मजदूरी आदि खर्चा पर 4 प्रतिशत ब्याज जोड़कर कुल खर्च 128055 आता है और जमीन के न्यूनतम कीमत 15 लाख रू एकड पर 4 प्रतिशत ब्याज जोडने पर कुल लागत खर्च 188055 रू आता है।


गन्ना किसानों को संबोधित करते नेता।

## खबरें खास-खास

### गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**तटीय एवं दियारा क्षेत्रों में सुरक्षा एवं राहत-बचाव की तैयारियां सुदृढ़**

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश के आलोक में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक एहतियाती एवं सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं। ऊपरी क्षेत्रों में हो रही भारी वर्षा तथा विभिन्न सहायक नदियों में बढ़े जलप्रवाह के कारण गंगा के जलस्तर में वृद्धि की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। केंद्रीय जल आयोग एवं जल संसाधन विभाग के स्तर से जलस्तर एवं नदी के प्रवाह की सतत निगरानी की जा रही है तथा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। गंगा नदी के प्रवाह से प्रभावित होने वाले संभावित निचले एवं दियारा क्षेत्रों, विशेषकर राघोपुर, बिदुपुर, हाजीपुर सदर, महनार, सहदेई बुजुर्ग एवं देसरी अंचलों में प्रशासनिक तंत्र को पूरी तरह अलर्ट मोड में रखा गया है। संबंधित अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर तटबंधों, सुरक्षा बांधों, जलभराव वाले स्थलों एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेने तथा आवश्यकता के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।


निरीक्षण करते अधिकारी ।

नदी में बढ़े जलस्तर के मद्देनजर नावों के सुरक्षित परिचालन को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। नावों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों के सवार होने की स्थिति को रोकने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोटर वाहन निरीक्षक एवं संबंधित अंचल अधिकारियों द्वारा घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। नावों के परिचालन के दौरान सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राघोपुर अंचल के चकसिंगार पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव में पानी फैलने के कारण स्थानीय लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए अंचल प्रशासन द्वारा नावों का परिचालन प्रारंभ कराया गया है। इसके अतिरिक्तरुस्तमपुर एवं चकऔसन घाट पर भी आमजन की सुविधा एवं आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जिले की सीमा में स्थित सभी तटबंध एवं सुरक्षा बांधों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जल संसाधन विभाग के अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों के साथ-साथ गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को तटबंधों की नियमित निगरानी एवं गश्ती में लगाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति की तत्काल पहचान कर आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की जा सके।

किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाजीपुर, महनार, राघोपुर एवं लालगंज मे की टुकड़ियों को रणनीतिक रूप से तैनात रखा गया है। जिला राहत एवं बचाव दल को भी पूरी तरह सक्रिय एवं हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा सके।

समाहरणालय स्थित जिला आपातकालीन संचालन केंद्र , हाजीपुर का नियंत्रण कक्ष 24 घंटे क्रियाशील है। किसी भी आपात स्थिति, जलस्तर में अचानक वृद्धि, तटबंध अथवा सुरक्षा बांध से संबंधित सूचना तथा राहत-बचाव की आवश्यकता की स्थिति में आमजन नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06224-260233 एवं 06224-260234 पर सूचना दे सकते हैं। प्राप्त सूचनाओं पर संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### सावन महोत्सव का आयोजन

**पेड़ लगाए जीवन बचाए : डा. मानव**

**हरनौत (दैनिक नवसंदेश)।** हरनौत प्रखंड स्थित द्वारिकाबीघा के आनंद वाटिका में सावन महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया । मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात समाजसेवी नशा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता डा .आशुतोष कुमार मानव , विशिष्ट अतिथि के रूप में चेरो थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार ,चेरो पंचायत के मुखिया अशोक रजक ,सहित गणमान्य लोग भाग लिए । घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ मधुबनी द्वारा चलाए जा रहे कस्तूरबा महिला मंडल एवं कस्तूरबा किशोरी मंडल के सदस्यों ने सक्रियता से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया । अतिथियों के हाथों उपस्थित लोगों को पेड़ वितरित किया गया । इस अवसर पर समाजसेवी ड़मानव चेरो थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार ,लोक गायक भैया अजीत ,प्रख्यात गायिका रेखा वर्मा ,पर्यावरण स्वास्थ्य सहेली मोनी कुमारी , क्लस्टर कर्डिनेटर सुनील कुमार ,तरुण कुमार आदि के द्वारा बृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का पैगाम दिया गया । मौके पर ड़मानव ने कहा कि बृक्ष धरा का भूषण है ।उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का सलाह दिया । सावन महोत्सव के मौके पर प्रख्यात गायक भैया अजीत एवं गायिका रेखा वर्मा ने अपने सुरीली अंदाज में गीत सुनाकर दर्शकों का मन मोह लिया । महिलाएं एवं किशोरी हरे रंग की वस्त्र में हरियाली का पैगाम दे रही थी । प्रज्ञा सिंह ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया । पर्यावरण स्वास्थ्य सहेली मोनी कुमारी ने कहा कि सावन महोत्सव के बहाने आम लोगो को पर्यावरण सहित प्रति से जुड़ने का संदेश दिया गया ।कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने कजरी नृत्य कर सावन महोत्सव को यादगार बना दिया ।


हरनौत प्रखंड स्थित द्वारिकाबीघा के आनंद वाटिका में सावन महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

### वेतन-पेंशन भुगतान के लिए शिक्षाकर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की स्वायत्तता समाप्त करने संबंधी प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 को रद्द करने, पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा के आलोक में वेतन - पेंशन भुगतान करने, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का परीक्षा परिणाम आधारित वेतन मद बकाया अनुदान राशि को बढ़े हुए मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर शिक्षाकर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने, शासी निकाय सदस्य हेतु विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का मनोनयन एवं शिक्षक प्रतिनिधि की चुनाव प्रक्रिया ससमय पुरा करने , समयबद्ध तरीके से सभी विश्वविद्यालयों में सिनेट सदस्य का चुनाव कराने, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन पारिश्रमिक एवं भत्ते एक समान करने आदि 9 सूत्री मांगों को लेकर संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मियों ने आज शनिवार अपने अपने महाविद्यालय में काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन किया।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब ) के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि महासंघ को प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के दस परंपरागत विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत 190 से अधिक संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के हजारों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों से काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया एवं कालेज परिसर में धरना दिया। फैक्टनेब नेताओं ने बताया कि आन्दोलन की अगली कड़ी में 2 सितम्बर को राज्य एवं विश्वविद्यालय स्तरीय सवालों को लेकर विश्वविद्यालय मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। फैक्टनेब के मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने आन्दोलनकारी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को साधुवाद देते हुए कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर 2 सितम्बर के पश्चात् मुख्यमंत्री के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जायेगा। इस बीच विश्वविद्यालय स्तर से जिला मुख्यालयों में सेमिनार, सम्मेलन एवं गोष्ठी का आयोजन जारी है ।

## कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पटना में बच्चों ने प्रकृति, हरियाली और सावन की संस्कृति का मनाया उत्सव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पुलिस कॉलोनी, अनीसाबाद, पटना में ग्रीन डे सह सावन उत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति प्रेम, हरियाली के महत्व तथा भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं के प्रति जागरूकता एवं सम्मान की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रबंध निदेशक "सुश्री उषा कुमारी" एवं प्रधानाचार्या "सुश्री अंकिता कुमारी" की उपस्थिति में हुई। विद्यालय परिसर को हरे रंग की आकर्षक सजावट, पौधों, पत्तियों, फूलों एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों से सजाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में हरियाली और सावन की मनमोहक छटा देखने को मिली।

ग्रीन डे के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हरे रंग की पोशाक पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हरे रंग के विभिन्न परिधानों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों को पेड़-पौधों, स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण तथा प्रति के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।


कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पुलिस कॉलोनी, अनीसाबाद, पटना में ग्रीन डे सह सावन उत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया।

सावन उत्सव के दौरान बच्चों ने सावन के पारंपरिक गीतों, नृत्य एवं सांस्तिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोक संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। सावन की रिमझिम फुहार, हरियाली, झूले और लोकगीतों से जुड़ी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

विद्यालय की प्रबंध निदेशक "सुश्री उषा कुमारी" ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें प्रकृति, पर्यावरण, भारतीय संस्कृति और हमारी समृद्ध परंपराओं से जोड़ना भी आवश्यक है। उन्होंने सभी बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या "सुश्री अंकिता कुमारी" ने कहा कि ग्रीन डे और सावन उत्सव का आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक अनुभव भी है। उन्होंने कहा कि प्रति हमारी जीवनरेखा है और बच्चों में बचपन से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं प्रस्तुतियों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिसर में सावन से जुड़े पारंपरिक गीतों और सांस्तिक गतिविधियों ने उत्सव को और भी आकर्षक बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन ने बच्चों में प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, सांस्तिक मूल्यों और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत किया।

"कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर" द्वारा आयोजित यह ग्रीन डे सह सावन उत्सव बच्चों के लिए आनंद, संस्कृति, प्रकृति और रचनात्मकता का सुंदर संगम साबित हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा तथा बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।